दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 07 | जयपुर | शनिवार, 09 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## बीजापुर एनकाउंटर में 2 नक्सली ढेर... दोनों शव बरामद

### सुबह से चल रही थी सुरक्षाबलों-माओवादियों के बीच मुठभेड़, 1 SLR राइफल भी जब्त

बढ़ता राजस्थान

**बीजापुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार की सुबह सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में जवानों ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है। शुक्रवार सुबह 11 बजे से रुक-रुककर फायरिंग चल रही थी। फिलहाल, गोलीबारी रुक गई है। सर्च ऑपरेशन में मौके से जवानों ने 2 नक्सलियों का शव, 1 स्क्र राइफल समेत बड़ी मात्रा में अन्य सामान बरामद किया है। बस्तर ढ्ल सुंदरराज पी ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। बस्तर में पिछले 11 महीने में 191 नक्सली मारे गए हैं और 208 हथियार बरामद हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि उसूर-बासागुड़ा-पामेड़ इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर जवानों को ऑपरेशन पर भेजा गया। शुक्रवार की सुबह 11 बजे से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी हो गई। नक्सलियों को कितना नुकसान हुआ है ये अभी स्पष्ट नहीं है। सारे जवान सुरक्षित हैं।

## कांग्रेस केवल सत्ता में आना चाहती है, धारा 370 पर रुख साफ करे; राहुल गांधी और कांग्रेस ने देश को तोड़ने की बात कही : राज्यवर्धन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने धारा 370 को लेकर कांग्रेस के स्टैंड पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा- जम्मू-कश्मीर विधानसभा में धारा 370 की बहाली को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जो प्रस्ताव पास किया, उसका कांग्रेस ने समर्थन किया। मैं ये सवाल पूछना चाहता हूं क्या बाबा साहब अंबेडकर का बनाया संविधान वहां लागू नहीं होना चाहिए। कश्मीर के अंदर एक बहुत बड़े रूप से दलित, महिलाओं, बच्चों और जो शरणार्थी पाकिस्तान से आए उन लोगों को अधिकार मिला। यह पहली बार है, वहां के दलित, वाल्मीकि समाज के लोगों ने मतदान किया। क्या कांग्रेस पार्टी इस अधिकार को छीनना चाहती है। राठौड़ जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। राठौड़ ने कहा कि हमारे सामने एक गंभीर मुद्दा आया है, जो न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश की जनता को विचलित करता है। उन्होंने सवाल उठाया कि हम आने वाली पीढ़ी को कैसा भारत देना चाहते हैं? क्या हम एक खंडित भारत सौंपना चाहते हैं? राठौड़ ने कहा कि धारा 370 हटने के बाद से कश्मीर में शांति आई है।

### पंजाब में धान खरीद पर बोले केंद्रीय मंत्री बिट्टू

## बयानों से न घबराएं, दाना-दाना खरीदेगी एजेंसियां; 44 हजार करोड़ जारी किए, और भी करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** पंजाब की मंडियों से जब तक धान की पूरी खरीद नहीं हो जाती है, तब तक केंद्रीय एजेंसियों द्वारा खरीद जारी रखेगी जाएगी। यह जानकारी केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने कहा कि अब तक केंद्र सरकार ने 44 हजार करोड़ रुपए जारी किए गए है। वहीं, जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त राशि जारी की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट डालकर यह जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है कि कुछ नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयानों से घबराने की जरूरत नहीं है।

### जब तक खरीद नहीं होती, मंडियां बंद नहीं होगी

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि - केंद्रीय एजेंसियां मंडियों में तब तक खरीद जारी रखेंगी, जब तक कि एक-एक दाना नहीं खरीदा जाता है। केंद्र सरकार ने पंजाब में खरीद के लिए पहले ही 44,000 करोड़ रुपए आवंटित कर दिए हैं और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त धनराशि देने के लिए तैयार है। जब तक एजेंसियों द्वारा सारा अनाज नहीं खरीदा जाता, तब तक कोई भी मंडी बंद नहीं होगी।



# 45 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों के एमओयू साइन हुए

### कांग्रेस के छोटे एमओयू के तंज पर सीएम बोले- आप भी छोटे से बड़े हुए हो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर, जयपुर ग्रामीण और दूदू जिलों की इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन शुक्रवार को जयपुर में आरआईसी सेंटर में हुआ। इसमें 45 हजार करोड़ के 263 निवेश प्रस्तावों के एमओयू साइन किए। समिट में शामिल हुए मुख्यमंत्री भजनलाल ने कांग्रेस के उस तंज का जवाब दिया, जिसमें छोटे ही एमओयू होने की बात कही थी। सीएम ने कहा- कोई आदमी छोटे से शुरू होकर ही बड़ा होता है। आप भी पहले छोटे ही थे। बाद में छोटे से ही बड़े हुए हैं।

इनवेस्टर्स मीट को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा- हम छोटे एमओयू को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि गांव, कस्बों और छोटे शहरों में छोटी-छोटी औद्योगिक यूनिट्स लगे, ताकि लोकल स्तर पर ही लोगों को रोजगार मिल सके। लोगों को काम की तलाश में बड़े शहरों की तरफ न आना पड़े।

### 18 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हुए

सीएम ने बताया- हर जिला स्तर पर समिट कराने का उद्देश्य स्थानीय स्तर के व्यापारियों को सहूलियत और सुविधाएं देना है। ताकि वह स्टेट से बाहर जाने के बजाए यहीं अपने लघु, कुटीर उद्योग धंधे स्थापित करके स्थानीय लोगों को रोजगार दे सकें। अब तक देश-विदेश में हमने 18 लाख करोड़ रुपए के एमओयू कर लिए हैं।

### वन नेशन, वन टेरिफ की मांग

बैठक में मौजूद कुछ उद्यमियों ने कहा- एमओयू होने के बाद इंडस्ट्री लगाने में कई समस्या आती है। इसमें सबसे प्रमुख बिजली टेरिफ है। उन्होंने मांग की पूरे देश में वन नेशन- वन टेरिफ होना चाहिए, ताकि सभी कोई एक ही दर पर और सस्ती रेट्स पर बिजली उपलब्ध हो सके।



### 2 लाख से ज्यादा को मिलेगा रोजगार

समिट की जानकारी देते हुए जिले के प्रभारी सचिव अर्पणा अरोड़ा ने बताया- आज करीब 45 हजार 536 करोड़ रुपए के एमओयू हुए है। इन एमओयू के धरातल पर आने के बाद इनसे करीब 2 लाख 6 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से नौकरियां और रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया- इन एमओयू में जेम्स एंड ज्वेलरी, मेडिकल, स्पोर्ट्स, गारमेंट, वेयरहाउस, ई-वेस्ट, केबल, रीयल एस्टेट, ऑयल रिफायनरी एवं टेक्सटाइल सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों के निवेशकों ने नई औद्योगिक इकाइयां लगाने पर रुचि दिखाई। इसमें मुख्य रूप से जैम्स बूर्स ने 11 हजार करोड़, गो अभ्यारण के लिए 3 हजार करोड़, ऑयल रिफाइनरी के लिए 1 हजार 500 करोड़, एवीए इडिबल ऑयल की ओर से 1 हजार 200 करोड़, क्रेडाई ने 1 हजार करोड़, मंगलम समूह ने औद्योगिक पार्क के लिए 1 हजार करोड़ के एमओयू किए।

## सीजेआई चंद्रचूड़ का आखिरी वर्किंग डे, भावुक हुए पिता के फ्लैट खरीदने का किस्सा सुनाया, बोले- उन्होंने कहा था, छत के लिए समझौता नहीं करना

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे, लेकिन उससे पहले 8 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में उनका आखिरी वर्किंग डे था। सीजेआई चंद्रचूड़ की विदाई के लिए सेरेमोनियल बेंच बैठी। वहीं, शाम को विदाई समारोह रखा गया।

इस समारोह में सीजेआई ने कहा कि मैं दिल से सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरी मां ने मुझे बचपन में कहा था कि मैंने तुम्हारा नाम धनंजय रखा है। लेकिन तुम्हारे %धनंजय% का %धन% भौतिक संपत्ति नहीं है। मैं चाहती हूं कि तुम ज्ञान अर्जित करो...।

सीजेआई ने अपने पिता से जुड़ा एक किस्सा भी सुनाया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता ने पुणे में एक छोटा सा फ्लैट खरीदा। मैंने उनसे पूछा, आप पुणे में फ्लैट क्यों खरीद रहे हैं? हम वहां कब रहने जाएंगे?

उन्होंने कहा, मुझे पता है कि मैं वहां कभी नहीं रहने वाला। मुझे नहीं पता कि मैं कितने समय तक तुम्हारे साथ रहूंगा, लेकिन इस फ्लैट को तब तक रखना जब तक तुम जस्टिस के रूप में अपनी सेवा पूरी नहीं कर लेते।

मैंने पूछा, ऐसा क्यों? तो उन्होंने कहा कि अगर कभी तुम्हें लगे कि तुम्हारी नैतिकता या बौद्धिक ईमानदारी से समझौता हो रहा है, तो मैं चाहता हूं कि तुम्हें यह पता हो कि तुम्हारे सिर पर छत है। मेरे पिता ने कहा कि वकील या जज रहते हुए कभी भी ये सोचकर अपने उसूलों से समझौता मत करना कि तुम्हारे पास अपना घर नहीं है.



आखिरी दिन सीजेआई ने 45 केस सुने जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के आखिरी वर्किंग डे पर सेरेमोनियल बेंच की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग हुई। इस बेंच में उनके साथ जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस जेबी पारदीवाला, वरिष्ठ वकीलों के अलावा 10 नवंबर से सीजेआई का पद संभालने वाले जस्टिस संजीव खन्ना भी शामिल हुए। जस्टिस खन्ना देश के 51वें सीजेआई होंगे।

जस्टिस चंद्रचूड़ 13 मई 2016 को बतौर सिटिंग जज, इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से सुप्रीम कोर्ट में प्रमोट किए गए थे। अपने कार्यकाल में सीजेआई चंद्रचूड़ 1274 बेंचों का हिस्सा रहे। उन्होंने कुल 612 फैसले लिखे।

सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जजों में सीजेआई चंद्रचूड़ ने सबसे ज्यादा फैसले लिखे हैं। आखिरी दिन भी उन्होंने 45 केस की सुनवाई की।

## 'संडे मार्केट' ग्रेनेड हमला मामले में बड़ा एक्शन लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बिरदी ने यह भी बताया कि यह हमला पाकिस्तान स्थित आतंकी आकाओं के इशारे पर किया गया था, जिनका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और शांति को भंग करना था। तीनों आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ यूएपीए [गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम] के तहत मामला दर्ज किया गया है। आतंकवादियों ने क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के प्रयास में एक साप्ताहिक कबाड़ी बाजार में एक फ्लाईओवर से हथगोले फेंके। ग्रेनेड एक अर्धसैनिक वाहन के पास गिरे और फट गए, जिससे 12 नागरिक घायल हो गए। लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े तीन आतंकी सहयोगियों को श्रीनगर में ग्रेनेड हमले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। इस हमले में सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया और 12 नागरिक घायल हो गए।






## राहुल गांधी बोले- नोटबंदी ने एमएसएमई को तबाह किया

### 8 साल पहले की तुलना में आज लोगों के पास ज्यादा कैश; जीडीपी का चार्ट शेयर किया

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। 8 नवंबर 2016 को पीएम मोदी ने देश में नोटबंदी लागू की थी। आज इस घटना को 8 साल पूरे हुए। नोटबंदी की 8वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीटर पोस्ट में कहा- नोटबंदी ने एमएसएमई और अनौपचारिक क्षेत्र को तबाह करके एकाधिकार को बढ़ावा दिया है। भारत में आज 8 साल पहले की तुलना में अधिक कैश का यूज हो रहा है। राहुल ने कहा कि अक्षम और गलत इरादे वाली नीतियां जो व्यवसायों के लिए भय का माहौल बनाती हैं, ये भारत की आर्थिक क्षमता को खत्म कर देंगी। गांधी ने एक चार्ट भी शेयर किया है। जिसमें दिखाता है कि कैसे जनता के पास नकदी 2013-14 में जीडीपी के 11 प्रतिशत से घटकर 2016-17 में 8 प्रतिशत



हो गई थी और अब 2020-21 में जीडीपी के 14 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

पीएम मोदी ने 8 नवंबर 2016 को नोटबंदी लागू की थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 नवंबर 2016 को देश के नाम संदेश में आधी रात से 500 और 1000 रुपए के पुराने नोट बंद करने का ऐलान किया था। यानी प्रधानमंत्री की घोषणा के 4 घंटे बाद ही ये पुराने नोट चलन से बाहर हो गए थे।

इस मामले में केंद्र सरकार ने कहा था कि नोटबंदी का फैसला रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की सिफारिश पर ही लिया गया था। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंचा था।

अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा था कि नोटबंदी सरकार का बिना सोचा-समझा कदम नहीं था, बल्कि आर्थिक नीति का हिस्सा था। उन्होंने कहा था कि आरबीआई और केंद्र सरकार एक-दूसरे के साथ सलाह-मशविरा करते हुए काम करते हैं।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## भूमाफिया गिरोह का पर्दाफाश : गिरोह के दो सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

# आरोपी सुनसान खाली प्लाटों पर गृह निर्माण सहकारी समितियों के फर्जी पटटे बनाकर करते थे कब्जा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुनसान खाली प्लाटों पर फर्जी पटटे बनाकर कब्जा करने वाले भूमाफिया गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से गृह निर्माण सहकारी समिति के कई खाली पटटे व सोसायटी पदाधिकारियों की मोहरें भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित बनवारीलाल जाट व ओमप्रकाश टेलर ने इन्द्रानगर गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा सृजित आवासीय योजना कपिल विहार में कई प्लाटो के फर्जी पट्टा बनाकर उनका फर्जी विक्रय पत्र व रजिस्ट्री से प्लाटों पर कब्जा करते थे। इसके अलावा आरोपी फर्जी पटटे से प्लॉट पर बिजली का कनेक्शन ले लेते थे। आरोपित बनवारी लाल जाट ने अपने गिरोह के अन्य साथी कुलदीप शर्मा के साथ मिलकर कपिल विहार कॉलोनी के कई फर्जी पटटे बनाकर कई प्लॉटो पर कब्ज़ा किया है। इस प्रकरण में आरोपियों का है एक बड़ा गिरोह जो जयपुर की अनेक कॉलोनीयों के फर्जी पटटे के आधार पर कब्जा कराते है। फिलहाल पुलिस इस प्रकरण के अन्य आरोपीयों की तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुनसान खाली प्लाटों पर फर्जी पट्टा बनाकर कब्जा करने वाले बनवारी लाल जाट निवासी राणोली जिला सीकर हाल करधनी जयपुर और ओमप्रकाश टेलर निवासी बजाज नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जो इन्द्रानगर गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा सृजित आवासीय योजना कपिल विहार में कई प्लाटों के फर्जी पटटे बनाकर उनका फर्जी विक्रय पत्र व रजिस्ट्री से प्लाटों पर कब्जा करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से कपिल विहार योजना सहित जयपुर की अनेक कॉलोनियों-सोसायटी के पट्टे बरामद किये है साथ ही आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कॉलोनियों के नक्शे व फर्जी साईट प्लॅन व इन्द्रानगर गृह निर्माण सहकारी समिति व अन्य सोसायटियों की सील-मोहर बरामद की गयी है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# पुलिस कमिश्नर वैशाली नगर थाने में आज करेंगे जनसुनवाई

## पुलिस थाना वैशाली नगर,करणी विहार,चित्रकूट जयपुर (पश्चिम) के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ नौ नवम्बर(शनिवार) की सुबह ग्यारह बजे से दो बजे तक पुलिस थाना वैशाली नगर में जन सुनवाई करेंगे। इस जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (अपराध) कुँवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त पश्चिम पूर्व अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम, सहायक पुलिस आयुक्त वैशालीनगर संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वृत क्षेत्र वैशाली नगर जयपुर (पश्चिम) के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर द्वारा शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू (जयपुर पश्चिम), प्रताप नगर (जयपुर पूर्व), जयसिंहपुरा खोर (जयपुर उत्तर) एवं जवाहर सर्किल (जयपुर पूर्व)थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

## अवकाश के दिन भी हो सकेंगी रजिस्ट्री

# अब शनिवार एवं रविवार को भी खुलेंगे उप पंजीयक कार्यालय

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राज्य सरकार एवं महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग राज,अजमेर द्वारा दिये निर्देशों के क्रम में आम जनता की सुविधा एवं राजस्व आय प्राप्ति को ध्यान में रखते हुए जयपुर शहर में स्थापित पूर्णकालिक उप पंजीयक कार्यालयों को माह नवंबर एवं माह दिसंबर 2024 में अवकाश के दिनों में शनिवार एवं रविवार को खोले जाने के आदेश जारी किए गए हैं। इससे अवकाश के दिनों में भी रजिस्ट्रीयों एवं पंजीयन मुद्रांक संबंधी समस्त कार्य सम्पादित हो सकेंगें। उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक जयपुर डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि इस हेतु जयपुर शहर में स्थापित पूर्णकालिक उप पंजीयक कार्यालय अवकाश के दिनों में खोले जाने का कार्यक्रम तैयार किया जाकर सभी उप पंजीयक को प्रेषित कर यह निर्देश प्रदान किये हैं कि उक्त अवकाशों के दिनों में दस्तावेजों के पंजीयन एवं अन्य समस्त राजकीय कार्य सम्पादित किये जावें। उल्लेखनीय है कि नौकरी पेशा लोग शनिवार एवं रविवार को अवकाश होने के कारण अपने निजी कार्यों को संपादित करवाने घर परिवार में आते है। ऐसे में अवकाश के दिन उप पंजीयक कार्यालय खुले होने पर उन्हें अतिरिक्त छुट्टी नहीं लेनी पड़ती । ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस के तहत 24 × 7 पंजीयन सुविधा के प्रयासों की श्रृंखला में आमजन को राहत देने के लिए यह पहल की गई है।

# सोशल मीडिया पर शेयर-लाइक करने के नाम पर महिला से डेढ़ लाख की ठगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सोशल मीडिया पर शेयर और लाइक करने के नाम पर एक महिला से डेढ़ लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। मामले की जांच करधनी थाना पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार गोकुलपुरा निवासी सुभांगी कंवर भाटी ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास सोशल मीडिया पर एक लिंक आया। उसमें उनके द्वारा भेजी गई चीजों को शेयर, लाइक करने पर पैसा मिलने की बात कहीं गई। इस पर महिला ने शेयर-लाइक करना चालू कर दिया। इस पर उसके खाते में रुपए भी आने लगे। इस कारोबार में रुपए लगाने के लिए कहा गया। महिला ने रुपए लगाकर पैसा कमाना शुरू कर दिया। लगातार रुपए मिलने से महिला को लालच आ गया। इसके बाद महिला ने तीन बार 50-50 हजार रुपए का आरोपियों की ओर से बताए गए बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसजेक्शन कर दिए।

# स्टार्ट अप, एंजेल इन्वेस्टर्स और विकसित राष्ट्र के रोडमेप से सजा इनोफेस्ट

## पांच करोड़ से अधिक की फंडिंग हुई नए स्टार्ट अप्स की

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** स्टार्ट अप, एंजिल इन्वेस्टर्स, पैनल डिस्कशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स, एग्जिबिशन, सेलिब्रिटी, पब्लिक इंटरेक्शन,.... बदलते और विकसित राष्ट्र बनने की तस्वीर को सभी ने साकार कर दिया। मौका था पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स और फेडरेशन ऑफ यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय महाफेस्ट 'इनोफेस्ट' के दूसरे दिन आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का। दूसरे दिन वूमेन एम्पावरमेंट से सत्र की शुरूआत हुई वहीं विभिन्न पैनल डिस्कशन्स, स्टार्ट अप, प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन और एंजेल इन्वेस्टर्स ने विभिन्न सत्रो में इंटरेक्ट किया। इनोफेस्ट इंडिया के दूसरे दिन क्लोजिंग सेरेमनी में मिलिट्री अफेयर्स एक्सपर्ट लेफ्टिनेंट जनरल डीएस हुडा को सम्मानित किया गया। उन्होंने इस तरह के आयोजनों से विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि तैयार होने की बात कही। पोद्दार ग्रुप के चेयरमेन डॉ. आनंद पोद्दार ने बताया कि विभिन्न इंटरेक्टिव सत्रो में एंजेल इन्वस्टर्स ने स्टार्ट अप्स में 5 करोड से अधिक फंडिंग की। इस दौरान पूरे देश से विभिन्न क्षेत्रों की नामचीन हस्तियां आयोजन में शिरकत करने पहुंची है।

**नेटवर्क ही आपकी नेटवर्थ :** दूसरे दिन वूमन एम्पावरमेंट सत्र में जियो सिनेमा के लॉयन्स डेन के प्रोडक्शन लीड संघमित्रा चौहान, मेहंदी कल्चर की निमिषा पारेख, एएलओ के स्टाफ चीफ नम्रता मुकुंद, बीजेपी महिला मोर्चा की दीपिका राठौड ने संबोधित किया। सूरत से आई मेहंदी आर्टिस्ट निमिषा ने कहा कि कोई भी काम जो आप पैषन से करने का माद्दा रखते हो, वो आपको एक कॅरिअर दे सकता है। नम्रता मुकुंद ने पैनल डिस्कशन में कहा कि आप आगे बढे आपका मार्गदर्शन करने के लिए लोग स्वत: ही आपको मिल जाएंगे। उन्हांने कहा कि आपका नेटवर्क ही आपकी नेटवर्थ है।

**5 ट्रिलियन इकोनॉमी का बताया रोडमेप :** पॉवर ऑफ इंडियन एमएसएमई सेशन में इंडियन ओवरव्यू एंड विजिन फॉर 5 ट्रिलियन इकोनॉमी में एमएसएमई बिजनेस फोरम की चीफ ऑफ स्टॉफ कविता अधिकारी ने संबोधित किया। उन्होंने एमएसएमई को प्रमोट करने के साथ ही इसके आमजन में अवेयरनेस एवं विकास के लिए रोडमेप बताया। इसके साथ ही 10 मिलियन चैलेंजर में गेस्ट ऑफ ओनर के रूप में स्त्रद्बष् जीएम शिल्पी राज पुरोहित एवं डिप्टी कमिश्नर सविता केजरीवाल ने गेस्ट ऑफ होनर के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की।

### स्टार्टअप्स को मिला मंच, मिले मेंटर और गाइडेंस

आयोजन के दौरान विभिन्न स्टार्टअप का प्रेजेंटेशन किया गया। इन्हें बड़ी राशि की फंडों के साथ ही एक्सपर्ट्स की मार्केटिंग, ब्रांडिंग और मेंटरशिप भी मिली। इस दौरान जिनमें दिनेश कुमार केशवानी के स्टार्टअप टम्मी बॉक्स का प्रेजेंटेशन दिया जिसमें बच्चो के लिए न्यूट्रीशन युक्त भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। गायत्री नैयर ने वेस्ट मैनेजमेंट का ऐसा प्लेटफॉर्म स्टार्टअप तैयार किया है, जो बी 2बी स्क्रैप सेल्स के साथ ही इको फ्रेंडली प्रोडक्ट्स को भी प्रमोट करती है। आशीष शर्मा के स्टार्टअप एक्सप्लोरियो एआई पॉवर्ड कम्युनिटी मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म है जिसमें इवेंट्स, मीटअप्स आदि मे बेहतर परिणाम प्राप्त हुए है। इसके साथ ही अक्षय खंडेलवाल के गुड स्टार्ट, पीयूष लकशेसर रेंटल पीई, अंकुर थारवान के स्कूल ऑफ स्किल्स स्टार्टअप, नॉनवेज वेस्ट से वोवन फेब्रिक , शॉल, पेपर जैसी चीजें बनाने वाले स्टार्टअप गोल्डन फेदर आदि का प्रेजेंटेशन किया गया।

# शेखावाटी विश्वविद्यालय में दीपिका मिस फ्रेशर व जितेन्द्र बने मिस्टर फ्रेशर

## फ्रेशर्स पार्टी में स्टूडेंट्स ने दिखाया टेलेंट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां से समां बांधा

बढ़ता राजस्थान



**सीकर ( नि.स. )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में शुक्रवार को नवआगंतुक विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर नए विद्यार्थियों ने रैम्प वॉक की और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में दीपिका मिस फ्रेशर व जितेन्द्र मिस्टर फ्रेशर चुने गए। बेस्ट ड्रेसअप छात्रा का खिताब मुस्कान और बेस्ट ड्रेसअप छात्र देवेंद्र रहा। तीन जजों की कमेटी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर का चयन किया। तीन राउंड के बाद इनका चयन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, हरियाणवी समेत बॉलीवुड गीतों पर विद्यार्थियों ने आकर्षक डांस प्रस्तुत किया और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फ्रेशर्स पार्टी में विद्यार्थियों ने सेल्फी ली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया। विश्वविद्यालय के सीनियर छात्रों नें जूनियर्स को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने परिसर में अनुशासन का पालन करने का आग्रह किया।

### मेहनत और लगन से ही मिलेगा लक्ष्य : कुलपति प्रो. राय

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रो. राय ने कहा कि मेहनत और लगन से ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अनुशासन और प्रबंधन सिखाते है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव श्वेता यादव, उप कुलसचिव (अकादमिक) डॉ. रविन्द्र कटेवा, सहायक उप कुलसचिव (परीक्षा) डॉ. संजीव कुमार समेत फेकल्टी मेम्बर्स उपस्थित थे। मिस्टर और मिस फ्रेशर्स के चयन के लिए निर्णायक मंडल में डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. आरएस चुंडावत,डॉ. बीएस राठौर और डॉक्टर अर्चना शामिल रहीं । सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. रानी सिंह थी। कार्यक्रम का संचालन मीडिया छात्र मनोज कुमार सैन और एमए अंग्रेजी की छात्रा गरिमा ने किया।



# दुपहिया वाहन चुराने वाले दो वाहन चोर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** विधाधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुई दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित घर के बाहर खडी बाइक और स्कूटी को निशाना बनाते है और मौज-मस्ती सहित अन्य शौक के लिए वाहन चोरी की वारदात करते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विधाधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुई दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर लक्ष्मण सिंह उर्फ लक्की और सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपी शास्त्री नगर जयपुर के रहने वाले है। जिनके पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन (स्कूटी) बरामद की है।

# कबाड़ गोदाम में लगी आग, आधा दर्जन से अधिक दमकलों ने पाया आग पर काबू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गुर्जर की थड़ी के पास शुक्रवार शाम को एक कबाड़ के गोदाम में अचानक आग लग गई।

आग की सूचना पर 22 गोदाम और मानसरोवर से आधा दर्जन से अधिक दमकलें मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग से लाखों रुपए का कबाड़ जलकर स्वाहा हो गया।

पुलिस के अनुसार नरेंद्र नगर स्वेज फार्म द्रव्यवती नदी के नजदीक एक कबाड़ के गोदाम में करीब सात बजे आग लग गई। और आग की लपटें उठती देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। आग की लपटों को देखकर मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।

आग की इत्तला पर बाइस गोदाम और मानसरोवर से करीब 8 दमकल मौके पर पहुंची और दो घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। आग की लपटें करीब एक किमी दूर से नजर आ रही थी। आग से कबाड़ के गोदाम में रह-रहकर धमाके हो रहे थे। आग बुझाने के लिए दमकलों को कई चक्कर काटने पड़े।

# मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर हो प्रभावी कार्रवाई : जिला कलक्टर

## कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जिले में मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई हो साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। यह कहना है जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी का। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने यह बात कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की राज्य स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमें हर हाल युवाओं नशे की लत से बचाना है। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालयों एवं कॉलेजों के पास दवा दुकानों की जांच करने एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री, बिना लाइसेंस के दवा बिक्री सहित समस्त प्रकार की अनियमितताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे की जद में आने से बचाने के लिए सघन जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने नशा मुक्ति को जन अभियान बनाने के लिए ई-शपथ मय प्रमाण पत्र की आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को जिले में बिना लाइसेंस के संचालित अवैध नशा मुक्ति केन्द्रों पर प्रभावी कार्रवाई के एवं नवजीवन योजना के चिन्हित व्यक्तियों परिवारों को योजना के लाभान्वित करने के लिए निर्देशित दिये। बैठक में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण आनंद शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री मुकेश कुमार मूंड, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वितीय डॉ. हंसराज भदौलिया, जिला औषधि निरीक्षक, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने एवं जागरुकता अभियान चलाने के भी दिये निर्देश



# जिला उद्योग केन्द्र का हैण्डलूम इंसपेक्टर, चार्टेड अकाउंटेंट एवं ऑफिस असिस्टेंट 16 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की स्पेशल यूनिट कोटा टीम ने कार्रवाई करते हुए जिला उद्योग केन्द्र कोटा के हैण्डलूम इंसपेक्टर और अतिरिक्त चार्ज डिवीजनल ऑफिसर खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कोटा के महेन्द्र सिंह राजावत को उसकी दलाल चार्टेड अकाउंटेंट (प्राईवेट व्यक्ति) वीनस माहेश्वरी एवं सीए का ऑफिस असिस्टेंट (प्राईवेट व्यक्ति) समीर अली को परिवादी से 16 हजार 500 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की स्पेशल यूनिट कोटा टीम को परिवादी ने एक शिकायत दी गई प्रधानमंत्री रोजगार गांरटी योजना में नव उद्योग स्थापित करने के लिए आवेदित 10 लाख रुपये के लोन की फाईल जिला उद्योग केन्द्र से अप्रूव करवाने की एवज में जिला उद्योग केन्द्र कोटा के हैण्डलूम इंसपेक्टर महेन्द्र सिंह राजावत द्वारा उसकी सहयोगी वीनस माहेश्वरी के माध्यम से 18 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी की स्पेशल यूनिट कोटा टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए चार्टेड अकाउंटेंट वीनस माहेश्वरी, ऑफिस असिस्टेंट-चार्टेड अकाउंटेंट समीर अली व हैण्डलूम इन्सपेक्टर महेन्द्र सिंह राजावत को 16 हजार 500 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है।

उल्लेखनीय है कि शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी वीनस माहेश्वरी द्वारा परिवादी से 18 हजार रुपये की मांग की जाकर 8 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे। जिनमें से भी 6 हजार 500 रुपये आरोपी के कब्जे से बरामद किये गये जा चुके हैं।

## राज्य स्तरीय गोपाष्टमी महोत्सव का आगाज

# राज्यपाल करेंगे श्री पिंजरापोल गौशाला में गौ पूजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में होने जा रहे गोपाष्टमी महोत्सव की अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद द्वारा लगातार माँग उठाई जा रही थी । कृष्ण काल से चले आ रहे गोपाष्टमी महोत्सव को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया तथा आज गोपाष्टमी महोत्सव बड़ी धूम-धाम के साथ समस्त प्रदेश में मनाया जायेगा । इसको लेकर आज श्री पिंजरापोल गौशाला में महामहिम राज्यपाल गौ-पूजन अर्चना करेंगे। राजस्थान में गौमाता के संवर्धन व गौसेवा के प्रति जनता को जागरूक करने हेतु महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े , स्कूली शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर , जिला कलेक्टर (जयपुर) डॉ0 जे0 के0 सोनी जी, निदेशक-गोपालन विभाग प्रह्लाद नागा , राजस्थान चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स से अरुण अग्रवाल ,सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र अध्यक्ष - नीलेश अग्रवाल व अन्य अनेक क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति गौ पूजन करने के उपरांत जैविक औषधीय पादप केंद्र में गौ आधारित जैविक कृषि, गोबर के निर्यात की व्यवस्था, गौ उत्पाद औषधीय पादपों से बने अन्य - अन्य उत्पादों का भृमण करेंगे ।



# आमजन को मिले स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं का समुचित लाभ : सुराणा




बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा शुक्रवार को जिले के सुजानगढ़ उपखंड के दौरे पर रहे। इस दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने सुजानगढ़ में राजकीय सूरजमल बगड़िया उप जिला अस्पताल, बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया एवं छापर रोड़ पर प्रस्तावित अंडरब्रिज को लेकर अतिक्रमण का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने एनएच-58 फोरलेन निर्माण को लेकर नामां गांव के किसानों से समझाइश की। इस दौरान सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा सहित अधिकारी भी उनके साथ रहे। जिला कलक्टर ने उप जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कहा कि सरकार की मंशानुरूप आमजन को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं का समुचित लाभ मिले तथा अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज के लिए चिकित्सा सेवाओं की समुचित उपलब्धता हो। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के कारण फैलने वाली बीमारियों के बारे में आमजन को पर्याप्त जागरूक किया जाए तथा दवा, जांच आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करें। अस्पताल परिसर में आने वाले प्रत्येक मरीज को समुचित उपचार एवं दवाएं मिलें। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, महिला वार्ड, दवा वितरण केंद्र, लैबोरेट्री, सफाई व्यवस्था सहित समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा समस्त सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। पीएमओ डॉ पुरूषोत्तम कड़वा ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

**किसानों से की समझाइश :** इससे पूर्व जिला कलक्टर सुराणा ने सुजानगढ़ एसडीएम कार्यालय में एनएच -58 पर फोरलेन निर्माण को लेकर नामां गांव के किसानों व एनएचएआई के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समझाइश की तथा ग्रामीणों को निर्माण के लिए राजी किया। जिला कलक्टर ने कहा कि कोर्ट के प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य पूरा करने को लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार राजू देवी सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक डॉ. गर्ग ने नगर निगम आयुक्त को लिखा पत्र

## यूजर चार्ज लगाने से पहले बोर्ड बैठक में आम सहमति बनाने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर, के पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने नगर निगम आयुक्त को पत्र प्रेषित कर एवं दूरभाष पर सम्पर्क कर आमजन व पार्षदों को बिना विश्वास में लिये शहरवासियों से सफाई व्यवस्था को लेकर लगाये गये यूजर चार्ज वसूलने के लिये गये निर्णय पर आपत्ति जताते हुये पुर्नविचार करने के निर्देश दिये हैं। डॉ. गर्ग ने कहा कि सफाई व्यवस्था के नाम पर शहरवासियों से यूजर चार्ज वसूल करने से लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक भार बढेगा। उन्होंने यूजर चार्ज लगाने से पहले पुर्नविचार कर राशि को कम करने के लिये भी पुर्ननिर्धारण करने के निर्देश देते हुये आयुक्त से कहा कि पहले नगर निगम की बैठक आहुत कर आम सहमति बनाये और नगर निगम की बैठक में जो निर्णय हो उसे अमलीजामा पहनायें। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से विफल हो चुकी है। लचर सफाई व्यवस्था से आमजन परेशान है। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था के लिये लगाई गई निजी कम्पनी द्वारा सफाई कार्य में कोताही बरती जा रही है। गंदगी से परेशान आमजन की भावना को देखते हुये कम्पनी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाये। डॉ. गर्ग ने कहा कि शहरवासी गन्दगी के साथ-साथ बन्दरों व बेसहारा पशुओं के आतंक से परेशान हैं। बन्दरों की वजह से कई हादसे हो चुके हैं और बेसहारा विचरण कर रहे पशुओं से भी आमजन को परेशानी का सामना करना पड रहा है। उन्होंने इन समस्याओं से शहरवासियों को निजात दिलाने के नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये हैं।

# जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

## माशी बांध की 18 व टोरडी सागर की 20 नवंबर को खुलेंगी नहरें

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के माशी व टोरडी सागर बांध से रबी वर्ष 2024-25 की फसल के लिए सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने को लेकर जल वितरण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कमांड क्षेत्र के किसान एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बैठक में जिला कलेक्टर ने बांध की नहरों को खोलने को लेकर जल उपयोक्ता संगम एवं किसानों से सुझाव मांगे। किसानों की राय के अनुसार मांशी बांध की नहर को 18 नवंबर एवं टोरडी सागर बांध की नहर 20 नवंबर को खोले जाने का निर्णय लिया गया। जिला कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता देवानंद से माशी बांध की नहरों की मरम्मत व सफाई की जानकारी लेते हुए इसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि टेल तक पानी सुलभ रूप से पहुंच सके। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि माशी बांध की नहरों के मरम्मत व सफाई कार्य को 15 नवंबर तक पूर्ण कराने के प्रयास किए जा रहे है। जिला कलेक्टर ने अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि टोरडी सागर बांध की नहरों की मरम्मत व सफाई कार्यों के तहत मीडिल कैनाल की 0 से 200 चैन पर 20 नवंबर से पूर्व मरम्मत कार्य पूर्ण करवा लिया जावे। साथ ही, नहर संचालन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग जाब्ता उपलब्ध कराएंगे। नहरों पर काश्तकारों द्वारा लगाए गए अवैध इंजनों को हटाने की जल संसाधन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाए।

**माशी बांध की वर्तमान स्थिति :** जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि मांशी बांध का गेज 10 फिट है। जिससे टोंक जिले के पीपलू तहसील के 29 गांवों की 6 हजार 985 हेक्टर भूमि की सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस क्षेत्र का इरिगेटेड एरिया 4 हजार 890 हेक्टेयर है। इस परियोजना की मुख्य नहर 42.18 किमी एवं 9 माईनर सिस्टम की कुल लंबाई 28.65 किमी है।

# हिन्दुस्तान जिंक द्वारा आयोजित शिक्षण शिविर में 4 हजार से अधिक छात्र : छात्रांए लाभान्वित

## सीएसआर के तहत शिक्षा संबल कार्यक्रम में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों की अतिरिक्त कक्षाएं

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** हिन्दुस्तान जिंक द्वारा प्रदेश के 7 जिलों में दीपावली अवकाश के दौरान शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय विद्यालयों के 4 हजार 250 छात्र छात्राओं को गणित, विज्ञान व अंग्रेजी विषय की कोचिंग दी गयी। इस शिक्षण शिविर का उद्धेश्य शैक्षणिक रुप से कमजोर छात्र छात्राओं को गणित, विज्ञान और अग्रेजी विषय में कोचिंग देकर बेहतर परिणाम हेतु सशक्त करना था। शिविर के दौरान शैक्षणिक रुप से कमजोर छात्रों को व्यावहारिक एंव प्रायोगिक कक्षाओं के माध्यम से कठिन विषयों को सरल रुप में सीखाया गया। कैम्प में विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी पढ़ने-लिखने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा विद्याभवन सोसायटी के सहयोग से आयोजित इन शिविरों में आगुचा, चित्तौड़गढ़, कायड़, दरीबा, देबारी और जावर के 4000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान कमजोर छात्रों पर ध्यान देंते हुए पढ़ने और लिखने, समझने, गणितीय बुनियादी समस्याओं और विज्ञान की बुनियादी बुनियादी अवधारणाओं में कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविर हेतु कमजोर छात्रों की सूची फिल्ड कार्मिकों द्वारा पहले से ही सूची तैयार की गयी। इन छात्रों पर कक्षाओं के दौरान गहन ध्यान दिया गया। दीवाली शिक्षण शिविर में कक्षाओं के दौरान मुख्य कार्य सीखने को बढ़ाने के लिए कार्यपुस्तिका गतिविधियों पर केंद्रित था। कार्यपुस्तिकाओं का उपयोग शुरू करने के लिए कार्यपुस्तिका में मौजूद विषयों और गतिविधियों, फील्ड कार्मिक ने छात्रों के घरों पर संपर्क किया। सुझाव के बाद विषय टीम ने सामूहिक योजना साझा की। सभी छात्रों से नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होने को सुनिश्चित किया। छात्रों को समूहों में व्यवस्थित किया गया ताकि वे एक-दूसरे की मदद कर सकें। जो विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छे हैं उन्हें अपने अध्ययन के साथ-



साथ कमजोर बच्चों की मदद करने की जिम्मेदारी दी गयी। हिंदुस्तान जिंक द्वारा शिक्षा संभल कार्यक्रम शिक्षा पर केंद्रित सीएसआर पहल है, जो 2008 से संचालित है जो कि विद्या भवन सोसाइटी के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण छात्रों के बीच वैचारिक ज्ञान को मजबूत करना है, जिससे उनके सीखने के स्तर में सुधार हो सके।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने उदयपुर में नई 3 एस डीलरशिप का हुआ उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** यूरोप की प्रतिष्ठित चार पहिया वाहन निर्माता कंपनी स्कोडा ने शुक्रवार को उदयपुर में अंबेरी चौराहा पर शांता मोटर्स पर नई 3 एस डीलरशिप का कंपनी के स्कोडा ऑटो इंडिया ब्रैण्ड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा, हेड सेल्स जेन प्रोचाज़्का,बिजनेस हेड एण्ड ब्राण्ड डवलपमेन्ट सुश्री अनिला पेण्डसे व शांता मोटर्स के निदेशक राजीव नामजोशी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर 5 ग्राहकों को गाड़ी की डिलीवरी दी गई। समारोह में सभी अतिथियों ने कंपनी की हाल ही में लॉन्च हुई नई गाड़ी का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते पेट्र जेनेबा ने कहा कि स्कोडा ऑटो इंडिया का यह 9वां टच प्वाइंट है राजस्थान में 6 और टच प्वाइंट्स शुरू करने की योजना है। कायलाक को लॉन्च करने के साथ ही भारत में 320 टचपॉइंट्स स्थापित करने के अपने लक्ष्य की दिशा में बढ़ रही है।

उन्होंने बताया कि स्कोडा ऑटो इंडिया ने उदयपुर में अपनी अत्याधुनिक डीलरशिप का उद्घाटन किया है। कंपनी का यह विस्तार देश भर में अपनी उपस्थिति मजबूत करने एवं इसका विस्तार करने के लिये कंपनी की मौजूदा प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उदयपुर डीलरशिप को शांता मोटर्स के साथ साझेदारी में स्थापित किया गया है। नई सुविधा के उद्घाटन पर अपनी बात रखते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के



ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने कहा कि इसी हफ्ते की शुरुआत में कंपनी ने अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी कायलाक का प्रीमियर किया था। इससे हमें भारत में अपनी बाजार हिस्सेदारी उल्लेखनीय ढंग से बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत यूरोप के बाहर स्कोडा का सबसे महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है। हम स्कोडा ब्रैंड को देश भर में अपने ग्राहकों के और करीब लेकर आएंगे, नए शहरों में प्रवेश करेंगे और नए ग्राहकों तक पहुंच बनाएंगे।

# गोपाष्टमी आज, गायों की करेंगे पूजा



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** देशभर में गोपाष्टमी का पर्व शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। गोपाष्टमी पूर्व संध्या से ही गायों को विशेष रूप से सजाया गया है। आचार्य पंडित आचार्य ताराचंद शास्त्री ने बताया कि गोपाष्टमी हिन्दू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो विशेष रूप से भगवान श्री कृष्ण और गौ माता की पूजा का दिन होता है। इस दिन को गौ पूजा और गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है। गोपाष्टमी के दिन गौ माता को सम्मान देने और भगवान श्री कृष्ण को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा अर्चना की जाती है। गोपाष्टमी का पर्व न केवल गायों बल्कि भगवान श्री कृष्ण की पूजा का शुभ अवसर भी माना जाता है। इस खास दिन गाय की पूजा करने से भगवान श्री कृष्ण प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं! पंडित ताराचंद शास्त्री ने बताया कि मान्यता है कि इस दिन गाय की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि और शांति का वास होता है।

**गोपाष्टमी की पूजा का शुभ मुहूर्त :** पंडित ताराचंद शास्त्री ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 8 नवंबर को रात 11 बजकर 56 मिनट से शुरू होकर अगले दिन यानी 9 नवंबर को रात 10 बजकर 45 मिनट पर खत्म होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, गोपाष्टमी का पर्व 09 नवंबर को मनाया जाएगा।

# बानसूर व नारायणपुर एसडीएम द्वारा राजकीय कार्यालयों का किया गया औचक निरिक्षण

## 31 अधिकारी, कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस, 2 दिन में माँगा जवाब

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** एसडीएम अनुराग हरित तहसीलदार गजेन्द्र सिंह राठौड़ और नारायणपुर तहसीलदार ने आज उपखंड बानसूर और नारायणपुर के 13 राजकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपस्थित मिले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और 2 दिन में जवाब देने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम ने बानसूर उपखंड के सीडीपीओ , सीबीईओ, नगरपालिका, पीएचडी, बिजली विभाग कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।इस इस दौरान इन कार्यालयों मे कुल 20 अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। पीएचइडी विभाग कार्यालय में सभी अधिकारी और कर्मचारी नदारद मिले।नगर पालिका



कार्यालय में समस्त स्थाई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सीडीपीओ कार्यालय में एक कर्मचारी अनुपस्थित पाई गई। बिजली विभाग के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता सहित अधिकांश कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। विद्युत विभाग के कार्यालय में आवागमन पंजिका भी संधारित नहीं पाई गई। वही तहसीलदार गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने **PWD, BSO, DO&IT**, सहायक कृषि अधिकारी कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति कार्यालय बानसूर में तीन संविदाकर्मी अनुपस्थित पाए गए। पीडब्ल्यूडी कार्यालय में आवागमन पंजिका संधारित नहीं पायी गयी। नारायणपुर तहसीलदार की ओर से नारायणपुर क्षेत्र के बिजली विभाग, पीएचडी विभाग और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान कुल 8 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।जिनमें से 5 कर्मचारी पीएचडी विभाग, 2 बिजली विभाग और 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर में अनुपस्थित मिले।इस प्रकार उपखंड बानसूर और नारायणपुर में कुल 31 अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मचारियों को उपखंड कार्यालय बानसूर से कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है और 2 दिन में जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। और एसडीएम ने बताया कि जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर सीसीए नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जावेगी।

# बांके बिहारी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रसादी ग्रहण की



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर के किला स्थित बांके बिहारी जी मंदिर में बांके बिहारी विकास ट्रस्ट की ओर से आयोजित विशाल अन्नकूट महोत्सव में पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने शिरकत कर पंगत पर बैठकर प्रसादी ग्रहण की ।

इस दौरान उन्होंने बांके बिहारी जी के दर्शन किए और प्रदेश व क्षेत्र में खुशहाली की कामना की ।

इस दौरान उन्होंने आमजन के साथ आत्मीयता के साथ मुलाकात की ।

# विकास के लिए इंफ्रा स्ट्रक्चर विकसित करने की आवश्यकता : राधेश्याम गोयल




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर ब्रज औद्योगिक संघ रीको भरतपुर के संरक्षक राधेश्याम गोयल द्वारा राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम के इन्वेस्टर मीट में कहा कि भरतपुर में औद्योगिक विकास के लिए भरतपुर में इंफ्रा स्ट्रक्चर विकसित करने की आवश्यकता है । गोयल ने बताया कि राजस्थान सरकार ने अपने कार्यकाल की प्रथम वर्ष में ही उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विकसित राजस्थान की योजना बनाई गई । ऐसा करने में प्रशासन अपनी पूरी ताकत से आज हो रहे एमओयू को फॉलो अप करेंगे । क्योंकि सरकार को पूरे 5 साल राजस्थान को विकसित करने के लिए मिलेंगे। उन्होंने बताया कि भरतपुर में औद्योगिक विकास के लिए राजस्थान सरकार के प्रथम बजट में घोषित त्योंगा बरसों के बाईपास के निर्माण एवं आरबीएम अस्पताल से रीको रोड के बीच स्थित फाटक नंबर 38 पर आरओबी निर्माण को प्राथमिकता से लेंगे उन्होंने भरतपुर के एकमात्र सरसों तेल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरसों तेल के गुण एवं गुणवत्ता का प्रचार करने पर भी जोड़ दिया इस दौरान भूपेंद्र अग्रवाल भी मौजूद रहे ।

# एनएसडीसी द्वारा राजस्थान के भरतपुर में मेगा जॉब फेयर का आयोजन, 11,000 अवसर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) 19 नवंबर को भरतपुर में एक मेगा जॉब फेयर, कौशल महोत्सव का आयोजन कर रहा है। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक सुभाष गर्ग ने गुरुवार को रोजगार मेले को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह युवाओं को अपने संबंधित क्षेत्र में करियर बनाने का अवसर है।उन्होंने बताया कि 卐कौशल और उद्यमिता पर सरकार का फोकस रहा है क्योंकि भारत जैसे बड़े देश में, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय एकमात्र ऐसा मंत्रालय है जो बढ़ते भारत की जरूरतों को पूरा कर सकता है। कौशल महोत्सव का मुख्य फोकस नियोक्ताओं और रोजगार के लिए तैयार युवाओं के बीच की खाई को पाटना है, ताकि उन्हें आज के तेज गति वाले उद्योगों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक सॉफ्ट स्किल सीखने का अवसर मिल सके। एनएसडीसी ने इतिहास में पहली बार ग्राम पंचायत के साथ भी काम किया है, जो भरतपुर कौशल महोत्सव को एक पायलट प्रोजेक्ट और ग्रामीण भारत को सहायता प्रदान करने की अपनी तरह की अनूठी पहल बनाता है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के मैनेजिंग डायरेक्टर वेद मणि तिवारी ने कहा, हमारी सरकार



का ध्यान हमेशा युवाओं को नौकरी की सुरक्षा प्रदान करने पर रहा है। पूरे भारत में कई कौशल महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं, जहाँ युवाओं को नियोक्ताओं से मिलने और नौकरी के बाजार में प्रवेश करने के अवसर दिए जा रहे हैं। एनएसडीसी युवाओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इस अद्भुत अवसर के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए देश के कोने-कोने तक पहुँच रहा है, जिससे उन्हें रोजगार पाने में मदद मिलेगी। भरतपुर के युवाओं को रोजगार देने की इच्छुक कंपनियों ने विभिन्न जॉब रोल्स के लिए 11,000 से अधिक वैकेंसी रखी हैं, जो भरतपुर के स्थानीय युवाओं की मदद करेंगी। उन्होंने बताया कि भरतपुर और आस-पास के जिलों के युवाओं को सफल करियर के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना उनका मकसद है।

## सम्पादकीय

# 370 पर सियासत

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 की बहाली को लेकर पेश किए गए प्रस्ताव को लेकर नेशनल कॉफ्रेंस, पीडीपी और भाजपा के विधायकों में हाथापाई हुई। हालात ऐसे हो गए कि मार्शलों को बीच-बचाव करना पड़ा। हाथापाई की नौबत तब आई जब सांसद इंजीनियर राशिद के भाई खुर्शीद अहमद शेख ने अनुच्छेद 370 की बहाली के मांग वाले पोस्टर सदन में दिखाए। नेशनल कॉफ्रेंस ने विधानसभा चुनावों में अनुच्छेद 370 की बहाली को चुनावी मुद्दा बनाया था और उसके द्वारा विधानसभा में इस संबंध में प्रस्ताव पेश किया जाना कोई आश्चर्यजनक नहीं है। जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल पूर्ण राज्य के दर्जे को बहाल करने का प्रस्ताव पारित कर उपराज्यपाल के माध्यम से केन्द्र को पहले ही भेज चुका है। अब सवाल यह है कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है। यह भी साफ है कि अब इसको बहाल नहीं किया जा सकता। क्या नेशनल कॉफ्रेंस इस मुद्दे पर आतंकवादियों और पाकिस्तान के एजेंडे को हवा दे रही है या फिर महज नौटंकी कर रही है। 370 की बहाली के प्रस्ताव का भाजपा विधायकों ने जमकर विरोध किया।

भाजपा का स्टैंड है कि 370 ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, अलगाववाद और पाकिस्तान की मानसिकता को जन्म दिया है। उमर अब्दुल्ला की नेशनल कॉफ्रेंस सरकार गैर संवैधानिक तरीके से प्रस्ताव लाकर जम्मू-कश्मीर के हालात फिर से खराब करना चाहती है और यह भारत माता की पीठ में खंजर घोंपने के समान है। 5 अगस्त, 2019 को केन्द्र की मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को एक ही झटके में हटा दिया था और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया है। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बैंच ने सर्वसम्मति से फैसला देते हुए जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का फैसला बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अनुच्छेद 370 अस्थायी प्रावधान था और जम्मू-कश्मीर का संविधान सभा की गैरमौजूदगी में राष्ट्रपति इसे हटाने का फैसला ले सकते हैं। राष्ट्रपति शासन के वक्त संसद विधानसभा का रोल निभा सकती है। सीजेआई ने बहुमत के फैसले में चुनाव आयोग को आदेश दिया था कि वो 30 सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराए। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि हम अनुच्छेद 370 हटाने के राष्ट्रपति के फैसले को संवैधानिक तौर पर वैध मानते हैं। कोर्ट ने कहा, राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र राज्य सरकार के अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है। राष्ट्रपति शासन के दौरान केन्द्र से लिये हर फैसले को क़ानूनी रूप से चुनौती नहीं दी जा सकती। ये मुश्किल पैदा करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, केंद्र सरकार को अनुच्छेद 370 हटाने का पूरा हक था। युद्ध की वजह से 370 एक अस्थायी व्यवस्था थी। इस तरह, संविधान पीठ ने माना कि आर्टिकल 370 को हटाने का फैसला सही था। कोर्ट राष्ट्रपति चुनाव की अधिसूचना पर नहीं गया। कोर्ट ने कहा, याचिकाकर्ताओं की ओर से राष्ट्रपति चुनाव की अधिसूचना को चुनौती नहीं दी गई। इसलिए हमें इसकी वैधता पर विचार करने की ज़रूरत नहीं है।

# ट्रंप की जीत का आगाज : इन देशों में मचा हड़कंप, नए साल में कई बदलाव दिखने की संभावना

**हम ट्रंप की जीत से भारत के पढ़ोसियों में हड़कंप मचने की करें तो दरअसल, ट्रंप की जीत से हमारे पड़ोसी देश परेशान हैं,यानें जो हमें परेशान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते, उनकी हालत ट्रंप के आने से खराब होनी तय है। पहला पड़ोसी पाकिस्तान है, आतंक से उसकी पक्की दोस्ती हैं, वर्तमान राष्ट्रपति उसपर मेहरबान थे। अमेरिका सख्ती कम कर रहा था,लेकिन ट्रंप के साथ ऐसा नहीं है,क्योंकि साल 2016 में जब ट्रंप राष्ट्रपति बने थे तो उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद पर खूब लताड़ा था, उसे अमेरिका से मिलने वाली सहायता भी रोक दी थी।**

**किशन सनमुखदास भावनानीं**



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नज़रें 6 नवंबर पर लगी हुई थी कि 538 इलेक्टोरल सीटों में से ट्रंप या हैरिस किसकी जीत होगी क्योंकि ऐसा माना जाता है कि उससे ही दुनियाँ की दशा और दिशा तय होगीहालांकि कांटे की टक्कर थी,परंतु ट्रंप को 50 राज्यों की 538 सीटों में से 295 व कमला हैरिस को 226 सीटें मिली जबकि बहुमत के लिए 270 सीटें है। हालांकि अमेरिका का राष्ट्रपति कौन होगा उससे करीब-करीब हर देश को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से फर्क पड़ता है,अमेरिका के आंतरिक मामलों, नीतियों में तो फर्क पड़ता ही है, परंतु विशेष रूप से पूरी दुनियाँ के देशों पर भी फर्क पड़ता है अब जबकि ट्रंप आ गए हैं, तो स्वाभाविक रूप से भारत पर बहुत ही सकारात्मक रूप से अच्छा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि विशेष रूप से अमेरिका और भारत कीविचारधारा मिलती -जुलती है, जिसका सटीक उदाहरण ट्रंप ने दीपावली के समय अपने बयान में बांग्लादेश में हिंदुओं ईसाइयों सहित अल्पसंख्यकों पर हो रही बर्बर हिंसा लूट की सख्त निंदा की थी, व कहा था कि उसके शासन आने पर इसपर नियंत्रण होगा, जबकि हैरिस व बाइडेन ने इस मुद्दे पर चुपी सादी थी, कुछ बयांन नहीं आया था,जिसका इशारा दोनों की चुपी पर ट्रंप ने भीतंज कसा था।चूँकि ट्रंप जीत गए हैं, अब बांग्लादेश में हड़कंप मचा हुआ है वहीं केयरटेकर मोहम्मद यूनुस ट्रंप के विरोधी माने जाते हैं अब पड़ोसी मुल्क पाक और विस्तारवादी देश चीन पर भी लगामकसी जा सकती है,क्योंकि भारतीय पीएम अमेरिका राष्ट्रपति की दोस्ती हद्दे पार है, इसीलिए ही भारत के पढ़ोसी बहुत परेशान हो रहे हैं, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदुओं ईसाइयों सहित अल्पसंख्यकों की बर्बर हिंसा लूट की सख्त निंदा की थी इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप की जीत का आगाज़ इन देशों में मचा हड़कंप, नए साल में कई बदलाव दिखने की संभावना। पाकिस्तान की माली हालत किसी से छिपी नहीं है, तो उसके लिए जेब खाली में आटा गीला वाली हालत है।अब बात हमारे सबसे बड़े पड़ोसी चीन की एलएसी पर 5 साल तक वो हमें आंख दिखाता रहा। लेकिन जो बाइडेन के मुंह से एक बार भी उसके लिए कुछ नहीं निकला, जिस चीन ने सारे समझौते तोड़कर भारत से रिश्ते खराब किए, उसे लेकर जो बाइडेन चुप रहे। एक तरह से उसे मनमानी करने का मौका दिया। लेकिन ट्रंप के साथ ऐसा नहीं है, वो टैरिफ लगाकर चीन को आर्थिक चोट पहुंचाने की सौगंध खाकर राष्ट्रपति बने हैं।2016 में भी उन्होंने चीन के साथ ट्रेड वॉर छेड़ी थी। चीन के होश ठिकाने लगा दिए थे। हांलाकि अमेरिका को भी नुकसान हुआ लेकिन ट्रंप टस से मस नहीं हुए,और इस बार भी ऐसा होगा। अब अगर चीन ने कुछ ऐसा वैसा किया तो ट्रंप भारत का खुलकर मजबूती के साथ साथ दे सकते हैं।हमारा तीसरा पड़ोसी बांग्लादेश है, जिसकी सेना शेख हसीना का तख्तापलट कर चुकी है,इसके पीछे अमेरिका बताया जा रहा है।अमेरिका के दम पर ही बांग्लादेश भारत को पिछले कुछ दिनों से आंख दिखा रहा था लेकिन ट्रंप बांग्लादेश के होश ठिकाने लगाएंगे। वो पहले ही बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा कर चुके हैं। साथियों बात अगर हम बांग्लादेश में हिंदू ईसाइयों सहित अल्पसंख्यकों पर हो रहे बर्बर हिंसा लूट पर ट्रंप की सख्त टिप्पणी की करें तो,बता दें कि 5 अगस्त को बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना देश छोड़कर भारत आ गईं थी। इससे उनका 15 साल का शासन खत्म हो गया था। उनकी सरकार के खिलाफ छात्रों का विरोध प्रदर्शन काफी बढ़ गया था। इसके बाद से देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को हिंसा का सामना करना पड़ा था। इतना ही नहीं उनके मंदिरों और दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई।दरअसल, बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू डरे हुए हैं, और ये डर इसलिए है क्योंकि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार में खुद को ताकतवर महसूस कर रहे मुस्लिम कट्टरपंथी संगठन अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं।डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों पर बर्बर हिंसा और लूट की सख्त निंदा की है,साथ ही कहा है कि कमला हैरिस और जो बाइडेन ने पूरी दुनियाँ और अमेरिका में हिंदुओं को नजर अंदाज किया है जो कि ट्रंप कभी नहीं करेंगे, वे अमेरिकन हिंदुओं समेत पूरे विश्व में हिंदुओं की रक्षा करेंगे।ट्रंप के इस बयान को लेकर इस्कॉन ने भी तारीफ की है और धन्यवाद दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा,मेरे प्रशासन के तहत, हम भारत और मेरे अच्छे मित्र पीएम मोदी के साथ अपनी महान साझेदारी को भी मजबूत करेंगे। साथ ही, सभी को दिवाली की शुभकामनाएं। मुझे उम्मीद है कि रोशनी का यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत की ओर ले जाएगा।दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए भी डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की अपनी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन पर अमेरिका और दुनियाभर के हिंदुओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया,उन्होंने पहली बार बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का जिक्र किया और भारतीय पीएम को अपना अच्छा मित्र बताया, ट्रंप ने कहा कि बांग्लादेश पूरी तरह से अराजकता की स्थिति में है। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा, मैं हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बर हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं, जिन पर बांग्लादेश में भीड़ द्वारा हमला किया गया और लूटपाट की जा रही है। बांग्लादेश में पूरी तरह से अराजकता की स्थिति है।

साथियों बात अगर हम बांग्लादेश के कार्यवाहक केयरटेकर क़े ट्रंप विरोधी होने की करें तो,डोनाल्ड ट्रंप को मोहम्मद यूनुस का विरोधी माना जाता है।वह घोषित तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थक हैं। कई राष्ट्रपति चुनावों के दौरान उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए कैंपेन किया है और चुनावी चंदें भी दिए हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि उनकी इसी काम के पारितोषिक के रूप में ओबामा प्रशासन ने उन्हें अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिलवाने के लिए लॉबिंग की थी। इसके अलावा हाल में बांग्लादेश में हुए विद्रोह के दौरान भी अमेरिका ने ही मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुखिया नियुक्त करवाया था। इसकी पुष्टि मोहम्मद यूनुस के अमेरिका दौरे पर भी हुई थी। खुद यूनुस ने स्वीकार किया था कि बांग्लादेश में हुआ विद्रोह पूरी तरह वहां पर प्लान किया गया था।जब 2016 में ट्रंप नए-नए अमेरिकी राष्ट्रपति बने थे, तब एक बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल वॉशिंगटन डीसी में उनसे मुलाकात करने पहुंचा था। इस डेलीगेशन में कुछ डेप्लोमेट, प्रमुख बांग्लादेशी नागरिक और कुछ सरकारी अधिकारी शामिल थे। जब प्रतिनिधिमंडल ने ट्रंप से मुलाकात की, तब उन्होंने एक ऐसा सवाल पूछा, जिससे सब लोग हैरान रह गए। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के साथ ऑफिशियल इंट्रोडक्शन से पहले ही यूनुस को लेकर पूछा कि वो ढाका का माइक्रो फाइनेंसर कहां है?

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

**वृष**
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

**मिथुन**
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

**कर्क**
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी।

**सिंह**
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

**कन्या**
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला**
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक**
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं।

**धनु**
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें।

**मकर**
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

**कुंभ**
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

**मीन**
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**



श्रीमती टीना डाबी ( आरआर-16 ) आईएएस अधिकारी )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी टीना डाबी। एक महिला अधिकारी होनें के बाद भी पुरूष अधिकारी से अधिक ऊर्जा के साथ कार्य संपादित करना इनके कर्त्वयनिष्ठा को बयां करता है। स्वच्छता मिशन को लेकर बेहद गंभीर हैं जिला कलेक्टर डाबी फिलहाल बाडमेर की जनता को लाभान्वित करने के लिए उन्हें जागरूक कर रही हैं। मध्य प्रदेश में 9 नवम्बर सन 1993 को जन्मी टीना डाबी इस समय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बाड़मेर के पद को सुशोभित कर रही हैं। इससे पूर्व ये आयुक्त ईजीएसए राजस्थान, जयपुर रही। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जैसलमेर। संयुक्त शासन सचिव वित्त कर विभाग, जयपुर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् .कम. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी माडा श्रीगंगानगर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, श्रीगंगानगर, उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा, सहायक सचिव, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, प्रशिक्षणाधीन एलबीएसएनएएए मसूरी दवितीय चरण। सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन अजमेर प्रशिक्षणाधीन एलबीएसएनएएए मसूरी में रही। बेहद संवेदनशील अधिकारी के रूप में और ऊर्जावान अधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा जनता तक पहुँचे इसके लिए विभिन्न नवाचार कर जनता को लाभान्वित करवाया है। इनकी बहन रिया डाबी भी भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 9 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सन् 1236 में मुगल शासक रुकनुद्दीन फिरोज शाह की हत्या।
- स्पेन की सेना ने 1580 में आयरलैंड पर हमला किया।
- ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन ने 1729 में सेवाइल की सन्धि पर हस्ताक्षर कर दो वर्षों से चल रहे आंग्ल-स्पेनी युद्ध को समाप्त किया।
- रुसी सेनाओं ने 1794 में पोलैंड की राजधानी वारसा पर कब्जा किया।
- दिल्ली जल आपूर्ति योजना की औपचारिक शुरुआत 1822 में हुई।
- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का 1822 में आज ही के दिन मैरी टोड के साथ विवाह हुआ।
- गोटलिएब देमलेर ने 1885 में दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की।
- स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल बजाज का जन्म 1889 में हुआ।
- जापानी सेना ने 1937 में चीन के शंघाई शहर पर कब्जा किया।
- भारत सरकार ने 1947 में सैन्य कार्यवाई द्वारा जूनागढ़ मुक्त कराया।
- कश्मीर के बडगांव के मेजर सोमनाथ शर्मा को 1947 में पहला परमवीर चक्र मिला। हालांकि उन्हें यह सम्मान मरणोपरांत दिया गया।
- कोस्टारिका में 1949 में संविधान को अंगीकार किया गया।
- अमेरिका के लेखक विलियम फॉकनर को 1950 में साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया गया.
- कंबोडिया को 1953 में फ्रांस से आजादी मिली।
- दार्जिलिंग में हिमालयन पर्वतारोहण की संस्थान की स्थापना 1954 में की गई।
- अमेरिका ने 1962 में नेवाडा में परमाणु परीक्षण किया।
- ओ. बी. अग्रवाल 1984 में अमेच्योर स्नूकर में विश्व चैंपियन बने।
- सन 1989 में आज ही के दिन बर्लिन की दीवार ढहाई गई थी। बर्लिन की दीवार ने करीब तीन दशकों तक न सिर्फ जर्मनों को बल्कि पूरी दुनिया को बांट कर रखा।
- ब्रिटेन में 1989 में मृत्यु-दण्ड की सज़ा पर पूरी तरह से रोक लगाई गई।
- इजराइल के प्रधानमंत्री यितझाक राबिन की 1995 में एक शांति रैली के दौरान हत्या।
- सन 2000 में उत्तराखण्ड का उत्तर प्रदेश से अलग राज्य के रूप में गठन।
- भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा को सम्बोधित किया।
- फ्रांस में 2005 में आपातकाल घोषित।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 2005 में ये स्पष्ट किया कि ईराक में बहुराष्ट्रीय फ़ौजें 2006 तक बनी रहेंगी।

### 9 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- ईसाई धर्म में एक नई धारा की शुरुआत करने वाले मार्टिन लूथर का जन्म 1483 में हुआ।
- मशहूर मुसलमान कवि मोहम्मद इक़बाल का जन्म 1877 में हुआ।
- प्रसिद्ध पत्रकार, राष्ट्रीय कार्यकर्ता और भारतीयता के समर्थक इन्द्र विद्यावाचस्पति का जन्म 1889 में हुआ
- भारत के सुप्रसिद्ध वनस्पति विज्ञानी पंचानन माहेश्वरी का जन्म 1904 में हुआ।
- अमेरिकी अभिनेत्री डोरोथी डैंड्रिज का जन्म 1922 में हुआ।
- जानेमाने भारतीय कवि, लेखक, भाषाविद, संविधान विशेषज्ञ और प्रसिद्ध न्यायविद लक्ष्मी मल्ल सिंघवी का जन्म 1931 में हुआ।

## विशेष आलेख

# अपराध और अपराधियों को बचाने में अधिकारियों की संलिप्तता

**प्रियंका सौरभ**



जब अधिकारी अनैतिक आचरण में लिप्त होते हैं, तो कानून प्रवर्तन में जनता का भरोसा कम होता है, जिससे संस्थाओं में विश्वास टूटता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट में पुलिस भ्रष्टाचार को भारत के सार्वजनिक संस्थानों में अविश्वास का एक प्रमुख कारण माना गया है। जब कानून प्रवर्तन अपराधियों को बचाता है, तो यह दो-स्तरीय न्याय प्रणाली बनाता है, जहाँ शक्तिशाली लोग परिणामों से बच निकलते हैं। वोहरा समिति की रिपोर्ट (1993) ने अपराधियों, राजनेताओं और पुलिस के बीच सांठगांठ का खुलासा किया, जिससे कानून प्रवर्तन की अखंडता से समझौता हुआ।

अपराधियों को बचाने में शामिल अधिकारी पीड़ितों को न्याय से वंचित करने में योगदान करते हैं, जिससे दंड से मुक्ति का चक्र चलता रहता है। बिहार और यूपी में हाल ही में हुए हाई-प्रोफाइल मामलों में पुलिस की संलिप्तता प्रभावशाली अपराधियों को बचाने और न्याय में देरी करने में देखी गई है। इस तरह का अनैतिक व्यवहार पुलिस बल के भीतर भ्रष्टाचार की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिससे संभावित रूप से संस्थागत अपराध को बढ़ावा मिलता है। मुंबई पुलिस के भीतर भ्रष्टाचार के घोटालों ने उजागर किया कि कैसे वित्तीय लाभ के लिए अपराधियों को बचाया जाता है। पुलिस द्वारा अपराधियों को संरक्षण दिए जाने की सार्वजनिक जानकारी से अराजकता बढ़ती है और सामाजिक अशांति पैदा होती है, जिससे शासन व्यवस्था कमज़ोर होती है। उत्तर प्रदेश में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए, जब पुलिस द्वारा स्थानीय माफ़िया समूह को संरक्षण दिए जाने की रिपोर्टें सामने आईं। पुलिस अधिकारियों के लिए मूल्य-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने से उनमें नैतिक व्यवहार और ईमानदारी पैदा हो सकती है, जिससे भ्रष्टाचार कम हो सकता है।

दूसरा एआरसी पेशेवर जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए पुलिस प्रशिक्षण में नैतिक मॉड्यूल की सिफ़ारिश करता है। आंतरिक निगरानी और पुलिस शिकायत प्राधिकरण जैसे बाहरी निकायों को मज़बूत करना अनैतिक व्यवहार के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करता है। प्रकाश सिंह मामले (2006) ने पुलिस सुधारों को जन्म दिया, जिसमें स्वतंत्र जवाबदेही तंत्र स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। व्हिसल-ब्लोअर सुरक्षा सुनिश्चित करने से अधिकारी बिना किसी प्रतिशोध के डर के अनैतिक व्यवहार की रिपोर्ट कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिलता है। व्हिसल-ब्लोअर सुरक्षा अधिनियम (2014) भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले लोक सेवकों के लिए सुरक्षा उपाय प्रदान करता है। अपराधियों को बचाने वाले अधिकारियों के लिए कठोर कानूनी दंड लगाना एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जो नैतिक मानकों का पालन सुनिश्चित करता है। 2023 में, यूपी पुलिस ने आपराधिक साजिशों में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया, जो शून्य-सहिष्णुता के दृष्टिकोण का संकेत देता है। बॉडी कैम और स्वचालित निगरानी जैसे प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को लागू करने से वास्तविक समय की निगरानी प्रदान करके पुलिस के कदाचार को रोका जा सकता है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्य पुलिस की जवाबदेही बढ़ाने के लिए बॉडी कैमरा अपना रहे हैं। समुदाय-पुलिस भागीदारी को मज़बूत करने से विश्वास को बढ़ावा मिलता है और समुदायों को अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने की अनुमति मिलती है। केरल में जनमैत्री सुरक्षा परियोजना बेहतर पुलिस-समुदाय सम्बंधों को बढ़ावा देती है, जिससे भ्रष्टाचार के मामले कम होते हैं। कानून प्रवर्तन में नैतिक अखंडता का निर्माण करने के लिए संस्थागत सुधार, जवाबदेही तंत्र और कदाचार को रोकने के लिए मज़बूत कानूनी ढांचे की आवश्यकता होती है। प्रशिक्षण और सामुदायिक जुड़ाव द्वारा समर्थित नैतिकता की संस्कृति जनता के विश्वास को बहाल करने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। ज्ञान, तर्कसंगतता और नैतिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण के अपने स्तर पर निर्भर करता है। आदर्श नैतिक आचरण से कम कुछ भी विभाग, समुदाय और पूरे राष्ट्र के लिए विनाशकारी हो सकता है। जबकि अधिकारी केवल इंसान हैं और गलतियाँ करते रहेंगे, नैतिक कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अपने अधिकारियों के नैतिक व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए, एजेंसियों के पास तीन बुनियादी सिद्धांत होने चाहिए। सबसे पहले, उनके पास एक नीति होनी चाहिए जो उनके नैतिक मिशन को स्पष्ट करती हो और ऐसे मानक तय करती हो जिनका अधिकारियों को पालन करना चाहिए। दूसरा, मज़बूत और नैतिक नेतृत्व मौजूद होना चाहिए और उसे लागू किया जाना चाहिए। ये अधिकारी विभाग के लिए माहौल बनाते हैं और उदाहरण के तौर पर नेतृत्व करते हैं, नैतिक मार्ग के बदले कभी भी आसान रास्ता नहीं चुनते। तीसरा, एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नैतिक लोगों को नियुक्त करें और उन लोगों के साथ उचित तरीके से पेश आएँ जो नैतिक नहीं हैं। एक नैतिक संगठन को मौजूदा नीतियों और मानकों का ईमानदारी से पालन करने, प्रदर्शन के किसी व्यक्तिगत या सामूहिक पैटर्न का पता लगाने की क्षमता की आवश्यकता होगी जो उस अपेक्षा से कम हो और उन लोगों से निपटने का साहस जो उन विफलताओं के लिए ज़िम्मेदार हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# सामाजिक कुरूतियो को त्यागने का लिया निर्णय



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के दूदू रोड स्थित ग्रामीण बालिका छात्रावास परिसर में जाट सेवा समिति अध्यक्ष मोतीलाल कारवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई आम सभा में समाज में व्याप्त सामाजिक कुरूतियो व बुराईयो को त्यागने का निर्णय लिया गया। जाट सेवा समिति मालपुरा के मंत्री शिवजीराम चौधरी ने बताया कि आम सभा में सर्वप्रथम समिति कोषाध्यक्ष गोपी गोदारा ने नवम्बर 2022 से लेकर नवम्बर 2024 का आय व्यय का लेखा प्रस्तुत किया गया। वहीं मंत्री शिवजीराम ने छात्रावास की व्यवस्थाओ व विकास के बारे में सुझाव रखे। वहीं आम सभा में मौजुद मंत्री सहित किशनलाल फगोड़िया, प्रधान सकराम चौपड़, रामकिशन भादू, सुखलाल मुवाल, बजरंगलाल रूपचन्द आकोदिया, जयराम जावल्या ने वर्तमान में व्याप्त सामाजिक कुरूतियो नशा मुक्ति, मृत्युभोज, तीसरे का खाना व पहरावणी को बंद करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में मौजुद सभी समाजबंधूओं ने एक साथ खड़े होकर इन सभी कुरूतियो से समाज को मुक्त करने का संकल्प लिया। आम सभा के दौरान ही भामाशाहो का सम्मान भी किया गया। बैठक का संचालन मंत्री शिवजीराम चौधरी ने किया।बैठक में किशनलाल देशमां सहित जाट सेवा समिति व जाट समाज के कई प्रबुद्धजन मौजुद रहे। अंत में आम सभा में मोजुद सभी समाजबंधुओं ने एक दूसरे के गले लगकर दिपावली पर्व की बधाई व शुभकामनाऐं दी।

## गौशाला में गौमाता पूजन व अन्नकूट महोत्सव आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के सिविल लाइन रोड पर स्थित श्री गोपाल गौशाला में शनिवार 9 नवम्बर को गौपाष्टमी के पावन अवसर पर गौ माता पूजन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। आयोजन समिति की ओर से बताया कि कार्तिक शुक्ला अष्टमी के दिन भगवान श्री कृष्ण ने गौचरण लीला प्रारम्भ की थी। भगवान श्री कृष्ण गौ माता के चरवाह बन कर लीला करने के साथ साथ गौ माता के पूजन के बाद दूध मक्खन को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते थे।

इन सबके चलते ही गौपाष्टमी का पर्व मनाया जाता है। उन्होंने श्री गोपाल गौशाला में शनिवार को दिन के समय गौ माता का पूजन होगा। पूजन के बाद सायंकाल के समय विशाल अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें हजारो गौ भक्त व गौसेवक पंगत प्रसादी ग्रहण करेगें।

# देवली - उनियारा विधानसभा उप चुनाव में होने लगा त्रिकोणात्मक संघर्ष

## भाजपा- कांग्रेस दोनों ही दल अभी तक भी नहीं कर पाए डेमेज कंट्रोल

अजय जैन

**उनियारा ( बढ़ता राजस्थान ) ।** देवली- उनियारा विधानसभा उप चुनाव में मतदान की तारीख ज्योंज्यो नजदीक आती जा रही है, चुनाव में रोचकता बढ़ रही है। देवली- उनियारा विधानसभा उप चुनाव में 8 प्रत्याक्षी चुनाव मैदान में है। कांग्रेस ने सांसद हरीश चंद मीणा के कहने पर नए चेहरे व स्थानीय किस्तूर चंद मीणा को प्रत्याशी बनाया है जबकि भाजपा ने जन जन की आवाज को सुनते हुए पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर को प्रत्याशी बनाया है। (यहां यह बताना भी आवश्यक होगा कि पूर्व राजेन्द्र गुर्जर पर वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य करने तथा पार्टी प्रत्याशी रहे विजय बैंसला का विरोध करने का आरोप पिछले चुनाव में यहां से भाजपा की हुई हार की समीक्षा बैठक में लग चुके थे। कांग्रेस के बागी के रूप में युवा नेता नरेश मीणा ने भी निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर कर ताल ठोक रखी है। नरेश मीणा के साथ देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र के युवाओं की फ़ौज है जो पूरी मेहनत व शिद्दत के साथ नरेश मीणा के कदम से कदम मिला कर चल रहे है। वर्तमान माहौल के हिसाब से इस क्षेत्र में त्रिकोणात्मक संघर्ष नजर आ रहा है। तीनो ही प्रत्याक्षी अपने अपने समर्थन में जनता को जोड़ने में जुटे हुए है। यहां पाठकों को बताया जरूरी होगा कि नरेश मीणा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में छबड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट नही मिलने पर निर्दलिए चुनाव लड़ा था तथा करीब 43 हजार मत हासिल के तीसरे स्थान पर रहे थे। कांग्रेस के कई नेताओं के चुनाव में उनके समर्थन में अपनी युवा टीम फ़ौज के साथ काम कर चुके है। इस बार कांग्रेस संगठन ने पार्टी विरोधी कार्य करने पर उन्हें पार्टी की सदस्यता से निलंबित कर दिया है। इसके बावजूद भी देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में नरेश मीणा के जनसंपर्क में सेकड़ो युवा कार्यकर्ताओ की फ़ौज साथ रहती है। जिसने कांग्रेस की कमर तोड़ रखी है।

बात भाजपा की करे तो यही स्थिति भाजपा में भी है। भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर की क्षेत्र में छवि साफ सुथरी तथा बेदाग है लेकिन स्थानीय पार्टी के नेताओ में उनकी छवि ठीक नही है। पिछले 6 सालों में भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर देवली उनियारा में अपना अलग ही गुट तैयार कर लिया था। 2023 के चुनाव में उन्हें टिकट नही मिला तो उनके गुट पर पार्टी विरोधी कार्य करने का आरोप लगा था। अब वैसे ही हालात उप चुनाव में नजर आ रहे है जिसका खामियाजा इस चुनाव में राजेंद्र गुर्जर को उठाना पड़ सकता है। वर्ष 2023 में भाजपा प्रत्याशी रहे गुर्जर नेता विजय बैंसला राजेन्द्र गुर्जर को टिकट मिलने के बाद से ही क्षेत्र से नदारद है लेकिन अपने समर्थकों से बराबर सम्पर्क बनाये हुए है जो इस बार पार्टी के लोहे घातक हो सकता है। 2024 के विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के राजेन्द्र गुर्जर की नामांकन रैली में शामिल होने आए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा भाजपा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सभा के बाद सभी संगठन पदाधिकारियों , चुनाव की कमान संभाल रहे केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चोधरी, जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर सहित जिले के नेताओ को स्पष्ट कर दिया है कि अगर सरकार रहते हुए भी देवली उनियारा से भाजपा की हार होती है तो जिले के भाजपा नेताओं व दोनों मंत्रियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। सीधी चेतावनी का असर यहां यह देखने को मिला कि सभी स्थानीय जिले के नेता भाजपा के चुनाव कार्यालय में पहुंचने लगे। जनसम्पर्क भी कर आते है लेकिन अंतर कलह को समाप्त नही कर पा रहे है।

कांग्रेस के बागी निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट क्षेत्र के युवाओं का उनके प्रति समर्पण है। नरेश मीणा को जहां-जहां भी जनसम्पर्क में जा रहे है वहा युवाओं का मिल रहा भारी समर्थन से चुनाव को तीकोर्णात्मक बना दिया है। सूत्रों के हवाले से नरेश मीणा को आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल तथा निर्दलिए विधायक रविन्द्र सिंह भाटी का भी समर्थन मिला हुआ है वही एबीपी पार्टी ने तो विधिवत अपना समर्थन नरेश मीणा को दे दिया है।

### दोनों ही दल नही कर पा रहे है डेमेज कंट्रोल

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में पार्टियां नाराज नेताओ, कार्यकर्ताओ को मनाने में सफल नही हो पाया है। कांग्रेस की बात करे तो पार्टी ने के सी मीणा प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा है लेकिन के सी मीणा को क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पहचान ही नही है। यहां से विधायक रहे एवं वर्तमान सांसद हरीश चंद मीणा द्वरा बताए कार्यकर्ताओ तक ही के सी मीणा पहुंच पाए है। ऐसे में कई कांग्रेसी कार्यकर्ता ऐसे है जो हरीश मीणा की पसंद नही है लेकिन पार्टी के सच्चे वफादार है, उन तक अभी पार्टी प्रत्याशी के सी मीणा नही पहुंच पाए है।



कांग्रेस के सी मीणा



भाजपा के राजेन्द्र गुर्जर



निर्दलिए नरेश मीणा

### क्या है इस क्षेत्र पर भाजपा-कांग्रेस संगठन की सोच का स्तर

देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में अब तक इतिहास देखे तो इस क्षेत्र में दोनों ही दलों के लिए सैद्धान्तिक कम जातिगत आधार पर ज्यादा फोकस रहता है। देवली- उनियारा विधानसभा क्षेत्र सामान्य वर्ग में लिए आरक्षित है लेकिन यहां के सामान्य वर्ग नेताओ कार्यकर्ताओ को दरकिनार कर दोनों ही राजनीतिक दल जातिगत आधार पर टिकट का वितरण करते है जिस जाती के प्रत्याशी को जिस दल से टिकट मिलता है वह जाती उसी दल को मतदान करती आ रही है।यहां सर्वाधिक गुर्जर तथा मीणा मतदाता है।

अधिकारियों को दिए परिवादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

# जागरूक रहकर साइबर अपराध से बचें : ममता

## जिला कलक्टर ने करमोदा में रात्रि चौपाल कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए करमोदा स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान विद्युत पोल सही करवाने, जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत पेयजल सप्लाई सुचारू करवाने, मेगा हाइवे पूसोदा रोड़ की ओर आम रास्ते पर डामरीकरण करवाने, पूसोदा रोड़ के दोनों ओर से बबूलों की कटाई करवाने व गड्ढे भरवाने, सर्विस लाईन सही करवाने, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में सब्सिडी युक्त गैस सिलेण्डर का लाभ दिलवाने, जमाबंदी में शुद्धीकरण करवाने, श्मशान घाट से अतिक्रमण हटवाने, नामांतरण खुलवाने, ग्राम पूसोदा में गौशाला खुलवाने, नाली निर्माण करवाने, श्मशान घाट बनवाने, आवास योजना का लाभ दिलवाने सहित कुल 16 प्रकरण प्राप्त हुए। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए निर्धारित समयावधि से पूर्व निस्तारित कर परिवादियों को राहत पहुंचाने के निर्देश प्रदान किए।



जिला कलक्टर चौधरी ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकाधिक लाभ प्राप्त करने की बात कहीं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से बच्चों को मोबाइल, सोशल मीडिया व साईबर अपराध से दूर रखते हुए शिक्षा की ओर अग्रसर कर उनके भविष्य निर्माण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आने वाले संदेशों को बिना सत्यापन के फॉरवर्ड या वायरल नहीं करें। इसके साथ-साथ उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित बालिका न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज का भविष्य संवार सकती है। जिला पुलिस अधीक्षक ने ममता गुप्ता ने ग्रामीणों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी प्रकार के लालच में आकर साइबर अपराध में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा प्राप्त लिंक के माध्यम से पैसों का लेन-देन करने में सावधनी बरते। उन्होंने कहा कि जिले में साइबर ठगियों के विरूद्ध ऑपरेशन एन्टीवाइरस चलाकर अपराधियों को पकड़ा जा रहा है। साइबर क्राइम से संबंधित सूचना की जानकारी पुलिस को दें। उन्होंने ग्रामीणों से उनके बच्चों को संस्कारवान बनाने और शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने का प्रयास करने की अपील की।

राचि चौपाल में एसडीएम अनूप सिंह, तहसीलदार नीरू सिंह, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता गौरी शंकर, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीणा, मण्ड़ी सचिव दिलीप मीणा, सरपंच अरबीना बानो सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित उपस्थित।

# इन्द्रध्वज महामंडल विधान शुरू

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** गांधी पार्क के नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में प्रबन्ध कमेटी अग्रवाल समाज एवं सुन्दर विजय चातुर्मास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी एवं आर्यिका सुरम्य मती माताजी के पावन सानिंघ्य में 15 नवम्बर तक चलने वाले इन्द्र ध्वज महामंडल विधान का शुभारम्भ हुआ।

शुक्रवार को आयोजक प्रतिष्ठाचार्य शैल दीदी व कनक दीदी की मघुर आवाज व संगीतकार राहुल जैन की मधुर धुनो के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर अर्क दिए। विमल जैन कठमाणा ने बताया कि 15 नवम्बर तक प्रतिदिन पूजा होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अवधि के दोरान बाहर से आने वालो व पूजा में बैठने वालो के साधर्मी वात्सल्य की व्यवस्था आयोजन समितियो द्वारा रखी गई है।



# पात्र मतदाताओं के नामों के पंजीकरण में कोताही बर्दाश्त नहीं : चौधरी

## मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभा एवं शहरी क्षेत्रों में वार्ड सभाओं का आयोजन 9 नवम्बर एवं 23 नवम्बर 2024 को किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभम चौधरी की अध्यक्षता में जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित हुई। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में सभी पात्र मतदाताओं के नामों का पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा मतदाता सूची के लिंगानुपात (जेन्डर रेशियो) एवं जनसंख्या मतदात्ता अनुपात (ईपी रेशियो) में सुधार लाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने एवं वार्डसभा/ ग्रामसभाओं के आयोजन व मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान की तिथियों में मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर बूथ लेबल अधिकारियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी धारा सिंह मीना ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त अतिरिक्त रोल पर्यवेक्षक पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवधि में जिले का भ्रमण कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत किए जाने वाले कार्यों की जांच करेंगे।

# मालपुरा को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में जुटे आम जन

## उपखण्ड अधिकारी के प्रयासो का आने लगा रंग, आम जन आगे आकर हटाने लगे अस्थायी अतिक्रमण

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** उपखण्ड मालपुरा व नगरपालिका मालपुरा प्रशासन द्वारा स्वच्छ एवं सुन्दर मालपुरा को लेकर किए जा रहे प्रयासो में आम जन की भागीदारी से अच्छा असर दिखाई देने लगा है। मालपुरा उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी जो वर्तमान में नगरपालिका मालपुरा के अधिशासी अधिकारी का कार्य भी देख रहे हैं। एसडीएम चौधरी ने स्वच्छ एवं सुन्दर मालपुरा का सपना देखा और सपने को साकार करने में जुट गए। प्रारम्भ में तो शहरवासियो को भरोसा नहीं हो रहा था कि उपखण्ड अधिकारी केवल स्वच्छ एवं सुन्दर मालपुरा को लेकर ही प्रयास कर रहे है। लेकिन जैसे जैसे प्रयास आगे बढ़ने लगे तो शहरवासियो को भी यह प्रयास भाने लगा और भरोसा भी होने लगा। भरोसा होने का सुखद परिणाम इस रूप में सामने आया कि शहरवासी उपखण्ड अधिकारी चौधरी सहित अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट तथा सम्पूर्ण उपखण्ड प्रयासो को शिखर तक पंहुचाने में अपना सक्रिय सहयोग देने का मन बना लिया। वहीं मालपुरा उपखण्ड अधिकारी चौधरी के इन प्रयासो को अंजाम तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट भी पालिका कर्मियो के साथ दिन रात जुटे रहकर कड़ी मेहनत से कार्य कर स्वच्छ एवं सुन्दर मालपुरा बनाने के प्रयासो में लगे रहें। इसी क्रम में जयनारायण जाट ने बताया कि गुरूवार को मैला मैदान की सफाई एवं समतलीकरण, स्थााई व अस्थाई अतिक्रमण हटाने के साथ साथ व्यास सर्किल से डेयरी तिराहे होते हुए केकड़ी रोड सहित थाने के सामने से अजमेर रोड व डेयरी तिराहे से दूदू रोड के लोगो को अस्थाई अतिक्रमण हटाने की अपील की। यही क्रम शुक्रवार को भी जारी रखा। इसका असर यह रहा कि अजमेर रोड, दूदू रोड, डेयरी तिराहे से केकड़ी रोड के साथ साथ व्यास सर्किल से सुभाष सर्किल होते हुए गांघी पार्क तक के दुकानदारो ने अपने अस्थाई अतिक्रमणो को हटाना शुरू कर दिया। इनमें कुछ अतिक्रमण को हटा लिए गए और कुछ को हटाने का कार्य जारी है।



# जल जीवन मिशन के कार्यों में लाएं तेजी : शुभम

## जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने और सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, ग्राम पंचायत भवनों एवं विद्यालयों में जल कनेक्शन की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी भगवान सहाय मीणा को दिए। उन्होंने कार्यों की पूर्णता के बाद सड़कों के रेस्टोरेशन किए जाने के निर्देश दिए। सरपंच से समन्वय स्थापित कर रिपोर्टेड श्रेणी व सर्टिफाइड श्रेणी के ग्रामों की संख्या में प्रगति सुनिश्चित कर शत-प्रतिशत एफएचटीसी वाले गांवों की संख्या बढ़ाई जाए। वहीं उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पेयजल स्त्रोतों पर बकाया विद्युत कनेक्शनों को इसी माह में लगाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता अशोक कुमार बुजेठिया को प्रदान किए। बैठक में जल जीवन मिशन की खंडवार प्रगति की समीक्षा की गई जिसमें आवंटित लक्ष्यों के विरुद्ध अर्जित लक्ष्यों की धीमी प्रगति पर उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर तेजी लाने व मिशन मोड पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जलदाय विभाग की टंकियां की सुरक्षा, पेयजल लाइनों में सिवरेज लाइनों की सन्निकटता का ध्यान रखने व जल की शुद्ध आपूर्ति पर भी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। आमजन से पानी व्यर्थ न बहाएं- उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कराएं और व्यर्थ पानी के बहाव को रोकें। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन की नियमित जांच और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी समस्या न हो। बैठक में अधिशाषी अभियंता जलदाय विभाग हरज्ञान मीणा, सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल संसाधन अरूण शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# घरेलू हिंसा उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन


बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता प्रिया प्रशिक्षण संस्थान अध्यक्ष सुशील खण्डेलवाल ने बताया की महिला अधिकारिता विभाग के अधीन संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पुलिस थाना अन्ता में अन्ता एवं मांगरोल ग्राम पंचायत साथिनो की घरेलू हिंसा उन्मूलन कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में ब्लॉक सुपरवाईजर मोनिका शर्मा द्वारा साथिनों को महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की विजिट करवायी गयी तथा शिक्षा सेतु, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, सखी केन्द्र आदि की जानकारी दी गई। पुष्पा शर्मा, जेण्डर स्पेषलिस्ट द्वारा नये कानूनो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। केंद्र की परामर्शदाता आशा सुमन व सुनीता मालव ने बताया की घरेलू हिंसा ,महिला उत्पीडन, पारिवारिक उलझन से परेशान महिलाओ के लिए सुलभ न्याय मिले, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर परिवार में हुए आपसी झगड़ो को दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया जाता है और पुन: घर बसाया जाने का प्रयास किये जाते है।

# अलवर में क्लीन एयर के लिए बड़ा कदम जरूरी : नेता प्रतिपक्ष जूली

## एनसीएपी में अलवर के लिए विशेष कार्ययोजना बने : जूली

बढ़ता राजस्थान





**अलवर (का.स.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा है कि केन्द्रीय पर्यावरण, वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव और प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा दोनों अलवर के नुमाइंदे हैं, लेकिन अलवर को वायु प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिए ये दोनों मंत्री कुछ नहीं कर रहे हैंए जबकि इन्हें अलवर को वायु प्रदूषण मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से विशेष कार्ययोजना की मांग करनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष और अलवर ग्रामीण से विधायक टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर शहर में एयर क्वालिटी इंडेक्स एक्यूआई का स्तर बेहद खराब है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम जिसे श्एनसीएपी के नाम से जाना जाता है। इसमें अलवर को श्गैर प्राप्ति शहर गिना गया है। यह अलवर के लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा बहुत संवेदनशील और गंभीर प्रश्न हैए लेकिन अलवर से लोकसभा सांसद बनने के बाद भूपेन्द्र यादव, जो कि केन्द्रीय पर्यावरणए वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भी हैंए उनका पूरे अलवर लोकसभा क्षेत्र से कोई जुड़ाव नहीं रह गया है। जबकि उनकी पहली प्राथमिकता अलवर को वायु प्रदूषण मुक्त कराने की होनी चाहिए थीए क्योंकि यह सीधे उनके मंत्रालय से जुड़ा हुआ विषय है। वहीं, राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा सिर्फ़ नाम मात्र के दिखावे के मंत्री हैं। शर्मा की ना मुख्यमंत्री सुनते हैं और ना ही अधिकारी। लेकिन मंत्री की नाकामी अलवर की जनता को भुगतनी पड़ रही है। एनसीएपी के अंतर्गत अलवर में विशेष कार्ययोजना के लिए संजय शर्मा ने भी कोई कदम नहीं उठाया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि एनसीएपी के एजेंडे में शामिल है कि वह वायु प्रदूषण से युक्त क्षेत्रों की राज्यों के जरिए विशेष आर्थिक मदद करे। वहींए वायु प्रदूषण के स्त्रोतों पर ध्यान दे। दुपहिया वाहनों में श् ई .मोबिलिटी श् को प्रोत्साहित करे। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दे। अपशिष्ट का प्रबंधन करे और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को नियंत्रित करे, लेकिन अलवर में एनसीएपी को लेकर उदासीनता व्याप्त है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर और भिवाड़ी दोनों शहरों का एयर क्वालिटी इंडेक्स बहुत चिंताजनक है। जब एक्यूआई का मानक 101 से अधिक होता है, उसे कैटेगिरी में गिना जाता है। दो दिन पहले अलवर के मोती डूंगरी इलाके में एक्यूआई 175 आंका गया था। अलवर में एक्यूआई की स्थिति सुबह के समय भी बेहतर नहीं रहती। यह स्थिति बदलनी नितांत आवश्यक है। जूली ने कहा कि भिवाड़ी में दीपावली के बाद एक्यूआई 341 आंका गया। बढ़ते स्मॉग से अलवर शहर में दिन में धुंध उत्पन्न हो जाती है। लोग स्मॉग से बचने के लिए मास्क लगाने पर मजबूर हैं। अरावली पर्वतमाला की गोद में बसे होने के बावजूद अलवर के लोगों के फेफड़ों को खतरा दिनों .दिन बढ़ रहा है। जूली ने कहा कि यह विषय अलवर के भविष्य और जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है और राजनीतिक मुद्दा नहीं है। इस मुद्दे की कोई भी अनदेखी नहीं कर सकता। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली एनसीआर की परिधि में शामिल अलवर को केन्द्र व राज्य की कथित डबल इंजन सरकार स्वच्छ वायु भी उपलब्ध कराने में नाकाम हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह अलवर के लोकसभा सांसद का अपने निर्वाचन क्षेत्र से किसी तरह का भावनात्मक जुड़ाव नहीं होना है। जूली ने कहा कि समूचे अलवर जिले में हरित अभियान की आवश्यकता है। इसके लिए सघन वानिकीकरण की विशेष कार्ययोजना बनायी जानी चाहिए। वायु प्रदूषण मुक्त उघोगों को बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही अलवर जिले के गांव .शहरों में पक्की सड़कों का जाल बिछाने की आवश्यकता है ताकि धूल से मुक्ति पायी जा सके। जूली ने कहा कि 25 नवंबर को ऐतिहासिक नगरी अलवर का स्थापना दिवस है। इस दिन श् स्वच्छ एवं हरित अलवर की परिकल्पना के साथ केन्द्र व राज्य सरकार को विशेष कार्ययोजना घोषित करनी चाहिए।

## प्रसंगवश

# खिलौने का गुरूर......



चेहरे पर मुस्कान ला देने वाला एक शब्द है खिलौना। जी हां खिलौना वही जिससे मनुष्य खेल सकता हो और देखिए मनुष्य का जीवन भी कितना अद्भुत है ना दोस्तों उसे नित नए खिलौने चाहिए अपना मन बहलाने के लिए। जब हम बच्चे थे तो गुड्डे-गुड़िया से खेला करते थे,जब ओर बढ़े हुए तो खिलौने का पेटर्न भी बदल गया ओर बढ़े हुए तो ओर दूसरा ओर दूसरा ओर दूसरा बस इसी में जिन्दगी बीत गई। लेकिन जरा सोचिए बचपन में जिस खिलौने को हम सबसे अधिक पसंद करते थे किसी को भी नहीं देते थे यदि कोई ले लेता तो हम उससे लड़ते थे या रोने लगते थे लेकिन वही पसंदीदा खिलौना जब हम बड़े हो गए और कोई पडौसी का बच्चा आया और हमसे मांगा तो हमने उसे खुशी-खुशी दे दिया। ना दु:ख हुआ ना ही हम रोए। बस इस खिलौने की चाल को समझना ही जीवन का यथार्थ है दोस्तों, कभी ये नकली कार में तो कभी असली कार में हमारे मन को हर्षाता है व सुख देता है और खिलौना खुद गुरूर में भर आता है कि मेरी पूछ ही खत्म नहीं हो पा रही है लेकिन एक उस समय के बारे में तो सोच कर देखिए जब हम इस दुनियां से जाएंगे तब हमारा मन किसी भी खिलौने से खुश नहीं होगा ना मन का- ना तन का -ना धन का खिलौना बस उस समय ही पता चलेगा कि हम तो खुद खिलौने थे उस उपर वाले के खिलौने .. बस बेजान से बिस्तर पर तन को लेकर पड़े हैं जैसे सेल खत्म होनें के बाद सेल से चलित खिलौना बेजान सा हो जाता है।

**रूपक शर्मा**
**बढ़ता राजस्थान,अलवर**

# देवउठनी एकादशी पर बाल विवाह रोकथाम हेतु विधिक जागरुकता शिविर आयोजित कर किया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** तालुका विधिक सेवा समिति अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एडीजे लक्ष्मणगढ़ के जज गोपाल सैनी के निर्देशन में देवउठनी एकादशी 12 नवम्बर से एक सप्ताह पहले दिनांक 5 नवम्बर से 12 नवम्बर तक विभिन्न स्थानों जैसे पंचायत समितियों, ब्लॉक, गांव स्तर पर बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में कानूनी साक्षरता और जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाना है। पीएलवीध्अधिकार मित्र अनिल कुमार ने बताया कि इस क्रम में आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालडा गोविंदगढ़ में देवउठनी एकादशी पर बाल विवाह रोकथाम के लिए शिविर का आयोजन किया गया।नालसा के टोल फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नंबर 15100 कि जानकारी दी। बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रदेश में चलेगा ऑपरेशन लाडली,11 से 16 नवंबर तक चलेगा 6 दिवसीय विशेष अभियानए12 नवंबर को अबूझ सावे को मद्देनजर रखते हुए चलाया जा रहा विशेष अभियानए लोगों से विभिन्न तरीकों के जरिए की जाएगी समझाइशएवहीं कम आयु के बच्चों को पुलिस करेगी जागरूक, हैड कांस्टेबल विज्जो राम ने कहा कि बालिकाओं को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूक किया जाए। इस दौरान अबूझ सावों में होने वाले बाल विवाह को पूरी तरह से रोकने और किशोरियों को इसकी रोकथाम के लिए जागरूक होकर समाज को प्रेरित करने के लिए आह्वान किया गया। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित बाल विवाह निषेध कानून और बालिकाओ से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। पीएलवी अनिल कुमार ने बताया है कि बाल विवाह की सूचना देकर बालविवाह रूकवाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास करके बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता और कार्रवाई की जा रही है।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 में बाल विवाह करने वाले बालिग पुरुष सहित पंडित,मौलवी, परिवारजन, बैंडवादक ,मैरिजहोम संचालक, कैटरिंग वाले, बाराती घराती आदि सभी को 2 साल तक के कठोर कारावास और एक लाख रुपए जुर्माना तक के प्रावधान हैं।

उन्होने बताया कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098,पुलिस हेल्पलाइन 100ए बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी एसडीएम,जिला मजिस्ट्रेट, डीसीपीयू, बाल कल्याण समिति पुलिस थाने पर दी जा सकती है। इस संबंध मे पहचान गोपनीय रहेगी। सूचना सही होने पर ही समानित भी जाएगा। इस दौरान पीएलवी अनिल कुमार, विज्जोराम हेडकांस्टेबल चौकी तालडा, प्रिंसिपल शांतनु डागुर झाबरमलरूपेंद्र शर्माएखुशबू, रिकीप्रवीणरोहित,बसंत यादव आदि उपस्थित रहे।

# राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव के उपलक्ष में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार को भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जन्मोत्सव पर शुक्रवार को में प्रात: 9 बजे से 3 बजे तक जीवन धारा ब्लड बैंक दशहरा मैदान के सामने कर्मचारी कॉलोनी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा इस रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और 43 यूनिट रक्त दान करके युवाओं ने योगदान दिया।

संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु सोमवंशी जी ने बताया है रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री संजय शर्मा, वन एवं पर्यावरण संवर्धन परिषद राजस्थान के अध्यक्ष देशराज वर्मा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हरिओम कटरा अखिल भारतीय जायसवाल सर वर्गीय युवा महासभा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व अलवर भाजपा जिला प्रवक्ता नरेश धानावत भारत विकास परिषद के मंत्री राधेश्याम केरवा वाले एकर्मचारी संघ के प्रदेश संरक्षक व लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ खेमचंद सोमवंशी समाज के वरिष्ठ व्यक्ति मानसिंह जायसवाल भरत कटारा समाज के पूर्व अध्यक्ष रतन धानावत,मुकेश धानावत आदि व्यक्ति उपस्थित हुए इस अवसर पर वन मंत्री श्री संजय शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से जीवन दान मिलता है आपका किया हुआ रक्तदान किसी भी जरूरतमंद को एक नया जीवन दे सकता है। आप सब युवा संगठन के युवाओ से मेरी अपील है के ऐसे कैंप आप हमेशा आयोजित करते रहे संगठन की रीड की हड्डी युवा होती है और तभी संगठन मजबूत होता है आपका यह नेक काम हमेशा स्वर्ण अक्षरों में गिना जाएगा आप सभी समाज के युवाओं को श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन भगवान के आदर्श जीवन पथ पर आगे चलना चाहिए। संगठन के जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह जायसवाल ने बताया कि शिविर में पहली बार 10 युवक ने पहली बार रक्तदान करके महसूस किया आज के कार्यक्रम मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु सोमवंशी संगठन के उपाध्यक्ष निशांत धानावत,रामू जायसवाल संगठन के कोषाध्यक्ष योगेश उदयवाल एसंगठन के मंत्री सुरेश धरवाल,सुरेंद्र धार, लव जायसवाल, अभिषेक जायसवाल गौरव सोमवंशी खेमेन्द्र बेनीवाल आदि अनेक युवाओं कार्यक्रम में भाग लेकर रक्तदान शिविर को सफ्ल बनाने में बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया।

# खेत पर एक व्यक्ति की मौत परिजन लगा रहे हैं कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाने का आरोप खेत को लेकर था विवाद

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर उपखंड क्षेत्र के खेडलीमोड थाना अंतर्गत पथैना गाँव के एक व्यक्ति की खेत पर मृत्यु होने से गाँव में सनसनी फैल गई। पथैना सरपंच प्रतिनिधि बृजेश सिंह ने बताया कि गाँव के राजवीर सिंह (45) का नारौली गाँव के शिवराम,रामचरण, व सुरेन्द्र जाति मीणा से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। खेत पथैना व नारौली गाँव की सीमा पर है! बृजेश सिंह के अनुसार राजवीर सिंह खेत देखने गया। जिसे शिवराम,रामचरण, व सुरेन्द्र जाति मीणा ने बहला फुसला कर खेत पर बिठा दिया। उसे पेय पदार्थ में जहर पिला दिया। बृजेश सिंह ने बतलाया कि राजवीर सिंह ने अपने बेटे क को फोन पर समस्त घटनाक्रम से अवगत कराया जब तक परिजन घर पहुंचे राजवीर सिंह की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस पहुंची कब तक परिजन उसे ले जा चुके थे। आरबीएम चिकित्सालय भरतपुर में पोस्ट मार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। सरपंच प्रतिनिधि बृजेश सिंह के अनुसार मृतक राजवीर के स्वर्गीय पिता एवं नारोली के शिवराम रामचरण सुरेंद्र जाति मीणा के पूर्वजों के साथ उठक बैठक का मामला था जिसमें इस खेत को लेकर कुछ राशि नारोली वालों से उधार इस करार पर लिये कि तुम्हारे पैसे का ब्याज नहीं मेरे खेत की फसल जब तक मैं पैसा नहीं चुका पाऊं तब तक तुम्हारी होगी । नारोली वालों ने खेत का नामांतरण चढ़ावाना चाहा जिस पर वैर उपखंड अधिकारी कार्यालय से स्थगन आदेश मिला हुआ है जो अभी तक स्थायित्व में है इस पर भूमि का नामांतरण नारोली वालों के लिए नहीं हो पाया है।

# दिव्यांगजन चिन्हीकरण शिविरों का आयोजन 13 से 19 नवम्बर तक, भुसावर पंचायत समिति में शिविर 13 को

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, (नि.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशानुसार विशेष योग्यजन को संबल प्रदान करने की दृष्टि से 13 नवम्बर से 19 नवम्बर 2024 तक नि:शुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु चिन्हीकरण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में विशेष योग्यजन को संबल प्रदान करने की दृष्टि से दिव्यांगजन को 20 हजार रूपये तक के आर्टिफिसियल लिम्बस उपकरण उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 15 दिसम्बर 2024 को समस्त जिला मुख्यालयों पर 10 हजार विशेष योग्यजनों को कृत्रिम अंग/उपकरण वितरित किये जायेंगे। बजट घोषणा के क्रियान्वयन हेतु संयुक्त सहायता अनुदान योजनान्तर्गत कृत्रिम अंग/उपकरण वितरण किये जाने हेतु दिव्यांगजनों से आवेदन लेने के लिए जिले में दिव्यांगजन चिन्हीकरण/परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

### कार्यों की प्रगति के संबंध में ब्लॉक समन्वयक पंचायत समिति की बैठक आयोजित

# स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण निदेशालय निदेशक ने किया ग्राम पंचायत बाछरैन का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** निदेशक स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण निदेशालय, जयपुर से सलोनी खेमका के साथ 2 सदस्यीय दल अशोक पारीक (संयुक्त निदेशक), बलवीर (सहायक अभियंता) द्वारा 7 नवम्बर को जयपुर से आगमन के दौरान भरतपुर स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत बाछरैन पंचायत समिति भुसावर में सामुदायिक शौचालय, कचरा संग्रहण केन्द्र, पिंक टॉयलेट आदि कार्यों का निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिशद विनय मित्र ने बताया कि शुक्रवार को निदेशक एवं सीईओ जिला परिशद मुदुल सिंह, अशोक पारीक (संयुक्त निदेशक) द्वारा कलैक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन सिंह जिला डीग के साथ स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की प्रगति के संबंध में ब्लॉक समन्वयक पंचायत समिति की बैठक ली गयी। बैठक में योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को व्यक्तिगत शौचालयों का भुगतान कराने तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसरों तथा एसएलडब्ल्यूएम के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराकर भुगतान के निर्देश प्रदान किये तथा 19 नवम्बर 2024 को विश्व शौचालय दिवस पर सभी सामुदायिक स्वच्छता परिसरों एवं पिंक शौचालयों को क्रियाशील बनाकर उपयोगी बनाने के निर्देश प्रदान किये गये। माह दिसम्बर प्रथम सप्ताह तक जिले को आवंटित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश भी प्रदान किये। जिला एवं पंचायत समिति स्तर व अव्यतीत राशि को रीसफल कराने हेतु निदेशालय पत्र भिजवाने के निर्देश प्रदान किये गये।

बैठक के अन्त में निदेशक द्वारा आरआरसी में कचरा एकत्रित तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में पानी व्यवस्था तथा सुचारू रूप से उपयोग में लिये जाने के निर्देश प्रदान किये।


अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिशद ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी प्रहलाद सिंह, जिला परियोजना समन्वयक विमल कुमार, हिंमाशु शर्मा एम एण्ड डी कम एमआई एस एवं सहायक अभियंता पंचायत समिति वैर, ग्राम विकास अधिकारी, एवं सरपंच एवं वार्ड पंच के साथ ग्राम पंचायत बांछरैन के ग्रामवासियों द्वारा उत्साह के साथ स्वागत किया।

# कलेक्टर ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

## मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत 1 लाख रुपए राशि का चेक सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत सहायता राशि एक लाख रुपए के भुगतान आदेश जारी कर पीड़ित को चेक वितरित किया गया।जिला कलेक्टर ने लंबित मुख्यमंत्री सहायता कोष के प्रकरण का निस्तारण किया ताकि पीड़ित को राहत प्रदान की जा सके जिसके तहत उन्होंने पीड़ित स्वर्गीय देवेंद्र कुमार बुनकर की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती ममता वर्मा निवासी बनीपार्क, बागावास अहिरान



तहसील विराट नगर जिला कोटपूतली-बहरोड़ को राशि 1 लाख का चैक प्रदान किया गया।

# वाल्मीकि समाज ने उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन अनुभव प्रमाण पत्र पर ईओ नगर पालिका के प्रमाणीकरण की मांग



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान स्वायत्त शासन विभाग द्वारा सफाई कर्मियों की भर्ती को लेकर जारी की गई विज्ञप्ति में अनुभव प्रमाण पत्र की अनिवार्यता लगाए जाने के कारण वाल्मीकि समाज अनुभव प्रमाण पत्रों पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से प्रमाणीकरण की मांग कर रहा है। भुसावल नगर पालिका में सफाई व्यवस्था ठेके पर दी हुई है ठेकेदार जारी अनुभव प्रमाण पत्र पर अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रमाणीकरण नहीं करने से नाराज ठेकेदार एवं उसके कर्मचारियों ने नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बंद कर दी सफाई व्यवस्था बंद कर भुसावर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अनुभव प्रमाण पत्रों पर हस्ताक्षर कर सत्यापित करने की मांग की। भुसावर नगर पालिका कार्य व्यवस्था के कारण अधिशाषी अधिकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण इस बारे में उनसे वार्ता नहीं हो सकी।

# क्रेशर पर चोरी व मारपीट के छः आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर क्षेत्र के क्रेशर जोन में क्रेशर पर मारपीट करने एवं चोरी करने के आरोप में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है थाना अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर जयनारायण मीणा एवं पुलिस उपाधीक्षक भुसावर धर्मेंद्र शर्मा के सुपरविजन में भुसावर थाने में दर्ज 311/23 दिनांक 21-6- 23 को धारा 147, 148 ,149,323 ,347,325 ,382 ,427 एवं 120 बी आईपीसी में लगभग 16 माह से फरार लोकेश पुत्र कालूराम ,नत्थन पुत्र लटूरिया, अमित पुत्र कैला, बबलू पुत्र भगवान सिंह ,पवन पुत्र कैला जातियांन गुर्जर एवं सुशील शर्मा पुत्र जगन्नाथ उम्र 38 साल जाति ब्राह्मण निवासीयान सुहारी थाना भुसावर को गिरफ्तार किया गया जिन्हें सक्षम न्यायालय में पेश किया गया।

# स्वच्छ भारत मिशन योजना अन्तर्गत पिंक टॉयलेट विद्यालय के शौचालय की मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण हो : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( नि.स. )।** जिला स्वच्छ भारत मिशन प्रबंधन कमेटी की बैठक का आयोजन शुक्रवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण योजना अन्तर्गत समस्त बिन्दुओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिये कि स्वच्छ भारत मिशन योजना अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत के सबसे अधिक छात्राओं के नामांकन वाले विद्यालयो में 10 दिवस में पिंक टॉयलेट विद्यालय शौचालय की मरम्मत/नवीनीकरण करवाये। जिन राजकीय विद्यालयो, आंगनबाडी केन्द्रो, स्वास्थ्य केन्द्रो, पुलिस थानों एवं ग्राम पंचायत भवनो में शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण नही हुआ है उन संस्थागत भवनो/कार्यालयो में 10 दिवस में शौचालयो का निर्माण करवाकर उपयोग हेतु पानी की व्यवस्था करवाये। आग्रामी 15 दिवस में जिस संस्थागत भवनो/कार्यालयो में ग्राम पंचायत शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण नही करवाती है, उन ग्राम पंचायतो की 15 दिवस बाद बैठक आयोजित की जावे।

उन्होंने विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतो में कचरा निस्तारण हेतु कचरा संग्रहण केन्द्र (आरआरसी) के निर्माण की प्रगति बहुत कम है, इस और व्यक्तिगत ध्यान देकर जिन ग्राम पंचायता के प्रस्ताव नही आये है, उनके प्रस्ताव भिजवाये, जिन ग्रामों के प्रस्ताव उपखण्ड अधिकारियो के भेजे गये, उनके लिए उपखण्ड कार्यालय में समन्वय कर अलोटमेट हेतु भिजवाये। जिनके कार्य प्रगतिरत है उनको 30 नवम्बर तक उन कचरा संग्रहण केन्द्रो का निर्माण कार्य पूर्ण करवायें। जिन ग्राम पंचायतो में कचरा संग्रहण केन्द्र निर्माण की स्वीकृतिया जारी नही की गई है, उन ग्राम पंचायतों की स्वीकृतिया 7 दिवस में जारी कर कार्य प्रारम्भ करवायें। सामुदायिक स्वच्छता कॉम्प्लेक्स निर्माण हेतु पूर्व में जारी स्वीकृतियों में जिन ग्राम पंचायतो में निर्माण कार्य प्रारम्भ नही करवाया है उन स्वीकृतियो को निरस्त किया जावे, जहॉ आवश्यकता है वहॉ की स्वीकृतिया जारी कर कार्य प्रारम्भ करवाये, जिन सामुदायिक स्वच्छता कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य प्रगतिरत है उनके कार्य को अविलम्ब पूर्ण करवाये। जिनके कार्य पूर्ण हो गया है उनकी जिओ टेंक करवाये। जिन राजकीय विद्यालयो में छात्र/छात्राओ की संख्या अधिक है और शौचालय की आवश्यकता है तो सामुदायिक स्वच्छता कॉम्प्लेक्स स्वीकृत कर निर्माण करवाया जावे। ग्राम पंचायतो के समस्त ग्रामों में डीपीआर में लिये गये तरल कचरा प्रबंधन एवं ठोस कचरा प्रबंधन के समस्त कार्य पूर्ण करवाकर अवशेष ग्रामों को 10 दिवस में मॉडल ओडीएफ प्लस घोषित करवाया जावे। समस्त ग्राम पंचायतो एवं समस्त ग्रामों में घर-घर से कचरा संग्रहण करने हेतु परिवहन का साधन क्रय कर घर-घर से कचरा संग्रहण करवाया जावे। प्रत्येक ग्राम पंचायत को मॉडल ओडीएफ प्लस ग्राम पंचायत बनाकर प्रत्यक्ष स्वच्छता ;टपेनंससल ब्समंदमेद्ध प्रदर्शित कर बेहतरीन ग्राम पंचायत बनाया जावे। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद रवि वर्मा ने निर्देश दिये कि विद्यालय शौचालय, आंगनबाडी शौचालय, पिंक टॉयलेट के बारे में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं सीडीपीओ से विद्यालय एवं आंगनबाडी शौचालय निर्माण प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी वर्मा ने कचरा संग्रहण केन्द्र निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वच्छता कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य एवं ग्राम को मॉडल ओडीएफ प्लस के रूप में विकसित करने की समीक्षा कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, महावीर कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. सामर, शिक्षा विभाग सहायक अभिंयता, अशोक उपाध्याय, महात्मा गांधी नरेगा अधिशाषी अभियंता प्रदीप गोयल, अधिशाषी अभिंयता, जिला परिषद प्रियवृत सिंह, सहायक अभियंता जिला परिषद विजय हुम्मड, हिण्डोली विकास अधिकारी पियुष कुमार जैन, के.पाटन भानु प्रताप सिंह हाडा, नैनवॉ राजेन्द्र कुमार जैन, तालेडा नीता पारीक, जिला परियोजना समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन निजामुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## अम्बेडकर डी.बी.टी. वाउचर योजना के ऑनलाईन आवेदन शुरू

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अम्बेडकर डी.बी.टी. वाउचर योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्रों की प्राप्ति के लिए पोर्टल 30 नवम्बर तक खुला रहेगा। अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र ऑनलाईन एस.एस.ओ. आई.डी. के माध्यम से पोर्टल पर जनाधार कार्ड के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नाहिद ने बताया कि योजनान्तर्गत जिला मुख्यालयों पर संचालित समस्त राजकीय महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोश्रर (केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रम कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) में अध्ययरत छात्र जो घर से दूर रहकर अन्य स्थान पर कमरा किराए पर लेकर (पेईंग गेस्ट के रूप में) रहते हैं उन छात्रों के लिए आवास, भोजन एवं बिजली पानी इत्यादि सुविधाओं के लिए पुनर्भरण राशि के रूप में छात्र द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश तिथि से माह मार्च तक 2 हजार रूपए प्रतिमाह प्रतिवर्ष (अधिकतम 10 माह के लिए) दिए जाएंगे।

## सेवानिवृत रेल कर्मचारियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र कैंपेन 3.0 की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में सेवानिवृत कर्मचारियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल में केंद्र सरकार के पेंशन एवं पेंशन भोगी कल्याण विभाग द्वारा निर्देशित डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र कैंपेन 3.0 प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा वार्षिक रूप से नवंबर माह में जमा किए जाने वाले जीवन प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाना है। इस प्रक्रिया के तहत सेवानिवृत कर्मचारियों को बैंक में जाकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की आवश्यकता नहीं है वे अपने घर में अपनी सुविधा अनुसार स्वयं के मोबाइल द्वारा आधार बेस्ड बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा जीवन प्रमाण पत्र जनरेट कर सकते हैं। पश्चिम मध्य रेल में इस कैंपेन हेतु प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात के निर्देशन एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) दीपक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में लेखा विभाग के सहयोग से तीनों मंडलों भोपाल एवं कोटा तथा भोपाल एवं कोटा कारखाना में कल्याण निरीक्षकों एवं कार्मिक जबलपुर, विभाग के कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से एवं मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है और इस कार्य हेतु उन्हें सहायता प्रदान की जा रही है।

## मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के आवेदन आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत सम्पूर्ण राज्य में राजस्थान राज्य के मूल 2 हजार दिव्यांगजनों को जो महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत हैं एवं ऐसे दिव्यांग युवा जो कार्यक्षेत्र में कार्यरत हैं उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लाभान्वित किया जाएगा। संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि दिव्यांग स्कूटी के लिए आवेदन ऑनलाईन एसएसओ आईडी के माध्यम से किए जाएंगे। ऑनलाईन आवेदनों के लिए अंतिम तिथि 25 नवम्बर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के संबध में विस्तृत दिशा-निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी जिला कार्यालय, संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कोटा, अम्बेडकर भवन, पुलिस चौकी के पास, एमबीएस अस्पताल, नयापुरा, कोटा से प्राप्त प्राप्त की जा सकती है।

## दयोदय एक्सप्रेस एक सप्ताह अतिरिक्त थर्ड एसी कोच के साथ चलेगी




बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** रेलवे प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोटा होकर जाने वाली जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के एक अतिरिक्त कोच लगाएं जा रहे हैं। प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर से अजमेर दयोदय एक्सप्रेस में 08 नवम्बर 2024 से एवं गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर 09 नवम्बर 2024 से अगले सात दिन के लिए एक अतिरिक्त वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच के साथ संचालित होगी। यात्रियों से अनुरोध है कि उक्त ट्रेन में लगे अतिरिक्त कोच की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त करें।

# शिव शक्ति का वर्णन शिव पुराण में करते हुए आचार्य भूपेंद्र शास्त्री कहते हे कि घर की लक्ष्मी का सम्मान करने से ही घर में लक्ष्मी का होता है वास

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी ( नि.स. )।** चारभुजा मंदिर पर चल रही शिव पुराण कथा में आचार्य भूपेंद्र शास्त्री ने बताया कि शक्ति के बिना शिव अधूरे बतलाए गए हैं। जो शक्ति का मान सम्मान नही करता वहां लक्ष्मी निवास नहीं करती हैं, घर पर भी पति को पत्नी का सम्मान करना चाहिए क्योंकि पत्नी घर की लक्ष्मी कहलाती हैं। और जिस घर में पत्नी का सम्मान नहीं होता जिस घर में पत्नी खुश नहीं रहती वहा लक्ष्मी भी नहीं विराजती हैं।

शिव पुराण की कथा में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद की सभापति सरोज अग्रवाल रही । सभापति का चारभुजा महिला मंडल की अध्यक्ष कांति दाधीच ने माला पहनकर स्वागत किया। आचार्य ने कहा कि आज शिव शक्ति के विवरण में शक्ति का प्रभाव अत्यधिक बताया है। कथा में दुर्वासा मुनि व शिष्य महाराज दक्ष का वर्णन बताते हुए कहा कि दुर्वासा मुनि साक्षात शक्ति के स्वरूप हैं और उनके गले में बड़ी सुंदर माला को देख शिष्य दक्ष का मन माला पर गया और उन्हें दुर्वासा मुनि को साष्टांग प्रणाम करते हुए उसे सुंदर माला को गुरुदेव से मांग लिया। आचार्य भूपेंद्र शास्त्री करते हैं कि गुरुदेव संत से विनम्र व श्रद्धा भाव से मांगी गई चीज गुरु व संत शिष्य को खुशी खुशी दे देते हैं , और दुर्वासा मुनि ने भी दक्ष को अपनी माला डे दी, और कहा कि यह माला मुझे साक्षात शंकर ने दी है इस माल का अपमान मत करना , मगर दक्ष उस माला को ले जाकर सोते समय अपने सर के नीचे रख कर सो गया माला का अपमान होते ही महाराज दक्ष की बुद्धि भ्रमित हो गई, इसलिए श्रद्धा भाव से दी गई चीज का कभी अपमान नहीं करना चाहिए । नहींतो भगवान उसकी बुद्धि भ्रमित कर देते हैं।

इसी तरह आचार्य श्री ने श्रोताओं को शिव की अनेकों महिमा बताई। कथा का समापन शाम 4 बजे वह जहां सभापति सरोज अग्रवाल ने शिव पुराण की आरती की । इस अवसर पर गायत्री सोनी, रामकवर, , अलका दाधीच, लीला मोदी, चित्रा दाधीच, मीना अग्रवाल , साधना, कृष्णा दाधीच , चंदा सोनी, नेहा गर्ग सहित बसंत कुमार , एडवोकेट योगेंद्र दाधीच सहित कहीं महिलाएं पुरुष उपस्थित रहे ।

## दीपावली स्नेह मिलन समारोह में मेघवाल महासभा करेगी अतिथि सम्मान समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी ( महेश कुमार )।** मेघवाल महासभा के तत्वधान में आगामी 10 नवंबर को होने वाले दीपावली स्नेह मिलन समारोह में मेघवाल महासभा द्वारा अतिथि सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मेघवाल महासभा के कार्यकर्ता दिन रात कड़ी मेहनत कर रहे है। कार्यकर्ताओं के द्वारा समाज बंधुओ को घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र भी दिए जा रहे हैं अब आगामी 10 नवंबर को कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाने वाली है। राजस्थान प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल (बुरनखेड़ी) ने बताया कि समाज बंधु भी कार्यक्रम को लेकर काफी रुचि दिखा रहे और मेघवाल महासभा की जमकर सराहना कर रहे हैं। साथ ही मेघवाल महासभा से जुड़कर अपना योगदान दे रहे हैं शुक्रवार को भी प्रदेश अध्यक्ष इंद्र राज सिंह मेघवाल की अनुशंसा एवं प्रदेश महामंत्री बाबूलाल मेघवाल, प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल, उदयपुर संभाग अध्यक्ष प्रहलाद मेघवाल और कोटा संभाग अध्यक्ष सांवरलाल मेघवाल की सहमति से चित्तौड़ जिला अध्यक्ष राधा किशन मेघवाल एवं कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल ने गोयन्दा पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. बबलु मेघवाल भीमपुरा, रामगंज मंडी तहसील मंत्री विनोद कुमार मेघवाल मंडा, पंचायत धावद कला अध्यक्ष मोडू लाल मेघवाल, पंचायत धावद कला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार मेघवाल, पंचायत रेनखेडा अध्यक्ष गुलाबचंद मेघवाल, पंचायत रेनखेडा उपाध्यक्ष मांगीलाल मेघवाल को मनोनीत किया है जो अब मेघवाल महासभा के बैनर तले समाज के लिए कार्य करेंगे ।

## सफलता की कहानी : डेढ़ साल से बंद था सीताबाई का राशन

### जिला कलक्टर ने तुरंत शुरू करवाया

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण में लिए लगातार प्रयासरत हैं। नियमित जनसुनवाई और रात्रि चौपाल के माध्यम से आमजन की समस्याओं का हाथों हाथ निराकरण किया जा रहा हैं । इसी क्रम में जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को कपासन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बनाकिया कलां में आयोजित रात्रि चौपाल सीताबाई वैष्णव के लिए राहत भरी रही। उनका पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ा राशन जिला कलक्टर ने तुरंत शुरू करवाया। रात्री चौपाल में जनसुनवाई के दौरान सीता बाई के पुत्र मिट्ठू लाल वैष्णव अपनी माता कि समस्या लेकर जिला कलक्टर के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि लंबे वक्त से उनकी माता का नाम राशन कार्ड में जुड़ नहीं पा रहा है और इससे परिवार को करीब डेढ़ वर्ष से गेहूँ नहीं मिल रहा हैं। इससे परिवार चलाने में समस्या हो रही हैं। परिवाद को सुन जिला कलक्टर ने जिला रसद अधिकारी को तुरंत राशन कार्ड को वहां उपस्थित ई-मित्र के माध्यम से अपटेड करवा कर राशन शुरू करवाने के निर्देश दिये। जिला रसद अधिकारी ने सीता बाई का आधार कार्ड मंगवाकर उसे हाथों-हाथ अपडेट करवाया और उनकी ई- केवाईसी करवा दी। इस प्रकार सीताबाई का राशन फिर से शुरू हुआ।

# अग्रवाल समाज का अन्नकूट महोत्सव आज 151 महिलाओं की टीम संभालेंगी रसोई

### अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन कोटा के साथ विभिन्न अग्रवाल संस्थाएं मिलकर करेंगी आयोजन

### समाज के उत्थान व कुरूतियों को त्यागने का देंगे संदेश, झूठन नहीं छोड़ने की दिलाएंगे शपथ



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला कोटा के साथ अग्रवाल समाज की विभिन्न इकाइयों का अन्नकूट महोत्सव शनिवार को दशहरे मैदान में 5.30 बजे से होगा। संस्था के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल व महामंत्री रमेशचंद्र गोयल ने बताया कि मंच से सामाज के उत्थान व कुरूतियों को त्यागने का संदेश देते हुए जूठन नहीं छोड़ने की शपथ दिलाई जाएगी। प्री वेडिंग नहीं करने को लेकर जनजागृति के कारण अभी तक 60 फीसदी की कमी आई है। महोत्सव के दौरान विवाह के खर्च में कटौती के बारे में भी चर्चा की जाएगी। वहीं भामाशाहों व कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा। इस दौरान रसोई का जिम्मा महिलाओं को सौंपा गया है। प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। युवा अध्यक्ष सुमित जैन व महामंत्री लोकेश गुप्ता ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रुप में महापौर राजीव अग्रवाल भारती, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष और उत्सव आयोजन समिति के चेयरमैन विवेक राजवंशी, भाजपा शहर जिला महामंत्री जगदीश जिन्दल, समाजसेवी और भामाशाह संदीप चांदीवाला, सन्मति हरकारा, आरती गुप्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए हाड़ौती संभाग के सभी जिलों से अग्रबंधु पहुंचेंगे। ललित ऐरन ने बताया कि अग्रवाल समाज के सभी घरों में कूपन पहुंचा दिए गए हैं। समाज के एक- एक सदस्य को जोड़ने के लिए पीले चावल बांटकर आमंत्रित किया जा रहा है।

**25 समितियां गठित, महिलाएं संभालेंगी भोजन व्यवस्था :** मुख्य संयोजक सन्तोष राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के निमित्त 25 समितियों का गठन किया गया है। जिसमें भोजन समिति, मंच संचालन, अतिथि सत्कार समिति बनाई गई है। स्वागत अध्यक्ष हरिप्रसाद अग्रवाल व जिला समन्वयक नवल गर्ग ने बताया कि भोजन व आतिथ्य के लिए 151 महिलाओं की टीम गठित की है। महिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता व महामंत्री उमा सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान भोजन वितरण की व्यवस्था महिलाएं संभालेंगी। महिला संयोजिका शमा गुप्ता ने बताया कि सभी महिलाएं एक जैसी साड़ी में उपस्थित रहेंगी।

## टेल क्षैत्र में नहरी पानी पहुंचाने की मांग को लेकर देईखेडा थाने में किसानों का प्रर्दशन

### 11 नवम्बर तक पानी नही पहुंचने पर उपखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( नि.स. )।** जिले के कशोरायपाटन तहसील में लगातार टेल क्षेत्र में पर्याप्त नहरी पानी नही पहुंचने पर किसानो में सीएडी प्रशासन के विरूद्ध आक्रोश व्याप्त हो रहा है। विधायक सीएल प्रेमी ने हाल ह में संभागीय आयुक्त कोटा व श्रेणी अधीक्षण अभियंता को भी पत्र लिखकर किसानो की समस्या से अवगत कराते हुए कहा था कि लगातार टेल क्षैत्र के किसानों को नहरी पानी का इंतजार पेट्रोलिंग व मोनिटरिंग के लिए अवगत कराया था । मगर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और देईखेडा कस्बे के बस स्टैंड पर किसान शुक्रवार को 11.30 बजें एकत्रित हुए व सीएडी प्रशासन के नारेबाजी करते हुए थाने में प्रर्दशन कर थानाधिकारी अजित सिंह को संभागीय आयुक्त कोटा के नाम ज्ञापन सौंपा

देईखेडा सरपंच राजकुमार मीना, विधायक प्रतिनिधि अशोक मीना ने कहा कि सीएडी प्रशासन द्वारा नहरो में 25 अक्टूबर को पानी का जल प्रवाह किया था परन्तु सीएडी विभाग द्वारा ना तो मोनिटरिंग की ना ही पेट्रोलिंग की गई जिससे टेल क्षैत्र में पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी नही पहुंचा और टेल क्षैत्र कापरेन ब्रांच के देईखेडा, नोताडा, ढगारिया,झपाइता, डडवाडा पाटन ब्रांच के घाट का बराना,कोटा खूर्द, लबान गुहाटा बगली बहडावली खाख्टा माखीदा पापडी आदि गांवों की माइनरे सुखी पडी है सरपंच बद्रीलाल मीना, किसान नेता नरेंद्र बहडावली,ने कहा कि सीएडी प्रशासन जानबूझकर टेल क्षैत्र के किसानों को गुमराह कर परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे क्षैत्र के किसानों मजबूर आंदोलन की राह में उतारू हो गए हैं । वही दूसरी ओर डीएपी युरिया किल्लत से किसान इधर उधर भटकने पर मजबूर है खाद के साथ जबरन अटेचमेंट थमाया जा रहा है जिससे किसान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे ।

**प्रदर्शन मे यह किसान शामिल :** किसान नेता महेश मीना लबान,मंडल अध्यक्ष राम-लक्ष्मण मीना, अध्यक्ष प्रहलाद प्रतिहार,चहीचा माईनर अध्यक्ष शम्भू दयाल, सहकारी सदस्य गोपाल राठौर, कांग्रेस नेता रमेश गूर्जर बलदेव पुरा, धर्म राज जुंडवाल, ओमप्रकाश जुंडवाल, राकेश मीना,आदि दर्जनों भर गांवों के किसान प्रर्दशन में शामिल हुए।

# डिपो के अधिकारियो की हठधर्मिता से एक सप्ताह से शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर फैली गंदगी

## लगातार खबर प्रकाशित होने और नागरिको की शिकायत पर कलेक्टर ने लगाई फटकार

### धौलपुर डिपो के अधिकारियों ने आकर की सफाई कर्मी से वार्ता, जल्द भुगतान का आश्वासन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर पिछले एक सप्ताह से सफाई कार्य नहीं होने के चलते गंदगी का आलम पसरा हुआ था। ऐसे में रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर लगातार खबर प्रकाशित होने पर जिला कलेक्टर ने मामले में संज्ञान लिया है और धौलपुर डिपो के अधिकारियों को लताड़ लगाई है। जिसके बाद शुक्रवार को रोडवेज बस स्टैंड डिपो के अधिकारी पहुचे और मामले की जानकारी ली साथ मे सफाईकर्मी के मानदेय मामले में सुनवाई करते हुए जल्द भुगतान करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद सफाईकर्मी और उसके परिवार द्वारा बस स्टैंड पर सफाई कर शुरू कर दिया गया है।

धौलपुर रोडवेज डिपो से आए अधिकारी रामदुलारे शर्मा ने बताया कि बाड़ी रोडवेज बस स्टैंड पर सफाई कार्य के लिए ठेका दिया हुआ है। जिसका कार्य करने वाले सफाई कर्मी का कुछ महीने से भुगतान बकाया था।





यह भुगतान भरतपुर से होता है। जिसमें कोई तकनीकी खामी आ गई थी। इस वजह से कार्मिक द्वारा सफाई कर नहीं किया गया। जिससे परेशानी पैदा हुई है। अब कार्मिक शिवम वाल्मीकि और उनके परिवार जनों से वार्ता हो गई है। जल्द भुगतान करा दिया जाएगा। उसने सफाई कर भी शुरू कर दिया है।

**एक रुपये किराए पर है रोडवेज बस स्टैंड की जगह :** बाड़ी नगर पालिका द्वारा रोडवेज बस स्टैंड की जगह को एक रुपए किराए पर रोडवेज डिपो को दिया हुआ है। जिससे शहर में रोडवेज बस स्टैंड की सुविधा लोगों को मिलती रहे। इस बस स्टैंड पर एक कैंटीन चलती है जिनका मासिक किराया रोडवेज डिपो द्वारा बीस हजार रुपये प्रति माह लिया जाता है लेकिन यात्रियों को सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। यहां पर बैठने की कुर्सी,पानी की प्याऊ, सुलभ शौचालय आदि स्वयंसेवी संस्थाओं एवं नगर पालिका द्वारा ही बनाए गए है। फिर भी सफाई कार्मिक का भुगतान नहीं होना रोडवेज अधिकारियों की हठधर्मिता को दर्शाता है।

### लगातार लगाई अधिकारियो से गुहार,नहीं की सुनवाई

सफाईकर्मी शिवम वाल्मीकि ने बताया की वह 03 हजार मासिक मानदेय पर काम करते हैं। जिसमें उनके परिवार भी सहयोग करता है। सात महीने से भुगतान नहीं हुआ था। ऐसे में वह परेशान थे । दीपावली के त्योहार पर भी परिवार में आर्थिक तंगी रही। जिसको लेकर कई बार धौलपुर रोडवेज डिपो जाकर अधिकारियों के चक्कर लगा चुके है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में उन्होंने पिछले एक सप्ताह से काम नहीं किया। अब अधिकारियों ने आश्वासन दिया है। जिस पर काम शुरू कर दिया है। 15 नवंबर तक भुगतान की बात कही है।

# एएनएम प्रशिक्षण केंद्र 3 दिन का ध्यान शिविर

## एएनएम छात्राओं को ध्यान की विभिन्न तकनीकों का किया अभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के एएनएम प्रशिक्षण केंद्र पर तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। 5 नवंबर से शुरू हुए तीन दिवसीय ध्यान शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। जिस शिविर में हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक ने एएनएम की छात्राओं को ध्यान की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया। जिला मुख्यालय पर 5 नवंबर से 7 नवंबर तक हार्टफुलनेस संस्था द्वारा लगाए गए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हार्टफुलनेस प्रशिक्षक बृजलाल शाक्य ने स्टाफ के साथ छात्राओं को ध्यान की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया। जिसके तहत पहले दिन रिलैक्सेशन के साथ ध्यान, दूसरे दिन सफाई के साथ ध्यान और तीसरे दिन प्रार्थना के साथ ध्यान का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में उपस्थित सभी छात्राओं और स्टाफ ने ध्यान करते समय शांति,



संतोष और हल्कापन महसूस किया। संस्था के प्रशिक्षक ने बताया कि हार्टफुलनेस ध्यान का नियमित अभ्यास मानसिक शांति, तनावमुक्ति और आत्मिक विकास में सहायक हैं। जो कि आज के तनावपूर्ण जीवन में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसे आधुनिक जीवन शैली में आसानी से अपनाया जा सकता है। तीन दिनों तक लगाए गए शिविर में संयोजक हेमंत कुमार शर्मा और वालंटियर के रूप में मनोज कुमार गुप्ता एवं प्रिंसिपल कल्पना सेंगर सहित स्टाफ और एएनएम की छात्राएं शिविर में शामिल हुईं।

# राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सीएम के ओएसडी से की मुलाकात, सौंपा मांगपत्र

## बूंदी के शिक्षक मनीष मीणा के बूढ़े बाप के लिए मांगा आर्थिक पैकेज , सभी हत्यारों की गिरफ्तारी की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान के नेतृत्व में जयपुर में मुख्यमंत्री के नाम सीएमआर में सीएम के ओएसडी को मांगपत्र सौंपकर बूंदी के शिक्षक मनीष मीणा के सभी हत्यारों को गिरफ्तार कर कठोर सजा दिलवाने एवं परिवार को आर्थिक सहायता पैकेज देकर संबलन्न प्रदान करने की मांग की है। संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि सीएम को प्रेषित ज्ञापन में लिखा है कि पिछले दिनों बूंदी जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सोधिया की झोपड़ियां ग्राम पंचायत नमाना में कार्यरत युवा



अध्यापक मनीष कुमार मीणा की असामाजिक तत्वों ने बेहरमी से हत्या कर दी गई है।

इस जघन्य हत्या को लेकर पूरे प्रदेश के शिक्षक वर्ग में बेहद आक्रोश व्याप्त है ।अभी तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है न परिवार को कोई सहायता मिली है। मृतक मनीष कुमार मीणा अपने परिवार का इकलौता कमाने बाला था। उनके बूढ़े माता पिता की देखभाल परिवार संचालन हेतु कोई भी कमाने वाला नहीं बचा है। संघ ने सरकार से मृतक मनीष कुमार मीणा के बूढ़े मां-बाप को संबलन प्रदान करने के लिए एक करोड़ की सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने,मृतक शिक्षक के परिजनों को शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति एवं समस्त राजकीय परिलाभ प्रदान कराए जाने तथा मृतक अध्यापक के सभी हत्यारों को गिरफ्तार कर स्पेशल केस स्कीम के तहत कठोर सजा दिलाये जाने का आग्रह किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने प्रेषित ज्ञापन में चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही उपरोक्त मांगों पर सरकार की ओर से कार्यवाही नहीं की तो संगठन की ओर से राज्य व्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम प्रताप मीणा, प्रदेश सलाहकर दशरथ सिंह सोलंकी ,प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, कोषाध्यक्ष सीताराम शर्मा संयुक्त प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री सज्जन सिंह यादव धौलपुर जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर, राजसमंद जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह चुंडावत सहित कई प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आगामी सावों पर बाल विवाह रोकने हेतु निकाली रैली



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर और निदेशालय बाल अधिकारिता विभाग एवं महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार आगामी वैवाहिक सावों पर बाल विवाह प्रतिषेध सुनिश्चित करने के लिए जनजागरूकता अभियान एक्शन प्लान के तहत शुक्रवार को बाड़ा हैडरशाह महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय से सिटी जुबली हाल तक रैली का आयोजन किया गया। रैली में सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे रेखा यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। एडीजे यादव द्वारा बताया गया कि आगामी सावों पर बाल विवाह रोकने हेतु प्राधिकरण तत्पर है और किसी भी माध्यम से सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जावेगी। सहायक निदेशक डीसीपीयू विश्व देव पांडेय द्वारा बताया गया कि चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर किसी भी समय फोन कर बाल विवाह की गोपनीय शिकायत दर्ज की जा सकती है। इसके अतिरिक्त कार्यालय के दूरभाष संख्या 05642-299112 तथा बाल कल्याण समिति में भी शिकायत गोपनीय रूप से दर्ज कराई जा सकती है। रैली के दौरान लगभग 120 से अधिक बालिकाएं, स्काउट गाइड के छात्र सम्मिलित हुए एवं बाल विवाह निषेध का संदेश दिया गया। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अब गाँव का सरपंच भी बाल विवाह के लिये सीधे तौर पर जिम्मेदार बनाया गया है एवं उस पर भी मुकदमा चलाये जाने का प्रावधान है। प्रिंटिंग प्रेस वालां को भी बाल विवाह रोकथाम हेतु शादी के कार्डों पर जन्मतिथि लिखने हेतु निर्देश जारी किये हुए हैं। रैली में निजी सहायक जगदीश जादौन, ओआरडब्ल्यू योगेश शर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट कनुप्रिया कौशिक, स्कूली बालिकाएं, काउंसलर शाहिदा फारूकी, पूजा शर्मा सहित बाड़ा हैडरशाह और सिटी कोतवाली स्कूल की बालिकाएं और शिक्षिकाएं सम्मिलित हुई।

# अवैध शराब बिक्री को लेकर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई : तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, नगदी और मोबाइल किए जब्त

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** बाड़ी में कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री और स्टॉक को लेकर मुखबिर तंत्र के सहयोग से कार्रवाई करते हुए तीन शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से अवैध देशी और अंग्रेजी शराब के साथ बिक्री की नगदी और मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में कार्रवाई कर रही है। कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर वांछित अपराधियों के साथ जुआ, सट्टा और अवैध शराब बिक्री को लेकर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में जरिए मुखबिर तंत्र सूचना मिलने पर एसआई हरवीर सिंह, एएसआई जितेंद्र सिंह, एएसआई लालमन सिंह के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया। पहली टीम द्वारा शहर के संत नगर रोड पर ढाबे के पास से एक आरोपी सोनू परमार



पुत्र अर्जुन सिंह ठाकुर निवासी ठाकुर पाड़ा बाड़ी को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से देसी शराब के 100 पव्वे और बिक्री की राशि 690 रुपए बरामद की गई। वहीं दूसरी टीम द्वारा संत नगर रोड पर कार्रवाई करते हुए आरोपी कल्लू उर्फ कर्दम सिंह पुत्र श्यामसुंदर ठाकुर निवासी ठाकुर पाड़ा को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 16 बीयर, 60 अंग्रेजी शराब के पव्वे, एक मोबाइल और 270 की नगदी बरामद की है। तीसरी टीम द्वारा सूचना पर शहर के सीताराम बाजार स्थित एक तंग गली से अवैध शराब बिक्री के एक महीने से फरार चल रहे आरोपी दशरथ उर्फ मामा यादव को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ थाने पर पूर्व में मामला दर्ज है। तीनों आरोपियों से अब पुलिस पूछताछ की जा रही है। आबकारी अधिनियम में सभी के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

## पी.एम. स्वनिधी योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

# स्ट्रीट वेंडर्स को स्वरोजगार हेतु बैंक ऋण प्रदान करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** पी.एम. स्वनिधि योजना के अन्तर्गत स्ट्रीट वेण्डर्स को स्वरोजगार हेतु ऋण देने एवं उनके परिवार जनकल्याण्कारी योजनाओं से जोड़ने हेतु जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने 18 नवम्बर से 2 दिसम्बर 2024 तक स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा आयोजित कर कैंप लगाकर नगरीय निकायों में स्ट्रीट वेण्डर्स को चिन्हित कर उन्हे स्वरोजगार हेतु बैंकों से अधिकाधिक ऋण देने हेतु जिला अग्रणी बैंक



प्रबंधक को निर्देशित किया। उन्होंने स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के अन्तर्गत स्ट्रीट वेण्डर्स के स्वीकृत ऋण आवेदन पत्रों का निस्तारण 15 दिवस में कर ऋण वितरण करने, स्ट्रीट वेण्डर्स एवं उनके परिवारों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना पी.एम. सुरक्षा बीमा योजना, पी.एम. जीवन ज्योति बीमा योजना, पी.एम. जन-धन योजना, पी.एम. जननी सुरक्षा योजना, पी.एम. श्रम योगी मानधन योजना, पी.एम. वन नेशन वन राशन कार्ड, पी.एम. मातृ वंदना योजना, बी. ओ. सी. डब्ल्यू. योजनाओं के लाभ दिये जाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, आयुक्त नगर परिषद अशोक शर्मा, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग भूपेश गर्ग, जिला परियोजना अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भरतपुर के भाजपा नेताओं ने दौसा विधानसभा उपचुनाव में जगमोहन मीणा के समर्थन में मजबूती से संभाली कमान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ दौसा ( आशीष वर्मा )।** अगामी 13 तारीख को होने वाले दौसा विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी जगमोहन मीणा के समर्थन में भरतपुर के प्रमुख भाजपा नेताओं ने समाज की बैठकें एवं बूथ मैनेजमेंट की व्यवस्था तथा बूथ को मजबूत करने हेतु कार्य विधानसभा में शुरू की बूथौं का सत्यापन कर उनकी बैठक है युवा, किसान व महिला मोर्चा की बैठकें ली । मंदिरों के प्रमुख व समाज के प्रमुख व्यक्तियों से मिलकर उन्हें पार्टी के भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जोड़ने व बूथ बैठक कर बूथौं को मजबूत करने का महत्वपूर्ण बूथ माइक्रो मैनेजमेंट का कार्य भरतपुर के प्रमुख कार्यकर्ता भानु प्रताप राजावत पूर्व प्रदेश मंत्री ,अरविंद पाल सिंह पूर्व प्रदेश मंत्री ,गिरधारी गुप्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष ,डॉ सुधा चौधरी पूर्व जिला उपाध्यक्ष, सत्येंद्र पथैना प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, अरुण प्रधान प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा ,मुकेश सिंगल पूर्व जिला मंत्री, कुलदीप पोसवाल पुर्व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ने संभाली वह प्रत्येक दिन प्रत्याशी के प्रमुख कार्यालय पर बैठक कर समीक्षा व कमियों को दूर करने का कार्य शुरू किया।

# अवैध शराब तस्करी केस में तीन आरोपी गिरफ्तार : एक साल से राजाखेड़ा की दिहोली पुलिस कर रही थी पीछा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा उपखंड की दिहोली थाना पुलिस ने अवैध शराब के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी करीब एक साल से फरार चल रहे थे, और इनमें से एक आरोपी थाना स्तर पर टॉप 10 वांछित अपराधियों में शामिल था। दिहोली थानाधिकारी परमजीत सिंह ने बताया- एडिशनल एसपी मनोज शर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के मामले में अनुसंधान किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस टीम ने प्रमोद शर्मा, हरिओम सिंह और छविराम सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी प्रमोद शर्मा उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के ताजगंज थाना सदर क्षेत्र के जंगजीत नगर का निवासी है। वहीं, हरिओम सिंह धौलपुर जिले के निहालगंज थाना क्षेत्र के पुष्पांजलि बिहार कॉलोनी का निवासी है, और छविराम सिंह राजाखेड़ा के वार्ड नंबर 12 का निवासी है। तीनों आरोपी अवैध शराब के मामले में फरार चल रहे थे। इस कार्रवाई में दिहोली थानाधिकारी परमजीत सिंह के साथ कांस्टेबल जयकुमार, सत्यपाल आदि भी मौजूद रहे।

# रविवार 10 नवंबर को मतदान केन्द्रों पर बैठेगें बीएलओ

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्धारित कार्यक्रमानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत विशेष अभियान की तिथि 10 नवम्बर, 2024 (रविवार) को समस्त बूथ लेवल अधिकारी सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आम मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे 10 नवम्बर, 2024 (रविवार) को सम्बन्धित मतदान केन्द्र पर पहुँच कर मतदाता सूची में नाम जोड़न, हटाने एवं संशोधन हेतु बीएलओ को आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि प्रारूप–6 में दिनांक 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं के नाम सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। प्रारूप–7 में मृत/अन्यन्त्र स्थानान्तरित/दोहरी प्रविष्टी वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।प्रारूप–8 में निवास का स्थानांतरण, मतदाता सूची में दर्ज प्रविष्टियों मे संशोधन, डूप्लिकेट वोटर आई.डी. कार्ड हेतु, दिव्यांगजनो का चिन्हिकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# तीन कार्मिकों को दिए कारण बताओ नोटिस एवं मेट को किया ब्लेकलिस्ट

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भूदयाल मीणा द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत एनएमएमएस के माध्यम से कार्यस्थल पर उपस्थित श्रमिकों के अनुसार उपस्थिति अपलोड करने तथा ग्राम पंचायत में नियोजित कार्मिकों द्वारा रोटेशन के आधार पर प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश जारी किए गए थे।

पंचायत समिति पिड़ावा मुख्यालय सुनेल के विकास अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि उक्त आदेशों के बाद भी ग्राम पंचायत शेरपुर, सोयला, कनवाड़ी के मेटों द्वारा श्रमिकों की ऑनलाईन उपस्थिति फोटो के माध्यम से अपलोड करने के कारण उपरोक्त आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित कनिष्ठ तकनीकी सहायक जितेन्द्र फागणा, ग्राम विकास अधिकारी तेज कुमार गोचर एवं कनिष्ठ सहायक राहुल गौतम को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। साथ ही संबंधित मेट गायत्री बाई को ब्लेकलिस्ट कर दिया गया है।

# श्री चन्द्रभागा मेले के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

## उत्साह एवं उमंग के साथ करें मेले का आयोजन - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** श्री चन्द्रभागा कार्तिक मेले के दौरान 14 से 16 नवम्बर तक जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि इस वर्ष जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा श्री चन्द्रभागा कार्तिक मेले को नवीन स्वरूप एवं नई गतिविधियों के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस वर्ष मेले का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि चन्द्रभागा मेले में स्थानीय उत्पादों, स्थानीय खाद्य पदार्थों सहित स्थानीय लोक कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिसके तहत इस वर्ष मेले में फूड प्लाजा बनाया जा रहा है जहां स्थानीय एवं पारम्परिक खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए जाएंगे। वहीं झालावाड़ विकास प्रदर्शनी में स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे तथा मेले के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय लोक कलाकारों को उनकी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया जाएगा। बैठक में जिला कलक्टर ने 14 से 16 नवम्बर तक आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के समन्वयक एवं सह समन्वयक को कार्यक्रमों की तैयारियों एवं उनमें भाग लेने वाले लोगों तथा आमजन की सुविधा हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका झालरापाटन के अधिशासी अधिकारी को शोभायात्रा के दौरान बच्चों, महिलाओं एवं अन्य लोगों के खाने–पीने आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मेले के दौरान एम्बुलैंस सहित स्वास्थ्य सेवाओं हेतु मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चन्द्रभागा मेले के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में उनके विभाग के सभी कार्मिकों द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लिया जाए। जिला कलक्टर ने झालावाड़ किचन क्विन प्रतियोगिता में भी झालावाड़ व हाड़ौती के प्रसिद्ध एवं पारम्परिक व्यंजनों को बनाने हेतु प्रतिभागियों को प्रेरित करने के निर्देश राज्य होटल प्रबंध संस्थान के प्राचार्य प्रभारी को दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि झालरापाटन को धार्मिक नगरी के रूप में जाना जाता है, इसलिए इस बार मेले में मुख्य आर्कषण के रूप में बालोतरा के भजन सम्राट प्रकाश माली की भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। इसकी समस्त तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर ने पर्यटन अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी एवं मेला मजिस्टेऊट अभिषेक चारण, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान, नगर पालिका झालरापाटन के अधिशासी अधिकारी हेमेन्द्र कुमार, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. टी.ए. बन्सोड, तहसीलदार झालरापाटन नरेन्द्र मीणा, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक अमृतलाल मीणा, पर्यटन अधिकारी सिराज कुरैशी, राज्य होटल प्रबंध संस्थान के प्राचार्य प्रभारी महेश कुमार बैरवा, शारीरिक शिक्षक अलीम बेग सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस पर स्टीकर विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस पर 7 नवंबर गुरुवार को जिला कलक्टर नमित मेहता ने स्काउट स्टीकर का विमोचन किया। सीओ स्काउट अनीता तिवारी ने बताया कि इस स्टीकर विमोचन के पश्चात समस्त स्टीकर जिले के विभिन्न संस्थानों में सशुल्क दिए जाएंगे। संधारित राशि को नेशनल हेड क्वार्टर के माध्यम से देशभर में भूकंप, बाढ़ पीड़ित, व अन्य आपदाओं के समय इस राशि का उपयोग किया जाएगा। स्टीकर विमोचन के अवसर पर सी. ओ. स्काउट विनोद कुमार , सी.ओ.गाइड अनीता तिवारी, स्थानीय संघ सचिव आयुष सैनी, राष्ट्रपति रोवर विनोद तेली उपस्थित रहे।

# अन्ता डीएपी खाद नही मिलने से किसानो की बड़ी परेशानिया, दुकान पर लग रही लम्बी लम्बी कतारे, रोड़ हुए जाम

## पिछले पांच साल में खाद के लिए हल्ला बोलने वाले अपनी नाकामी के लिए मात्र दो-दो कट्टे के लिए लाइन में मुँह छुपाते फिर रहे है, खाद की कालाबाजारी कानून की बिगड़ी व्यवस्था के खिलाफ हल्ला बोलने वाले हुए खामोश

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** डीएपी खाद की कमी के कारण अंता क्षेत्र के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानों पर खाद के लिए लंबी कतारें लगने से सड़कों पर जाम की स्थिति बन रही है। पिछले पांच वर्षों में खाद की मांग के मुद्दे पर आवाज उठाने वाले लोग आज अपनी असफलता के कारण केवल दो–दो कट्टे के लिए लाइन में लगकर मुंह छुपाने को मजबूर हैं।





### खाद की कालाबाजारी और कानून-व्यवस्था पर सवाल

खाद की कालाबाजारी और कमजोर कानून व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोग अब चुप्पी साधे हुए हैं। अंता क्षेत्र के किसानों को इस समय टेल तक पानी न मिलने से भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, और खाद की कमी ने उनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया है।

### गंभीर संकट में किसान

अंता क्षेत्र के अधिकांश इलाकों में गेहूं की बुवाई शुरू होने वाली है, लेकिन खाद की कमी के कारण किसान खेतों को तैयार नहीं कर पा रहे हैं। सरसों और लहसुन की पहली सिंचाई का समय है, जिसके लिए किसानों को खाद की अत्यधिक आवश्यकता है। वहीं, खाद के लिए लंबे समय तक इंतजार करने के बाद भी किसानों को मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है।

### महिलाओं सहित किसान लाइनों में मजबूर

जिले के अंता और मांगरोल क्षेत्र में किसान खाद की किल्लत से परेशान हैं। सुबह की ठंड में भी किसान दुकान खुलने के तीन घंटे पहले से लाइन में लग जाते हैं। कई किसानों को आधार कार्ड और राशन कार्ड दिखाने के बावजूद केवल दो–दो कट्टे ही मिल रहे हैं। साथ ही, खाद के साथ जबरन कम्पोस्ट का कट्टा भी थमाया जा रहा है, जिसे कई किसान नहीं लेना चाहते हैं।

### अतिरिक्त सामान का आर्थिक बोझ

खाद कंपनियां किसानों को डीएपी खाद के साथ जबरन अन्य उत्पाद जैसे जिंक अटैचमेंट दे रही हैं, जो उनकी जरूरत का नहीं होता। इससे किसानों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कंपनियों के इस जबरन थोपे गए अटैचमेंट के बिना खाद नहीं मिलने की समस्या से किसान ही नहीं, बल्कि दुकानदार और स्टॉकिस्ट भी परेशान हैं। किसानों का कहना है कि यह जबरन थमाया हुआ सामान उनके काम का नहीं होता, लेकिन जरूरत नहीं होने के बावजूद खाद लेने के लिए उन्हें खरीदना पड़ रहा है। कृषि विभाग के अधिकारी भी इस मामले में कोई ठोस समाधान देने में असमर्थ दिख रहे हैं।

# बारां मेडिकल कॉलेज की सभी 100 सीटें भरी: 11 नवंबर से शुरू होंगी कक्षाएं, 11 सीटों पर स्टे राउंड में मिले स्टूडेंट्स

बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां ( शफीक मंसूरी )।** नीट यूजी के तहत मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। तीसरे और चौथे चरण की काउंसिलिंग के बाद स्टे राउंड भी पूरा हो गया है। स्टे राउंड में शेष रही 11 सीटों पर भी काउंसिलिंग के माध्यम से स्टूडेंट्स मिल गए हैं। ऐसे में अब बारां मेडिकल कॉलेज में पहले ही सत्र की सभी 100 सीटें भर गई हैं। स्टे राउंड के तहत स्टूडेंट्स 7 नवंबर तक रिपोर्टिंग कर सकते हैं।बारां मेडिकल को पिछले दिनों 100 सीटों के लिए संचालन स्वीकृति मिली है। इसके बाद मेडिकल काउंसिल कमेटी की ओर से काउंसिलिंग के तहत स्टूडेंट्स को कॉलेजों का आवंटन किया गया। दूसरे चरण की काउंसिलिंग से बारां मेडिकल कॉलेज को स्टूडेंट्स मिलना शुरू हो गए। दूसरे, तीसरेऔर चौथे चरण की काउंसिलिंग तक बारां मेडिकल कॉलेज की 100 में से 89 सीटों पर ही स्टूडेंट्स मिले थे। शेष रही 11 सीटों पर स्टे राउंड के तहत एडमिशन प्रक्रिया पूरी की गई है। स्टे राउंड में शेष रही 10 गवर्नमेंट और एक मैनेजमेंट सीट पर भी स्टूडेंट्स मिल गए हैं। ऐसे में पहले ही सत्र में बारां मेडिकल कॉलेज की सभी 100 सीटें भर गई हैं। स्टे राउंड के तहत रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि गुरुवार 7 नवंबर है। 11 में से 6 स्टूडेंट्स ने बुधवार को रिपोर्टिंग कर ली है।





### डॉक्टर के कर्तव्य की जानकारी दी

मेडिकल कॉलेज में पहले शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 14 अक्टूबर से कर दी थी। इस दौरान एनएमसी की गाइडलाइन के तहत 14 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें नव प्रवेशित मेडिकल स्टूडेंट्स की व्हाइट कोट सेरेमनी, चरक शपथ दिलाई गई।

साथ ही उन्हें समाज के प्रति डॉक्टर के कर्तव्य, जिम्मेदारियां, मरीजों के प्रति व्यवहार आदि के बारे में जानकारी दी गई। वहीं इसके बाद भी काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत शेष सीटों पर एडमिशन प्रक्रिया जारी रही। अब एडमिशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 11 नवंबर से व्यवस्थित कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी। साथ ही एनएमसी की ओर से स्टूडेंट्स के एनरोलमेंट नंबर आदि भी जारी कर दिए जाएंग।

# भारतीय जनता पार्टी की कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** दिनांक 8/11/2024 को चित्तौड़गढ़ जिले में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के प्रभारी मुकेश गर्ग ने कार्यशाला को संबोधित किया एवं संगठन के बारे में चर्चा कर संगठन के आने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल स्तर पर भी इसी तरह की कार्यशाला आयोजित करेगी ।

मीडिया प्रभारी पदमा सोनी ने बताया कि कार्यशाला में सदस्यता अभियान , सक्रिय सदस्यता अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। रावतभाटा से चित्तौड़ कार्यशाला में भाग लेने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला प्रभारी मुकेश गर्ग को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा, भेसरोड गढ़ अध्यक्ष सुनील जैन, महामंत्री रामेश्वर चौधरी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह बादल,आई टी प्रमुख पप्पू पंडित उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग के विकास कार्यो पर भ्रष्टाचार का ग्रहण

## उच्च स्तरीय जांच हो तो करोड़ों का मामला, अधूरे व जो कार्य हुए नहीं भुगतान हो गया



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** सार्वजनिक निर्माण विभाग के द्वारा जिले की सड़कों पर पटरी मरम्मत व जंगल सफाई (सड़क के किनारे उगे झाड़ झंगार) के लिए करोड़ों रुपये नरेगा के तहत सेंशन हुए थे। लेकिन समाचार पत्रों में खुलासा होने के पश्चात नरेगा की मस्टररोल खाली जमा करवा कर मामले को समाप्त करने का प्रयास किया गया। असल में यह कार्य ग्राम पंचायतो के सुपुर्द कर दिया जाता तो संभवतया दस प्रतिशत राशि में कार्य संभव था। उसमें में भी कमीशन की कमाई होती । इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता। माधोपुर चोराहा से लेकर बंजारी की ओर तीन किलोमीटर से ज्यादा नहीं है। उसमें भी क़रीब दो किलो मीटर सड़कों से सटवा दोनों ओर खेत मालिको ने पत्थर की चुनावी कर दिवार बना रखी है। इसमें कोनसी सफाई ओर पटरी निर्माण कार्य हुआ होगा यह सार्वजनिक निर्माण विभाग जाने। पटरी मरम्मत कार्य की कोई गुंजाइश नहीं दोनों और पटरी ठीक है। तो सीमेंट गिट्टी इत्यादि सामग्री कहा खर्च हुई या होगी। कुछ सफाई कार्य तो हुआ जेसीबी से लेकिन जगह छोड़कर। सुत्र बताते है यह कार्य प्रतिवर्ष साल में एक दो बार करवाया जाता है जानकारी के अभाव में सरकारी धन को व्यर्थ किया जा रहा है

# "स्वस्थ नारी चेतना अभियान जिले में आरम्भ"

## "महिलाओं के सरवाईकल व ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग करेगे"

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग झालावाड़ द्वारा एनपीएनसीडी कार्यक्रम के अन्तर्गत "स्वस्थ नारी चेतना अभियान" का आरम्भ कैंसर केयर विभाग के अन्तर्गत जिले की आशाओं व एएनएम को एक दिवसीय प्रशिक्षण देकर किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं की लक्षणों के आधार पर स्क्रीनिंग करते हुए संभावित महिलाओं को नजदीकि चिकित्सा संस्थान तक पहुँचाकर उनकी गहन जॉच पश्चात् आवश्यकता होने पर उनका उपचार प्रारम्भ करवाया जावेगा।

इसी क्रम में शुक्रवार को अकलेरा में ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन उपमुख्य चिकित्सा एवं ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें चिकित्सा कार्मिको को अधिक से अधिक 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर तथा सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग करने हेतु पाबन्द किया गया। स्वस्थ नारी चेतना अभियान का आयोजन दिनांक 7 नवम्बर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक किया जाना है। जिसका मुख्य ध्येय 30 प्लस आयु की महिलाओं की ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के संबंध में जागरूकता एवं स्क्रीनिंग किया जाना है। अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल स्तर पर कैंसर केयर युनिट के प्रभारी डॉ. अशोक नागर व रेडिएशन ओंकोलोजिस्ट डॉ. वैभव गगरानी द्वारा महिलाओं को ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के जागरूकता एवं उपचार के बारे में बताया जायेगा। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. लेखराज मालव ने बताया कि कैम्पों में आमजन को जागरूक करने के लिए प्रचार–प्रसार सामग्री वितरित की जाएगी तथा वीडियो के माध्यम से कैंसर के कारण, लक्षण एवं स्क्रीनिंग के संबंध में जागरूक किया जाएगा। ग्राम व वार्ड स्तर पर विद्यालयों में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रैली, संगोष्ठी, प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि कैंसर को लेकर सेवाओं के 4 मुख्य स्तम्भ जागरूकता, स्क्रीनिंग, डायग्नोसिस, उपचार व फॉलो अप को मजबूत करने के लिए द्वि–मासिक "स्वस्थ नारी चेतना अभियान" को प्रारम्भ किया गया है। जिसमें प्रत्येक जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आष्युमान आरोग्य मंदिर के स्टाफ द्वारा शहर से लेकर गांव तक तक गतिविधियां आयोजित होगी। ग्राम पंचायत स्तर पर कैंपों का आयोजन कर महिला शक्ति को कैंसर के विरुद्ध सशक्त किया जाएगा।



# श्रीश्याम निशान यात्रा का ऐतिहासिक आयोजन आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** श्री श्याम परिवार, चारभुजा समस्त नगर एवं क्षेत्र के श्याम प्रेमियों ओर विभिन्न संगठनों के सहयोग से रावतभाटा आयोजित प्रथम भव्य एवं विशाल श्रीश्याम निशान यात्रा का ऐतिहासिक आयोजन 08 नम्बर 2024 प्रात: 11.45 बजे से श्री महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ हुई । निशान यात्रा प्रारंभ से पूर्व सभी श्याम प्रेमियों ने विधिवत रूप से आए हुए निशानों की पूजा अर्चना की पंडितों ने मंत्रों के द्वारा विधिवत पूजा कराई । इस शुभ अवसर पर श्री श्याम परिवार चारभुजा के पदाधिकारी एवं सदस्य गण और समाज सेवक उपस्थित रहे । बाबा श्री श्याम का दरबार रामगंजमंडी से आए रिंकू वैष्णव ने किया। बाबा श्रीश्याम के आलौकिक रथ के दर्शन अनुनगरी के सभी भक्तों को दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । निशान यात्रा के दौरान श्रीश्याम बाजार से लेकर हाट चौक, सिनेमा चौराहा, फैंस सेकंड, अन टी सी गेट, गेट नंबर 4, बप्परावल चौराहा सहित विभिन्न समाज के संगठनों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया । कई कई स्थानों पर तो फटाके फोड़े गए । ड्रोन से पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा व धमाकेदार आतिशबाजी, हजारों कि संख्या मे श्रीश्याम निशान धारक व माताएँ –बहने, नगर एवं ग्राम से श्रीश्याम प्रेमियों का अपार जनसमूह देखते ही बन रहा है । कार्यक्रम के दौरान सांगोद से आए जाने माने डांसर मथुरा लाल ने निशान यात्रा के दौरान मन मोहक प्रस्तुति दी । निशान याता का विराम लगभग बाबा की आरती के साथ विराम हुआ।

## टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में संजू सैमसन ने ठोकी लगातार दूसरी सेंचुरी, भारत के लिए रच दिया इतिहास



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के ओपनर संजू सैमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में दमदार पारी खेली। बांग्लादेश के खिलाफ पिछले टी20 इंटरनेशनल मैच में उन्होंने तूफानी शतक जड़ा था और डरबन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ भी उन्होंने ऐसी ही तूफानी सेंचुरी जड़ी। वे भारत के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दो टी20 इंटरनेशनल मैचों में शतकीय पारी खेली। इस तरह उन्होंने भारत के लिए इतिहास रच दिया है। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार दो मैचों में दो शतक जड़ने वाले सैमसन दुनिया के चौथे क्रिकेटर बन गए हैं। उनसे पहले गुस्तव मैकियोन, राइली रोसो और फिल साल्ट ऐसा कर चुके हैं। इतना ही नहीं, इस आतिशी पारी के दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन 9 छक्के लगाए और इसी के साथ वे भारत के पहले ऐसे विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए, जिन्होंने दो बार एक पारी में 5 या इससे ज्यादा छक्के जड़े हैं। सिर्फ ईशान किशन एक बार ये काम भारत के लिए कर पाए हैं और अब सैमसन उनसे आगे निकल गए हैं। सैमसन की पिछली पारी में 8 छक्के थे। इस पारी में और भी ज्यादा छक्के हैं। इसके अलावा संजू सैमसन भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट की लगातार दो पारियों में 200 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

संजू सैमसन बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले अपनी जगह टी20 टीम में पक्की करने की ओर देख रहे थे। सीरीज के पहले दो मैच खराब रहे थे, लेकिन हैदराबाद में उनके बल्ले से शतक निकला, जो भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज शतक था। महज 40 गेंदों में सैमसन ने वो शतक जड़ा था और साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 47 गेंदों में 7 चौके और 9 छक्कों की मदद से लगातार दूसरा शतक टी20 इंटरनेशनल में पूरा किया। वे भारत के पहले ऐसे विकेटकीपर हैं, जिन्होंने दो शतक ङ्म20ढ्ढ क्रिकेट में जड़े हैं। संजू सैमसन ने 27 गेंदों में 3 चौके और 5 छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया, जो टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका तीसरा अर्धशतक था। हालांकि, अब ये शतक में बदल गया तो उनके नाम अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में दो शतक और दो अर्धशतक हैं। संजू सैमसन भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके 107 रनों से पहले डेविड मिलर ने 106 रन बनाए थे।

# डब्ल्यूपीएल ऑक्शन में उतरेंगी स्नेह राणा और इजी वॉन्ग

## आरसीबी ने इंग्लिश कप्तान हीथर नाइट को छोड़ा; 5 टीमों की रिटेंशन लिस्ट

**नई दिल्ली।**

विमेंस प्रीमियर लीग के मिनी ऑक्शन से पहले सभी 5 टीमों ने अपनी रिटेंशन लिस्ट रिलीज कर दी है। टीमों को प्लेयर रिटेंशन के बारे में आज शाम 5 बजे तक बताना था। स्नेह राणा, इजाबेल वॉन्ग और हीथर नाइट जैसी प्लेयर्स को टीमों ने रिलीज कर दिया है।

### स्टोरी में पांचों टीमों की रिटेंशन लिस्ट

**1. चैंपियन आरसीबी** ने 2 विदेशी प्लेयर्स रिलीज कीं 2024 का डब्ल्यूपीएल जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम ने 7 प्लेयर्स को रिलीज किया। इनमें 2 विदेशी भी शामिल हैं। टीम ने इंग्लिश कप्तान हीथर नाइट और पिछले सीजन उनका रिप्लेसमेंट बनने वालीं नदीन डी क्लर्क को रिलीज कर दिया।

स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली टीम ने एलिस पेरी, सोफी मोलिनिक्स, सोफी डिवाइन, जॉर्जिया वेयरहम और कैट क्रॉस को रिटेन किया। टीम ने ऑक्शन से पहले डैनी व्याट को भी यूपी वॉरियर्ज से ट्रैड कर अपने स्क्वॉड में शामिल किया।

**2. मुंबई इंडियंस** पहले सीजन की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने 18 प्लेयर्स को रिटेन किया और 4 को रिलीज कर दिया। रिलीज की गईं प्लेयर्स में सबसे बड़ा नाम इंग्लिश ऑलराउंडर इजाबेल वॉन्ग का है। उन्होंने पहले सीजन में टीम को चैंपियन बनाने में बड़ा योगदान दिया था।

मुंबई ने 5 विदेशी प्लेयर्स को रिटेन किया, जिनमें अमीलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेली मैथ्यूज, नैट सिवर-ब्रंट और शबनिम इस्माइल शामिल हैं। टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर, यस्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर और साइका ईशाक को भी रिटेन किया।

**3. दिल्ली कैपिटल्स** दोनों सीजन की रनर-अप रही दिल्ली कैपिटल्स टीम ने भी 4 ही प्लेयर्स को रिलीज किया। इनमें सबसे बड़ा नाम ऑलराउंडर लौरा हैरिस का रहा। उनके अलावा टीम ने भारतीय लेग स्पिनर पूनम यादव को भी रिलीज कर दिया।

दिल्ली ने 5 विदेशी प्लेयर्स रिटेन कीं। इनमें मेग लैनिंग, एलिस कैप्सी, मारिजान कैप, जेस जोनासेन और एनाबेल सदरलैंड शामिल हैं। टीम ने शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्ज, राधा यादव, शिखा पांडे और अरुंधति रेड्डी को भी रिटेन किया।

**4. यूपी वॉरियर्ज** एलिसी हिली की कप्तानी वाली यूपी टीम ने 5 प्लेयर्स को रिलीज कर दिया। टीम ने डैनी व्याट को आरसीबी के साथ ट्रैड किया, वहीं तेज गेंदबाज लौरेन बेल को रिलीज कर दिया। दोनों इंग्लैंड की प्लेयर हैं। टीम ने 3 भारतीय प्लेयर्स को भी जाने दिया।

यूपी की विदेशी प्लेयर्स में हिली के अलावा चमारी अटापट्टू, ग्रेस हैरिस, सोफी एक्लेस्टन और ताहलिया मैक्ग्रा शामिल हैं। इंडियन प्लेयर्स में टीम के पास किरण नवगिरे, दीप्ति शर्मा और श्वेता सहरावत हैं।




**5. गुजरात जायंट्स** डब्ल्यूपीएल के दोनों सीजन में पांचवें नंबर पर रही गुजरात जायंट्स ने 6 प्लेयर्स को रिलीज कर दिया। टीम ने स्नेह राणा, वेदा कृष्णमूर्ति और ली तहूहु को भी स्क्वॉड में नहीं रखा। उनकी विदेशी प्लेयर्स अब कप्तान बेथ मूनी, लौरा वॉल्वार्ट, फीब लीचफील्ड और एश्ले गार्डनर ही हैं। इंडियन प्लेयर्स में टीम के पास ज्यादा बड़े नाम नहीं हैं।

गुजरात के पास सबसे ज्यादा पर्स बाकी प्लेयर रिटेंशन के बाद 4 टीमों में 4-4 प्लेयर्स की जगह खाली हैं। जबकि यूपी में 3 ही प्लेयर्स की जरूरत हैं। एक टीम में 18 प्लेयर्स का स्क्वॉड रहता है। गुजरात के पास सबसे ज्यादा 4.40 करोड़ रुपए का पर्स है। वहीं, ऑक्शन में दिल्ली 2.50 करोड़ और मुंबई 2.65 करोड़ रुपए का पर्स लेकर उतरेगी। यूपी के पास 3.90 करोड़ और बेंगलुरु के पास 3.25 करोड़ रुपए बचे हैं।

# कानपुर की आउट फील्ड को खराब रेटिंग, डिमेरिट पॉइंट भी

## बांग्लादेश ढाई दिन में दो बार ऑलआउट; भारत ने जीता था मैच

**दुबई।**

आईसीसी ने कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम की आउट फील्ड को खराब रेटिंग दी है। इतना ही नहीं, स्टेडियम के खाते में एक डीमेरिट पॉइंट भी जुड़ गया है। हालांकि, काउंसिल ने ग्रीन पार्क की पिच को संतोषजनक रेटिंग दी है।

यहां भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला खेला गया था, जिसे भारतीय टीम ने महज ढाई दिनों के खेल में 7 विकेट से जीत लिया था। मुकाबले के पहले दिन 35 ओवर का ही खेल हो सका था, जबकि दूसरे और तीसरे दिन एक भी ओवर नहीं डाला जा सका था। वो भी तब, जब तीसरे दिन खेल के समय बारिश नहीं हुई थी।

लगभग ढाई दिनों का खेल बारिश में धुलने के बावजूद भारत ने 121.2 ओवर में ही बांग्लादेश के सभी 20 विकेट चटका दिए और खुद 52 ओवर में 7.36 के रन रेट से रन बनाते हुए 383 रन बनाते हुए जीत दर्ज की थी।

चेपॉक बहुत अच्छा; बेंगलुरु, पुणे और मुंबई संतोषजनक कानपुर के अलावा, चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम को बहुत अच्छा रेटिंग मिली है। जबकि न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला करने वाले मुंबई, बेंगलुरु और पुणे के मैदान की पिचों को संतोषजनक करार दिया गया है।

4 कैटेगरी में पिच रेट करता है आईसीसी किसी भी मैच या टूर्नामेंट के बाद आईसीसी



मैच रेफरी के रिव्यू के आधार पर संबंधित वेन्यू की रेटिंग करता है। यह रेटिंग 4 पैमानों में होती है। बहुत अच्छा, संतोषजनक, असंतोषजनक और अनफिट। असंतोषजनक रेटिंग पर वेन्यू के खाते में एक डीमेरिट अंक जोड़ा जाता है, जबकि अनफिट रेटिंग पर तीन डीमेरिट अंक मिलते हैं।

अगर किसी मैदान को पांच साल की अवधि में पांच या उससे अधिक डीमेरिट अंक मिलते हैं तब उस मैदान को 12 महीनों के लिए किसी भी इंटरनेशनल मैच की मेजबानी करने से प्रतिबंधित कर दिया जाता है।

आलोचना हुई तो, राजीव शुक्ला बचाव में आए मैच के दौरान कानपुर के स्टेडियम की काफी आलोचना हुई थी। ऐसे में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने (शुक्ला खुद भी कानपुर से हैं) बचाव किया था, हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि स्टेडियम के नवीनीकरण की जरूरत है।

पीडब्ल्यूडी विभाग ने असुरक्षित करार दिया था इस मैच से पहले पीडब्ल्यूडी विभाग ने ग्रीन पार्क के स्टैंड्स को असुरक्षित करार दिया था, इसके साथ ही विभाग ने पदाधिकारियों को दर्शकों के लिए सीमित संख्या में ही अपर लेवल की सीट मुहैया कराने के निर्देश दिए थे।

इस स्टेडियम का मालिकाना हक यूपी सरकार के पास है, जबकि राज्य सरकार के साथ हुए एमओयू के तहत उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम का उपयोग करता है। स्श्वहृ के अनुसार स्टेडियम और उसके देखरेख की जिम्मेदारी यूपीसीए के पास है।

# भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं जाएगी



## बीसीसीआई ने सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की, टीम अपने मैच दुबई में खेलना चाहती है

**नई दिल्ली।**

भारतीय टीम अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भेजे गए एक लेटर में अपने फैसले के पीछे सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया है। बोर्ड ने अपने सभी मैच दुबई में खेलने की इच्छा जताई है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा, यह हमारा फैसला है। हमने पीसीबी को लेटर लिखकर अपने मैच दुबई में कराने को कहा है।

चैंपियंस ट्रॉफी ड्राफ्ट शेड्यूल के मुताबिक अगले साल 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगी। इस इवेंट के मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में हो सकते हैं।

### मुंबई में आतंकी हमले के कारण 16 साल से पाकिस्तान नहीं गया भारत

भारतीय टीम ने 2007-08 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। 2008 में मुंबई पर आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से मना कर दिया। तब से दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी के टूर्नामेंट में ही खेलती हैं। 2013 के बाद से दोनों टीमें 13 वनडे और 8 टी-20 मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेल चुकी हैं।

### पिछले साल ओडीआई वर्ल्ड कप खेलने भारत आया था पाकिस्तान

पाकिस्तान की टीम पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

### भारत-पाकिस्तान आखिरी द्विपक्षीय सीरीज...

भारत का पाकिस्तान दौरा टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे।

पाकिस्तान का भारत दौरा पाकिस्तानी ने 2012-13 में भारत का आखिरी दौरा किया था। उस दौरे में 3 वनडे और 2 टी-20 मैचों की बाइलैटरल सीरीज खेली गई थी। वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर रही थी।

### पाकिस्तान को मिली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी

चैपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को दी गई है। पीसीबी ने टूर्नामेंट के वेन्यू और शेड्यूल का ड्राफ्ट आईसीसी को सौंप दिया है। टूर्नामेंट अगले साल फरवरी-मार्च में खेला जाना है। ड्राफ्ट के मुताबिक, भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं।

शेड्यूल के मुताबिक भारत के तीन मैच 20 फरवरी (बांग्लादेश से), 23 फरवरी (पाकिस्तान से) और 2 मार्च (न्यूजीलैंड से) को होने हैं। भारत के सभी मैच लाहौर में खेले जा सकते हैं।

### पाकिस्तान को एशिया कप की मेजबानी मिली, भारत के मैच श्रीलंका में हुए

पिछले साल एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी। तब भी भारत ने पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था। इसके बाद यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' पर हुआ था। भारत के मुकाबले श्रीलंका में कराए गए थे। कोलंबो में हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर चैंपियनशिप जीती थी।

# अल्जारी जोसेफ पर 2-मैच का प्रतिबंध, कप्तान से बहस की

## मैदान भी छोड़ा था, विंडीज टीम 10 फील्डर्स के साथ खेलती रही



**नई दिल्ली।**

तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ 2 मैच के लिए बैन कर दिए गए हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने फील्ड प्लेसमेंट को लेकर कप्तान शाई होप के साथ बहस करने के लिए उन पर प्रतिबंध लगाया है। 27 साल के तेज गेंदबाज जोसेफ मैच के बीच में मैदान छोड़कर बाहर भी चले गए थे।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने गुरुवार को एक बयान में कहा- जोसेफ का व्यवहार सीडब्ल्यूआई के प्रोफेशनलिज्म के स्टैंडर्ड के अनुरूप नहीं था। सीडब्ल्यूआई के क्रिकेट डायरेक्टर माइल्स बैसकॉम्ब ने कहा, अल्जारी का व्यवहार क्रिकेट वेस्टइंडीज की कोर वैल्यू के अनुरूप नहीं था। इस तरह के व्यवहार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

जोसेफ ने कप्तान, टीम और फैंस से माफी मांगी सीडब्ल्यूआई के स्टेटमेंट में जोसेफ के माफीनामे को भी शामिल किया गया, इसमें जोसेफ के हवाले से कहा गया, मैं मानता हूं कि मेरे जुनून मुझ पर हावी हो गया। मैंने कप्तान शाई होप और अपने साथियों और प्रबंधन से व्यक्तिगत रूप से माफी मांगी है। मैं वेस्टइंडीज के प्रशंसकों से भी अपनी ईमानदारी से माफी मांगता हूं, यह समझें कि निर्णय में थोड़ी-सी भी चूक का दूरगामी प्रभाव हो सकता है और मुझे किसी भी निराशा के लिए गहरा खेद है।

क्या है पूरा मामला? तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को वेस्टइंडीज-इंग्लैंड तीसरे वनडे के दौरान कप्तान शाई होप से बहस करते देखा गया। वे कप्तान शाई होप द्वारा सेट की गई फील्डिंग से सहमत नहीं थे, जब उन्होंने कप्तान से इसे बदलने की बात कहीं तो होप ने मना कर दिया। जिससे वे गुस्सा होकर मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद एक ओवर तक 10 फील्डर्स के साथ वेस्टइंडीज टीम खेलती रही। हालांकि, बाद में वे मैदान पर वापस आ गए।

# पाकिस्तान ने दूसरा वनडे 9 विकेट से जीता : ऑस्ट्रेलिया 163 रन पर ऑलआउट, पाक के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर; रऊफ को 5 विकेट

**नई दिल्ली।**

पाकिस्तान ने वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गई है। पाकिस्तान के नए कप्तान मोहम्मद रिजवान ने एडिलेट में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। टीम के गेंदबाजों ने इस फैसले को बिल्कुल सही साबित कर दिया।

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 163 रन पर ऑलआउट कर दिया। यह ऑस्ट्रेलिया का पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में सबसे छोटा स्कोर है। पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने 5 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दोनों टीमों के बीच तीसरा वनडे 10 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा। पाकिस्तान टीम इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगी।

सईम और अब्दुल्ला के बीच 137 रन की साझेदारी 164 रन का टारगेट पाकिस्तान की टीम ने 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम के लिए सबसे ज्यादा 82 रन सईम अयूब ने बनाए। अब्दुल्ला शफीक 64 और बाबर आजम 15 रन बनाकर नॉटआउट रहे। सईम और अब्दुल्ला के बीच पहले विकेट के लिए



137 रन की साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया के इकलौता विकेट एडम जम्पा ने लिया।

स्मिथ ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया के 3 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने 5 विकेट झटके। शाहीन शाह अफरीदी ने 3 विकेट लिए। नसीम शाह और मोहम्मद हसनैन को 1-1 विकेट मिला।

ऑस्ट्रेलिया एक बदलाव के साथ उतरी ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग-11 में जोश हेजलवुड को सॉन एबट की जगह मौका मिला। पाकिस्तान के तेज गेदबाज नसीम शाह को क्रैम्प की वजह से पहले वनडे में मैदान छोड़ना पड़ा था, वे इस मैच में फिट होकर वापसी किए।

ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 1-0 से आगे ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया था। टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। सोमवार को मेलबर्न में खेले गए पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया था। पाक टीम 46.4 ओवर में 203 रन पर सिमट गई। जवाब में कंगारू टीम ने 33.3 ओवर में 8 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

# इंग्लिश ऑलराउंडर इयान बॉथम मगरमच्छों से भरी नदी में गिरे

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मर्व ह्यूज ने जान बचाई; फिशिंग के शौकीन हैं बॉथम

**नई दिल्ली।**

इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर इयान बॉथम ऑस्ट्रेलिया में मगरमच्छों से भरी नदी में गिरने के बाद बाल-बाल बच गए। इयान बॉथम की जान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मर्व ह्यूज ने बचाई। दरअसल, इयान बॉथम और मर्व ह्यूज ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र में चार दिवसीय फिशिंग ट्रिप पर गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, नाव पर पहुंचने के लिए इयान नदी के एक हिस्से को पार कर रहे थे, तभी उनकी चप्पल रस्सी में फंस गई और वह मोयल नदी में गिर गए।

### मगरमच्छों से भरी है मोयल नदी

68 साल के इयान जब नदी में गिरे तब वे मगरमच्छों और बुल शार्क से घिरे हुए थे। लेकिन किस्मत से इयान बॉथम को उनके दोस्त मर्व ह्यूज ने मगरमच्छों और बुल शार्क के हमला करने से पहले ही पानी से बाहर खींच लिया। इयान बॉथम को केवल शरीर पर चोट लगी है। बाद में इस घटना के बारे में बताते हुए, पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, 'मैं पानी में जाने से पहले ही बाहर निकल आया। मुझे यह सोचने का समय नहीं मिला कि पानी में क्या है? यह सब बहुत जल्दी हुआ और अब मैं ठीक हूं।'

### मछली पकड़ने के शौकीन हैं बॉथम

इयान बॉथम को छोटी उम्र से ही नदियों में मछली पकड़ने का शौक है। वह अपने क्रिकेट करियर के दौरान भी ऐसा करते रहे हैं। इयान बॉथम ने 'द गार्जियन' को दिये इंटरव्यू में कहा, 'शूटिंग या गोल्फ से ज्यादा, मछली पकड़ना मेरा सबसे बड़ा जुनून है। मुझे फ्लाई-फिशिंग आकर्षित करती है।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में करेंगे कमेंट्री

इयान बॉथम और मर्व ह्यूज ऑस्ट्रेलिया के समर सीजन में एक साथ कॉमेंट्री करेंगे। इयान बॉथम और मर्व ह्यूज के 'समर दौरे' की शुरुआत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया पहले टेस्ट मैच से होगी।



# जावेद अख्तर ने सुनाया 'जंजीर' से जुड़ा किस्सा : बोले- जैसे ही बिग बी को कास्ट करने की सोचते, उनकी कोई ना कोई फिल्म पिट जाती थी

1973 में आई फिल्म जंजीर ने अमिताभ बच्चन को स्टार बना दिया था। हाल ही में जावेद अख्तर ने अमिताभ बच्चन से अपनी पहली मुलाकात और जंजीर के लिए उन्हें कास्ट करने के पीछे की वजह बताई। जावेद अख्तर ने कहा जब उन्होंने और सलीम खान ने जंजीर की स्क्रिप्ट लिखी, तो उस समय ज्यादातर बड़े सितारों ने फिल्म को करने से इनकार कर दिया था। जबकि अमिताभ बच्चन की अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो रही थीं।

आईएफपी के साथ बातचीत में जावेद अख्तर ने कहा, मुझे अच्छे से याद है, हम सीता और गीता फिल्म का आखिरी सीन शूट कर रहे थे। फिल्म खत्म होने को थी, शायद कुछ पैचवर्क चल रहा था या फिर अंदाज की शूटिंग हो रही थी। उसी समय मोहन स्टूडियो की ऊपरी मंजिल पर आनंद फिल्म की शूटिंग चल रही थी। वहां कहीं दूर जब सेट पर गए तो हम सिर्फ राजेश खन्ना को जानते थे। लेकिन वहां एक लंबा और पतला युवा लड़का भी बैठा था। किसी ने बताया कि वह हरिवंश राय बच्चन का बेटा अमिताभ है। उस दौरान मेरी अमिताभ बच्चन से पहली बार मुलाकात हुई।

जावेद अख्तर ने कहा, मैंने अमिताभ बच्चन की कुछ फिल्में देखीं, जो ज्यादा नहीं चलीं। परवाना, बॉम्बे टु गोवा, और गुड्डी में उनके कुछ सीन भी देखे। इन फिल्मों को देखकर मुझे और सलीम खान को समझ में आया कि यह शख्स बहुत टैलेंटेड है। हम दोनों ने कहा, वाह, कितना अच्छा अभिनेता है! हालांकि, अफसोस की बात ये थी कि उस समय उनकी फिल्में ज्यादा सफल नहीं हो रही थीं।

जावेद अख्तर ने कहा, जंजीर फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार थी। प्रकाश मेहरा इसे बनाने वाले थे, लेकिन फिल्म के लिए लीड हीरो नहीं मिल रहा था। कोई भी इस फिल्म को करने के लिए तैयार नहीं था, क्योंकि उस समय राजेश खन्ना का दौर था। साथ ही फिल्मों में रोमांस और संगीत होते थे। लेकिन हमारी स्क्रिप्ट में न हीरो के लिए गाने थे, न रोमांस था, और न ही मस्ती भरे सीन थे, जिस कारण कोई इस फिल्म को करने के लिए तैयार नहीं था।

उन्होंने कहा, हम प्रकाश मेहरा से बार-बार कहते थे कि अमिताभ बच्चन को कास्ट करें, लेकिन हर बार जब वे उन्हें कास्ट करने के लिए राजी होते, तभी अमिताभ की कोई फिल्म फ्लॉप हो जाती और वे निराश हो जाते थे, लेकिन अंत में जब कोई ऑप्शन नहीं मिला, तो हमें अमिताभ बच्चन को कास्ट करना पड़ा।

जावेद अख्तर ने बताया, एक दिन मैंने अमिताभ बच्चन का फोन नंबर ढूंढा और उन्हें फोन किया। मैंने उनसे कहा कि आप शायद मुझे याद न करते हों, लेकिन मेरे पास एक स्क्रिप्ट है। मैं उसे आपको सुनाना चाहता हूं। उनके पास ज्यादा काम नहीं था, तो उन्होंने कहा, आप अभी आ सकते हैं। मैं उनके पास गया और कहा कि मैं आपको स्क्रिप्ट सुनाऊंगा और साथ में निर्माता से भी मिलाऊंगा, लेकिन कृपया उनसे कोई शर्त मत रखना, बस फिल्म करना। वो इस पर राजी हो गए थे।

जावेद ने कहा, मैंने स्क्रिप्ट सुनाई, तब उन्होंने मुझसे पूछा था क्या आपको लगता है कि मैं ये कर पाऊंगा? तब मैंने कहा था आपसे बेहतर कोई नहीं कर सकता, कोई नहीं। जावेद अख्तर ने कहा, चाहे अमिताभ जंजीर करते या न करते, लेकिन वह सफल जरूर होते, क्योंकि उनके अंदर भरपूर टैलेंट था।



## शादी से पहले सारिका को स्टार समझते थे कमल हासन

### उनकी मानसिक-आर्थिक परेशानियों के बारे में नहीं थी जानकारी; मदद नहीं लेती थीं एक्ट्रेस



साउथ सिनेमा के सुपरस्टार कमल हासन ने एक इंटरव्यू में अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात की। उन्होंने अपनी एक्स-वाइफ सारिका से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया। कमल हासन ने बताया कि जब उन्हें यह पता चला कि सारिका ने अपना घर छोड़ दिया था और वह आर्थिक परेशानियों से जूझ रही थीं, तो वह चौंक गए थे।

सारिका की स्थिति सुन चौंक गए थे कमल सिमी गरेवाल के साथ बातचीत में कमल हासन ने बताया उनकी और सारिका की पहली मुलाकात 1984 में फिल्म 'राज तिलक' की शूटिंग के दौरान हुई थी। पहले दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हुई और फिर ये दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद दोनों साल 1988 में शादी के बंधन में बंध गए।

कमल हासन ने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि सारिका अपना घर छोड़कर मानसिक और आर्थिक परेशानियों का अकेले सामना कर रही थी। जब मैं उससे मिला, तब वह एक स्टार थी, लेकिन फिर भी बहुत कम लोग जानते थे कि वह कहां रहती है। जैसे-जैसे मेरी और सारिका की दोस्ती गहरी हुई, मुझे उसकी वास्तविक स्थिति का पता चला, और मैं चौंक गया। मुझे वह बहुत पसंद थी, लेकिन उसके प्रति सहानुभूति भी थी। हालांकि, सारिका को उस सहानुभूति की कोई जरूरत नहीं थी, और वह इसे बहुत अपमानजनक समझती थी। अगर हम उससे यह पूछते कि क्या उसे मदद की जरूरत है, तो वह नाराज हो जाती थी।'

2004 में हुआ था दोनों का तलाक कमल और सारिका का साल 2004 में तलाक हो गया था। दोनों की दो बेटियां श्रुति और अक्षरा हासन हैं। तलाक के बाद सारिका ने टीवी की दुनिया में कदम रखा था। बीते दिनों सारिका, अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म उंचाई में भी नजर आई थीं।

वाणी गणपति से हुई थी कमल की पहली शादी कमल हासन की पहली शादी वाणी गणपति से हुई थी। वाणी और कमल ने 1975 में फिल्म मेलनाट्टु मरुमगल में साथ काम किया था। इसी दौरान दोनों की दोस्ती हुई, जो बाद में प्यार में बदल गई। हालांकि, शादी के 9 साल बाद 1988 में दोनों का तलाक हो गया था।

# 9 साल के बाद इमरान खान फिल्मों में वापसी करेंगे!

## डायरेक्टर दानिश असलम बोले- एक्टर के साथ नए प्रोजेक्ट पर काम जारी, जल्द घोषणा करेंगे

इमरान खान अब जल्द ही फिल्मों में कमबैक कर सकते हैं। हाल ही में फिल्ममेकर दानिश असलम ने एक इंटरव्यू में बताया कि वह इमरान खान के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, अभी सब कुछ फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन जैसे ही सब कुछ तय हो जाता है, तो खुशी-खुशी इसकी घोषणा करेंगे।

इंडिया टुडे डिजिटल के साथ बातचीत में दानिश असलम ने इमरान खान के साथ एक नए प्रोजेक्ट के बारे में बात की। उन्होंने कहा, इस प्रोजेक्ट को लेकर मीडिया में कई कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, मैं ज्यादा कुछ नहीं बता सकता। लेकिन हां, मैं इतना ही कह सकता हूं कि मैं इमरान खान के साथ कुछ कर रहा हूं।'

दानिश ने अपनी पहली फिल्म ब्रेक के बाद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, इस फिल्म में इमरान खान और दीपिका पादुकोण नजर आए थे, जो 2010 में रिलीज हुई थी। फिल्म शुरुआत में बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा नहीं चली, लेकिन कुछ सालों बाद इसे काफी पसंद किया गया।

असलम ने बताया, पिछले तीन सालों में मुझे और इमरान को फैंस से कई संदेश मिले हैं, जिनमें कहा गया है कि उन्होंने अपनी जवानी में कई सारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्में देखी हैं, लेकिन अब इस तरह की फिल्में बनना बंद हो गई हैं, जिसे वे बहुत मिस करते हैं।

उन्होंने कहा, आजकल की रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों में अक्सर सामाजिक संदेश होते हैं या फिर वे एक्शन फिल्में बनती हैं। ऐसे में असल रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों के लिए कम जगह बचती है। हालांकि, दानिश असलम का मानना है कि इस तरह की फिल्मों के लिए एक अच्छा बाजार है, जहां लोग ऐसी फिल्में देखने के लिए एक्साइटेड रहते हैं।

बता दें, दानिश असलम के निर्देशन में बनी फिल्म ख्वाबों का झमेला आज, 8 नवंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में प्रतिक बाब्बर और सियानी गुप्ता जैसे स्टार्स नजर आएंगे।



# हुमा कुरैशी ने ठुकराए दो बड़ी फिल्मों के ऑफर: बोलीं- एक तो पैसे कम, दूसरा को-एक्टर का अनुभव कम था, लेकिन हमारे रोल बराबर थे

हुमा कुरैशी ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्होंने एक-दो फिल्मों के ऑफर सिर्फ इसलिए ठुकराए, क्योंकि फिल्म में दूसरे एक्टर का अनुभव कम था और उन्हें सही पैसे भी नहीं मिल रहे थे। हुमा ने यह भी कहा कि सिर्फ सोशल मीडिया पर किसी की अधिक पॉपुलैरिटी होने से यह तय नहीं किया जा सकता कि उसकी वजह से फिल्म या शो हिट होगा


इंडिया टुडे से बातचीत में हुमा कुरैशी से पूछा गया कि इंडस्ट्री में नए प्रोजेक्ट्स को न कहने को लेकर उनकी क्या सोच है। उन्होंने कहा कि उनके लिए ईमानदारी सबसे ज्यादा जरूरी है। इसके चलते हाल ही में उन्होंने एक-दो लीड फिल्में ठुकरा दीं।

हुमा कुरैशी ने कहा, मैं नाम नहीं लूंगी, लेकिन मुझे एक फिल्म का ऑफर मिला था। यह दो लड़कियों की फिल्म थी। मैंने उसे इसलिए मना कर दिया, क्योंकि दूसरी एक्ट्रेस काफी पॉपुलर थी, लेकिन उसके पास मेरे जैसे स्ट्रीमिंग का कोई अनुभव नहीं था। मैं फिल्म में काम करने के लिए तैयार थी, लेकिन जब तक फिल्म में अन्य एक्टर्स की तरह मेरे किरदार को भी समान महत्व न दिया जाए।

हुमा ने कहा, मुझे लगता है कि मैं करियर के इस स्तर पर नहीं हूं, जहां मुझे कोई समझौता करने की जरूरत पड़े। टीम ने मुझे आश्वासन दिया कि यह दो मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म है। तब मैंने कहा कि एक सीनियर एक्ट्रेस के तौर पर मुझे टॉप बिलिंग और अधिक पैसे मिलना चाहिए। लेकिन जब इस पर सहमति नहीं बन पाई, तो मैंने उस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया। हुमा ने कहा, मेरे ख्याल से सोशल मीडिया पर ज्यादा फॉलोअर्स होने से यह तय नहीं होता कि लोग आपका शो या फिल्म देखेंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो हुमा कुरैशी हाल ही में वेब सीरीज मिथ्या के दूसरे सीजन में नजर आईं। उनकी आने वाली फिल्मों में गुलाबी और बयान शामिल हैं। इसके अलावा, पिंकविला के मुताबिक, हुमा जल्द ही जॉली एलएलबी 3 में भी नजर आएंगी।



## अथिया-केएल राहुल ने फैंस को दी खुशखबरी : पोस्ट शेयर कर अनाउंस की प्रेग्नेंसी; 2023 में हुई थी शादी



अथिया शेट्टी और टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल ने अपने फैंस को सोशल मीडिया के जरिए खुशखबरी दी है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की और यह भी बताया कि उनका बच्चा कब जन्म लेगा।

अथिया-केएल राहुल ने दी फैंस को खुशखबरी अथिया शेट्टी ने 8 नवंबर शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की और अपने फैंस को ये खुशखबरी दी। अपने पोस्ट में राहुल ने लिखा- 'हमारा खूबसूरत वरदान जल्द आने वाला है, 2025'। इस अनाउंसमेंट में एक कोइंसिडेंस ये है कि राहुल की शादी भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले हुई थी। और अब उन्होंने पहले बच्चे के जन्म की खुशखबरी भी ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले सुनाई है।

4 साल डेट करने के बाद 2023 में की थी शादी अथिया शेट्टी ने 23 जनवरी, 2023 को क्रिकेटर के.एल. राहुल से शादी की थी। शादी से पहले दोनों करीब 4 सालों तक रिलेशनशिप में रहे थे। सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी ने साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म हीरो से सूरज पंचोली के साथ बॉलीवुड डेब्यू किया था। हालांकि, यह फिल्म कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी थी। इसके बाद अथिया मुबारकां, मोतीचूर चकनाचूर जैसी चंद फिल्मों में ही नजर आई हैं। शादी के बाद से अथिया ने अब तक कोई नई फिल्म साइन नहीं की है।

## बिग बॉस में नए खुलासे करेंगी एकता कपूर : होस्ट बन कंटेस्टेंट की लगाएंगी क्लास; बोलीं- सलमान सर नहीं थे, इसलिए आ रही हूं




इस बार एकता कपूर बिग बॉस-18 के एक एपिसोड को होस्ट करती हुई नजर आएंगी। दैनिक भास्कर से खास बातचीत के दौरान एकता कपूर ने शो को होस्ट करने से लेकर अपनी अपकमिंग फिल्म द साबरमती रिपोर्ट के बारे में खुलकर बात की।

बिग बॉस में क्या कुछ खास करने वाली हैं? बिग बॉस-18 के इस हफ्ते के एक एपिसोड को मैं होस्ट करूंगी। इस दौरान जहां कई खुलासे होंगे, तो दूसरी ओर मैं अपनी अपकमिंग फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का प्रमोशन भी करूंगी।

जब आपको शो को होस्ट करने के लिए अप्रोच किया गया, तो आपका क्या रिएक्शन था? वैसे तो मुझे किसी भी शो को होस्ट करने का ज्यादा एक्सपीरियंस नहीं है। साथ ही मैं एक कैमरा पर्सन भी नहीं हूं। लेकिन इस बार सिचुएशन थोड़ी अलग थी। मैंने सोचा चलो फिल्म का प्रमोशन भी हो जाएगा, और दूसरा सलमान सर भी नहीं थे, इसलिए भी मैं राजी हो गई। द साबरमती रिपोर्ट में क्या नया है? द साबरमती रिपोर्ट एक ऐसी घटना पर आधारित फिल्म है, जिसे पहले लोगों ने एक हादसा कहा था। कई फिल्मों में गोधरा कांड के बारे में बताया गया है। लेकिन साबरमती ट्रेन के जलने के बारे में बहुत कम ही बताया गया है। यह हमारे देश का एक बहुत बड़ा मोमेंट था। जैसे अमेरिका में 9/11 हुआ और सबको उसके बारे में जानकारी थी। वैसे ही इंडिया में साबरमती ट्रेन जली, लेकिन आज तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि वास्तव में वहां क्या हुआ था, इसलिए यह फिल्म हम सभी भारतीयों के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

## खून से लथपथ मिली थी एक्ट्रेस बिदूषी की लाश : एक रोज पहले पति से झगड़ा हुआ था, 12 साल बाद भी अनसुलझी है मौत की गुत्थी

22 अक्टूबर 2012 की बात है। अंधेरी (वेस्ट) की कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में रहने वाली 23 साल की साउथ एक्ट्रेस बिदुषी दास बर्दे के लिए एक आम दिन था।

कभी साउथ सुपरस्टार कमल हासन, ज्योतिका के साथ बड़ी फिल्म में नजर आईं और मिस चेन्नई 2006 रह चुकीं बिदुषी कुछ समय से फिल्मों से दूर थीं और अपना ज्यादातर समय पति के साथ घर में बिताया करती थीं।

उस रोज उनके पति केदार हमेशा की तरह सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर घर से दफ्तर के लिए रवाना हुए थे। बिदुषी ने पति को दरवाजे तक छोड़ा और फिर दरवाजा लगा लिया। दफ्तर पहुंचते ही करीब 9 बजकर 30 मिनट पर केदार ने बिदुषी को कॉल लगाया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। आमतौर ऐसा नहीं होता था, लेकिन उन्हें काम में व्यस्त मानते हुए केदार अपने दफ्तर के काम में जुट गए।

कुछ घंटे बाद उन्होंने दोबारा बिदुषी को कॉल किया, लेकिन जवाब तब भी नहीं मिला। इस बार उन्हें चिंता हुई। उन्होंने एक के बाद एक कई कॉल लगाए, लेकिन बिदुषी न उनका कॉल उठा रही थीं, न मैसेज देख रही थीं।

काम खत्म करके केदार करीब रात 8 बजे घर लौटे। वो डोरबेल बजाते रहे, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिल रहा था। दरवाजे में कान लगाया, तो अंदर से टीवी की आवाज आ रही थी। काफी देर तक इंतजार करने के बाद उन्होंने डुप्लीकेट चाबियों से दरवाजा खोला। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, मंजर दिल दहला देने वाला था। गलियारे में बिदुषी खून से लथपथ पड़ी थीं। चेहरे और गले पर पर टूटे हुए शीशे के टुकड़े से गहरे जख्म बने थे।

## सलमान को 15 दिन में चौथी धमकी : इस बार गाने को लेकर मिली, लॉरेंस का नाम जोड़ने पर कहा- राइटर अब लिख नहीं पाएगा

मुंबई।

अब एक गाने को लेकर सलमान खान को धमकी मिली है। गुरुवार (7 नवंबर) की रात मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में धमकी भरा मैसेज भेजा गया।। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मैसेज भेजने वाले ने खुद को लॉरेंस गैंग का बताया। उसने धमकी में एक गाने का जिक्र किया, जिसमें सलमान खान और लॉरेंस का नाम जोड़ा गया है। धमकी में लिखा- राइटर अब गाने लिख नहीं पाएगा। एक महीने के भीतर एक्शन लेंगे। सलमान में दम है तो उसे बचा ले। सलमान खान को बीते 15 दिन में यह चौथी बार धमकी मिली है। मुंबई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



### सलमान को अक्टूबर-नवंबर में 2-2 बार धमकी मिली

**7 नवंबर:** एक गाने में सलमान और लॉरेंस का नाम जोड़ा गया तो मुंबई पुलिस को धमकी भरा मैसेज भेजा। राइटर को धमकाया और सलमान को चैलेंज किया, दम है तो बचा लो।

**4 नवंबर:** मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम में भेजे गए मैसेज में लिखा गया था कि सलमान खान काले हिरण के शिकार मामले में बिश्नोई समाज की मंदिर जाकर माफी मांगे या 5 करोड़ रुपए दें। अगर वो ऐसा नहीं करते तो उनकी जान जा सकती है। इस मामले में कर्नाटक से धमकी भेजने वाले की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी का नाम विक्रम बताया जा रहा है।

**30 अक्टूबर:** सलमान को धमकी भरे मैसेज भेजने के मामले में 56 साल के आजम मोहम्मद मुस्तफा को गिरफ्तार किया गया था। मुंबई के ट्रैफिक कंट्रोल रूम में मैसेज किया गया था। मैसेज में कहा गया था कि अगर सलमान 2 करोड़ नहीं देते तो उन्हें मार दिया जाएगा।

**25 अक्टूबर:** हृष्टक्क नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान के ऑफिस में एक मैसेज किया गया था, जिसमें 2 करोड़ रुपए की मांग भी की गई थी। कहा गया था कि अगर सलमान और जीशान पैसे नहीं देते तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। इस मामले में मुंबई पुलिस ने नोएडा से 20 साल के मोहम्मद तैयब को गिरफ्तार किया था।

जीवन का सबसे बड़ा जादू आपके सपनों में छिपा है; उन्हें पूरा करने की हिम्मत रखो।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# ‘जिनके पास देने को सब, वो भिक्षा मांगने को उतारू’

## डोटासरा का किरोड़ी पर तंज, कहा- जनता अब भिक्षा नहीं आराम देगी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा के वोट की भिक्षा मांगने वाले बयान पर पलटवार किया है। डोटासरा ने राइजिंग राजस्थान में निजी कॉलेजों और संस्थाओं पर दबाव बनाकर फर्जी एमओयू के लिए बाध्य करने का आरोप लगाए हैं। डोटासरा ने कहा- जो सरकार में हैं, कुछ देने की हैसियत रखते हैं, जिनके पास सब कुछ देने के लिए है। वो खुद भिक्षा मांगने को उतारू हैं। मैं आपको मान गया, आपको सैल्यूट करता हूं। प्रणाम करता हूं। जो मंत्री हैं, पूरे प्रदेश में सातों सीटों पर जाना चाहिए। वह गली-गली में घूम रहे हैं तो आपको मानना पड़ेगा। डोटासरा ने कहा- भवानी रूठ गई और भवानी जाग गई, क्या बात है क्या चल रहा है। कल आपने देखा नहीं क्या पिक्चर, भिक्षा देही। अब भिक्षा दही नहीं आराम देई होगा। भाई साहब, जनता यह भिक्षा नहीं देगी, अब आराम देगी।

# जयपुर में डंपर के कुचलने से 3 युवकों की मौत:टायर के नीचे आने से बिखर गए चीथड़े; बेटे का शव देख बेहोश हुईं मां

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में डंपर और बाइक की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। टक्कर के बाद तीनों युवक डंपर के टायर के नीचे आ गए। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक का सिर फट गया और मांस के लोथड़े सड़क पर गिर गए। सड़क पर खून ही खून फैल गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। हादसा हरमाड़ा थाना इलाके में न्यू लोहा मंडी रोड माचड़ा के पास हुआ।

### तीनों युवक टायरों के नीचे आ गए

प्रत्यक्षदर्शी विनोद जैन ने बताया- डंपर बजरी को खाली कर कांटे पर जा रहा था। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार बाइक आई। डंपर और बाइक में आमने-सामने से टक्कर हो गई। तीनों युवक डंपर के टायरों के नीचे आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों की सूचना पर 108 मौके पर आई।

### डंपर ड्राइवर मौके से फरार हो गया

एसआई भरत लाल ने बताया- हादसे में दौसा के महवा के रहने वाले सुरेंद्र (21) पुत्र रवि कुमार, जयपुर के जोरावर नगर में रहने वाले दिनेश (22) पुत्र सुरेंद्र कुमार और मुरलीपुरा के रहने वाले कन्हैया (18) पुत्र रूपनारायण बैरवा की मौत हो गई है। सुरेंद्र भी फिलहाल जयपुर के जोरावर नगर में रह रहा था। तीनों युवक मजदूरी का काम करते थे। घटना के बाद डंपर ड्राइवर मौके से भाग निकला। डंपर को मौके से जब्त कर लिया है।

# रामभद्राचार्य बोले- पाकिस्तान का हड़पा हुआ कश्मीर हमें मिले

## सवा करोड़ आहुति हनुमानजी को डालेंगे; विजय के लिए जयपुर का सहयोग चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जगदगुरु रामभद्राचार्य ने कहा- पाकिस्तान की ओर से हड़पा हुआ कश्मीर हमें मिले, इसके लिए सवा करोड़ आहुति हनुमानजी को डालेंगे। जयपुर से बहुत यजमान चाहिए, पाकिस्तान से विजय चाहिए तो जयपुर का सहयोग चाहिए। चलिए हम सभी आनंद करेंगे। रामभद्राचार्य विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित 9 दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को बोल रहा थे। कथा में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने भी रामभद्राचार्य का आशीर्वाद लिया। रामभद्राचार्य ने कहा- राजस्थान सरकार 6 से 12वीं कक्षा तक वेद की शिक्षा देना चाहती है। इसकी मुझे जानकारी मिली है। मैं सरकार से कहूंगा। सरकार को लगे ऋग्वेद से लेकर हनुमान चालीसा तक मुझे सहयोग करना है। भारतीय संस्कृति के लिए जहां भी आवश्यकता हो सरकार मेरा उपयोग करे। मैं ऑनलाइन पढ़ाऊंगा। मुझे डेढ़ लाख वेद मंत्र याद हैं। राजस्थान में कमल का फूल खिला है। कमल के फूल से हरि की पूजा होती है। सत्ता पक्ष के कमल के फूल से हरि की पूजा कीजिए।

### राज्यपाल बोले- हमारी संस्कृति आज भी जीवंत

राज्यपाल ने कहा- जयपुर में 22 साल बाद रामभद्राचार्य राम कथा कर रहे हैं। 800 साल पहले हमारी भारतीय हिंदू संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास हुआ तो भी आज जीवंत है। इसको कोई खत्म नहीं कर सकता।

# कांग्रेस ने महाराष्ट्र में सावरकर को गाली दी : पीएम मोदी

## कहा : मेरा एमवीए को चैलेंज- कांग्रेस नेताओं से बाल ठाकरे की प्रशंसा करवाकर दिखाएं

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत की। नासिक में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग महाराष्ट्र में वीर सावरकर का अपमान करते हैं। पीएम ने कहा कि देश और महाराष्ट्र की राजनीति में बाला साहब ठाकरे का योगदान अतुलनीय है। लेकिन कांग्रेस नेताओं के मुंह से बाला साहब ठाकरे की प्रशंसा में एक शब्द नहीं निकलता है। उन्होंने कहा कि मैं महा-विकास अघाड़ी में कांग्रेस के दोस्तों को चुनौती देता हूं कि वे कांग्रेसी नेताओं से बाला साहब ठाकरे और उनकी विचारधारा की प्रशंसा करवाकर दिखाएं। इससे पहले उन्होंने धुले में 50 मिनट में भाषण में कहा कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। पहले वे धर्म के नाम पर लड़ाते थे। इसी के चलते देश का बंटवारा हुआ। अब वे जातियों को लड़ाने का काम कर रहे हैं। ये भारत के खिलाफ साजिश है। महाराष्ट्र की 288 सीटों में एक फेज में 20 नवंबर को चुनाव होंगे। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। भाजपा महायुति गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। बीजेपी ने 148, शिंदे गुट ने 80, अजित गुट ने 53 उम्मीदवार उतारे हैं।

### मोदी के भाषण के 6 पॉइंट...

1. **महाराष्ट्र** के लोगों ने दिल खोलकर दिया है महाराष्ट्र से मेरा अपनापन आप सब जानते हैं। महाराष्ट्र से मैंने जब भी कुछ मांगा है, यहां के लोगों ने दिल खोलकर मुझे आशीर्वाद दिया। 2014 के विधानसभा चुनाव में मैं यहां आया था। मैंने आपसे महाराष्ट्र में बीजेपी सरकार के लिए आग्रह किया था। आपने राज्य में 15 साल के सियासी कुचक्र को तोड़कर बीजेपी को जीत दिलाई। आज मैं धुले की धरती से मैं महाराष्ट्र में चुनाव अभियसान की शुरुआत कर रहा हूं।
2. **एमवीए** ने पहले सरकार, फिर जनता को लूटा हम जनता को भगवान मानते हैं, उनकी सेवा करते हैं। कुछ लोग लोगों को लूटने आए हैं। जब लोगों को लूटने की नीयत वाले आते हैं तो हर योजना बंद कर देते हैं। आपने महाविकास अघाड़ी के धोखे से बनी सरकार के ढाई साल देखे हैं। इन्होंने पहले सरकार लूटी, फिर जनता को लूटा।
3. **हमने** महिलाओं को केंद्र में रखकर फैसले लिए महायुति का वचननामा (मैनिफेस्टो) विकसित भारत का आधार बनेगा। विकसित महाराष्ट्र विकसित भारत के लिए हमारी बहन-बेटियों का जीवन आसान बनाना बहुत जरूरी है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो पूरा समाज तेजी से आगे बढ़ता है। इसलिए केंद्र सरकार ने भी महिलाओं को केंद्र में रखकर कई बड़े फैसले लिए हैं।
4. **एमवीए** महिलाओं को गाली देने पर उतरा महाराष्ट्र की हर महिला को अघाड़ी वालों से सतर्क रहना है। ये नारी शक्ति को सशक्त नहीं देख सकते। ये महिलाओं को किस तरह गाली देने पर उतर आए हैं, कैसी-कैसी अभद्र भाषा बोल रहे हैं। महाराष्ट्र पुलिस में 25000 बेटियों की भर्ती से महिलाओं में उत्साह बढ़ेगा। उन्हें सुरक्षा मिलेगी।
5. **कांग्रेस** दलितों-पिछड़ों को आगे बढ़ते नहीं देख सकती कांग्रेस की तरफ से एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाने का खेल खेला जा रहा है। कांग्रेस कभी दलितों, पिछड़ों आदिवासियों को आगे बढ़ते नहीं देख सकती। अंबेडकर ने कोशिश की, वंचितों को आरक्षण मिले लेकिन नेहरू जी अड़े रहे। बाबा साहेब मुश्किल से दलितों और आदिवासियों को आरक्षण दिला पाए। नेहरू के बाद इंदिरा जी आईं। उन्होंने भी आरक्षण के खिलाफ यही माहौल बनाए रखा। वे एससी, एसटी, ओबीसी को हमेशा कमजोर करना चाहत थीं। राजीव गांधी की सोच भी खानदान से अलग नहीं थी।
6. **कश्मीर** में कांग्रेस के मंसूबे कामयाब नहीं होने दूंगा कांग्रेस ने कश्मीर को आर्टिकल 370 के जरिए देश की मुख्यधारा से अलग किया। कांग्रेस ने कश्मीर में अंबेडकर का संविधान लागू नहीं होने दिया। देश में दो संविधान रहते थे, कश्मीर में दलितों, वंचितों को उनका हक नहीं मिलने दिया। इन्होंने अलगावदियों को संरक्षण दिया। इन्होंने जो समस्या पैदा की, हमने आर्टिकल 370 हटाकर उसे खत्म कर दिया। कश्मीर में उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने दूंगा।

2019 की तुलना में भाजपा कम सीटों पर लड़ रही 2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना में भाजपा इस बार कम सीटों पर लड़ रही हैं।

# राजस्थान में बंद नहीं होगी 23 हजार खदानें

## सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण मंजूरी की समय सीमा बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट से राजस्थान सरकार को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की अपील पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश की समय सीमा को बढ़ा दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से अब प्रदेश में ऐसी 23 हजार खदानों के बंद होने का संकट हट गया है, जिन्हें राज्य स्तर पर पर्यावरण मंजूरी नहीं मिली थी। अब वे खनन जारी रख सकेंगी। इन खदानों में करीब 15 लाख लोग काम कर रहे हैं। सरकार की अपील पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की बैंच ने कहा- जब तक सुप्रीम कोर्ट मामले की सुनवाई नहीं कर लेता है, तब तक खनन जारी रखा जा सकता है। अब सुप्रीम कोर्ट 12 नवंबर को मामले की सुनवाई करेगा। राज्य सरकार की ओर से शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और राजस्थान के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने पैरवी की। दरअसल, इस मामले में राजस्थान सरकार को तब झटका लगा जब एनजीटी ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (स्नश्वस्न्न) की ओर से समय सीमा बढ़ाने के लिए किए गए अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

### बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य भी प्रभावित हो जाते

प्रदेश सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करने वाले अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने बताया- अगर यह खदानें बंद हो जाती तो राज्य में बेरोजगारी, सामाजिक अशांति और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता। इससे प्रदेश में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य भी प्रभावित हो जाते। इन खदानों में काम करने वाले करीब 15 लाख श्रमिकों की नौकरी पर भी संकट आ जाता।

ऐसे में एमओईएफ की राज्य पर्यावरणीय प्राधिकरण द्वारा आवेदनों के पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए हमने सुप्रीम कोर्ट से एक साल का समय बढ़ाने की मांग की थी।

# केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री ने चिकित्सा उपकरण उद्योग को मजबूत करने के लिए योजना की शुरुआत की

## यह योजना एक गेमचेंजर साबित होने जा रही है और इससे न केवल उद्योग जगत को मदद मिलेगी बल्कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में भी लंबी छलांग लगेगी : जेपी नड्डा




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चिकित्सा उपकरण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को चिकित्सा उपकरण उद्योग को मजबूत करने के लिए योजना की शुरूआत की। इस अवसर पर केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल और फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सचिव अरुणीश चावला के साथ-साथ विभाग के अधिकारी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

यह एक समग्र योजना है, जो चिकित्सा उपकरण उद्योग के संवेदनशील क्षेत्रों को लक्षित करती है, जिनमें प्रमुख हिस्सों और सहायक उपकरणों का निर्माण, कौशल विकास, नैदानिक अध्ययन के लिए मदद,सामान्य बुनियादी ढांचे का विकास और उद्योग को बढ़ावा देना शामिल है। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी.नड्डा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना एक गेमचेंजर साबित होगी और इससे न केवल उद्योग जगत को मदद मिलेगी, बल्कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इससे एक लंबा फासला तय किया जा सकेगा।

# सोने-चांदी की कीमत में आई तेजी : 79,700 रुपए पहुंचे स्टैंडर्ड सोने के दाम, 1700 रुपए बढ़ी चांदी की कीमत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुरू हुई उठापटक का असर एक बार फिर सोने और चांदी की कीमत पर नजर आने लगा है। शुक्रवार को भारतीय बाजार में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में एक बार फिर तेजी आई है। इसके बाद 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़ाकर 79 हजार 700 रुपए पर पहुंच गई है। जबकि चांदी प्रति किलो की कीमत में 1700 रुपए की तेजी आई है। इसके बाद 1 किलो चांदी की कीमत बढ़ाकर 94 हजार 700 रुपए पर आ गई है। जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के राहुल सोनी ने बताया- दुनिया भर में अमेरिका में हुए चुनाव के बाद मौजूदा हालात में कीमती धातुओं की कीमत में बदलाव हो रहा है। एक दिन पहले जहां सोने और चांदी दोनों की कीमत में कमी आई थी। वहीं आज बाजार में मामूली बढ़त देखने को मिली है। ऐसे में आने वाले दिनों में एक बार फिर सोने की कीमत 80 हजार रुपए को पार कर सकती है।

जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79 हजार 700 रुपए पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 74 हजार 200 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 60 हजार 800 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 48 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत 94 हजार 700 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

# राजस्थान भाजपा नेता को सुप्रीम कोर्ट का आदेश- सरेंडर करें

## 2 सप्ताह का मिला टाइम; विधायक रहते हुए एईएन-जेईएन पर हमले का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट से पूर्व विधायक और भाजपा नेता गिर्राज सिंह मलिंगा को झटका लगा है। एईएन-जेईएन मारपीट मामले में उन्हें 2 सप्ताह में सरेंडर करना होगा। कोर्ट के आदेशानुसार सरेंडर करने के 4 सप्ताह बाद मामले में सुनवाई शुरू होगी। शुक्रवार को जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यम और अरविंद कुमार की बेंच ने उनकी जमानत पर हाईकोर्ट के आदेश पर लगी रोक को हटा लिया है।

अदालत ने मलिंगा से कहा- वह 2 सप्ताह में सरेंडर करे। उनके सरेंडर करने के 4 सप्ताह बाद अदालत मामले की सुनवाई करेगी। दरअसल, राजस्थान हाईकोर्ट के 5 जुलाई के जमानत को रद्द करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने ही 22 जुलाई को रोक लगाई थी।



**क्या है पूरा मामला ?**-धौलपुर के बाड़ी डिस्कॉम ऑफिस में 28 मार्च 2022 को एईएन हर्षदापति और जेईएन नितिन गुलाटी के साथ मारपीट की घटना हुई थी। प्रकरण में एईएन हर्षदापति ने मलिंगा (तत्कालीन कांग्रेस विधायक) और अन्य के खिलाफ 29 मार्च को नामजद मारपीट, राजकार्य में बाधा और एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज कराया था। केस में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। घटना के बाद तत्कालीन धौलपुर एसपी शिवराज मीणा का भी तबादला कर दिया गया था। बिजली विभाग के इंजीनियर्स के साथ मारपीट होने के बाद निगम के कर्मचारियों में आक्रोश भड़क गया था। उसके बाद गिर्राज मलिंगा ने 11 मई को जयपुर के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव के सामने सरेंडर किया था। 12 मई की दोपहर को उन्हें एससी-एसटी कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने मलिंगा को 15 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया था।

**हाईकोर्ट ने कहा था- जमानत का मिसयूज किया**-धौलपुर के बाड़ी डिस्कॉम ऑफिस में एईएन और जेईएन को पीटने के मामले में आरोपी गिर्राज सिंह मलिंगा को 17 मई 2022 को हाईकोर्ट ने ही जमानत दी थी। 5 जुलाई को एईएन हर्षदापति की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने माना कि मलिंगा ने जमानत का मिस यूज किया। इसके चलते कोर्ट ने उनकी जमानत को निरस्त कर दिया था। हर्षदापति की ओर से कहा गया था कि मलिंगा ने कोर्ट से कोरोना का बहाना बनाकर जमानत का लाभ लिया था। जमानत मिलते ही उन्होंने जुलूस निकाला था। मामले में पीड़ित और गवाहों को धमकाया था।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com